www.epaper.azadsipahi.in

07 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 347

एशियाई खेलों में भारत के 100 पदक पक्के, हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीता; ब्रिज में रजत









KUNWAR SINGH PHARMACY COLLEGE OF EDUCATION
PHARMACY COUNCIL OF INDIA
(PCI CODE-5806)
JHARKHAND STATE PHARMACY COUNCIL
D. Pharma
Total fee of Two Years- 147000/-
(No Any Extra Fee)
ADDMISSION OPEN
AT- NAWADIH, POST- ORKHAR, DHANWAR, GIRIDIH, JH-825412
6201100402
9155140177

## गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ की बैठक

# दो साल में नक्सलवाद खत्म होगा : शाह



- बैठक में अधिकारियों ने बताया-नक्सल प्रभावित राज्यों में हिंसा में 77 फीसदी तक कमी आयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि 2022 में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सबसे कम हिंसक घटनाएं हुईं। इसके चलते होनेवाली मौतों का आंकड़ा भी पिछले चार दशक में सबसे कम रहा। अगले दो साल में नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद मानवता के लिए कलंक है। हम इसके हर रूप को जड़ से खत्म कर देंगे। गृह मंत्री शुक्रवार को नक्सल प्रभावित राज्यों के साथ हुई बैठक में बोल रहे थे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि 2022 में नक्सली हिंसा में 77% तक की कमी देखी गयी। 2010 में यह काफी ज्यादा थी।

अधिकारियों ने बताया कि पिछले पांच सालों में नक्सलवादी इलाकों में सुरक्षा में खासा सुधार हुआ है। केंद्र सरकार ने 2015 में नक्सली हिंसा मामले में राष्ट्रीय स्तर की नीति और एक्शन प्लान बनाया था। 2010 से तुलना करें तो 2022 में नक्सली हिंसा के चलते सिक्योरिटी फोर्सेस और आम लोगों की होनेवाली मौतों में 90 फीसदी तक कमी आयी। गृह मंत्रालय के डेटा के मुताबिक 2004 से 2014 तक 17 हजार 679 नक्सली घटनाएं हुईं और 6984 मौतें हुईं। वहीं, 2014 से 15 जून 2023 तक नक्सली हिंसा की 7649 घटनाएं हुईं और 2020 लोगों की जान गयी।

### ये राज्य बैठक में हुए शामिल

समीक्षा बैठक में महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, और झारखंड के मुख्यमंत्री मौजूद रहे। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फड़णवीस भी मीटिंग में पहुंचे। वहीं, ओड़िशा, बिहार, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के मंत्री बैठक में शामिल हुए।

## केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति जारी रखने की आवश्यकता : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा नक्सल विरोधी अभियान में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के बीच बेहतर समन्वय हमेशा बना रहेगा
- खनन कंपनियों पर बकाया की भी रखी बात, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को हक दिलाने का मामला भी उठाया

**रांची/नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नयी दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित वामपंथ उग्रवाद की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में राज्य और केंद्र सरकार के बीच बेहतर समन्वय हमेशा बना रहेगा। पूरी उम्मीद है कि हम मिल कर उग्रवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई जीतेंगे। केंद्र तथा राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से अभी तक अच्छी सफलता पायी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यद्यपि यह सही है कि झारखंड राज्य में उग्रवाद की समस्या में काफी कमी आयी है, परंतु इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए राज्य में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति जारी रखने की आवश्यकता है। साथ ही अनुरोध होगा कि राज्य में प्रतिनियुक्त सीआरपीएफ आइजी का कार्यकाल कम से कम तीन वर्ष रखा जाये, ताकि नक्सल निरोधी अभियान में निरंतरता बनी रहे ।

**उग्रवाद समाप्त करने की दिशा में सरकार कर रही काम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उग्रवाद को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार एक बहुआयामी कार्य योजना के तहत कार्य कर रही है। वामपंथी उग्रवादी संगठनों के खिलाफ अभियान चलाये जा रहे हैं। इस अभियान में केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ झारखंड जगुआर और एसएटी जैसे विशेष दल का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। शीर्ष वामपंथी नक्सली नेताओं को चिह्नित कर उनके विरुद्ध संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड में बूढ़ा पहाड़ जैसे दुर्गम स्थान को नक्सलियों ने अपना आश्रय स्थल बना रखा था। केंद्र सरकार के सहयोग से इस क्षेत्र को नक्सलियों से मुक्त कर लिया गया है। 12 अक्टूबर 2022 को जिला प्रशासन के द्वारा यहां आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, 27 जनवरी 2023 को मैंने स्वयं बूढ़ा पहाड़ जाकर वहां के लोगों से बातचीत की। इस दौरान गहन सर्वेक्षण करा कर इस क्षेत्र की छह पंचायतों के विकास के लिए कार्य योजना तैयार की गयी है। इस योजना को लागू करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

(शेष पेज 05 पर)



### हेलीकॉप्टर का खर्च एसआरइ मद से हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान में समय-समय पर हेलीकॉप्टर का भी प्रयोग किया जाता है, जिसके खर्च का वहन एसआरइ मद से किया जाता था। गृह मंत्रालय द्वारा 2018-2022 तक की अवधि के खर्च की प्रतिपूर्ति में आपत्ति दर्ज की गयी है। अनुरोध होगा कि इस राशि का भुगतान एसआरइ मद से किया जाय। । गृह मंत्रालय, भारत सरकार की अधिकार प्राप्त समिति से पूर्व अनुमोदन की अनिवार्यता को समाप्त किया जाय।

## एम एस स्वामीनाथन : देश ने दूरदर्शी व्यक्ति को खोया



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन अब हमारे बीच नहीं हैं। हमारे देश ने एक ऐसे दूरदर्शी व्यक्ति को खोया है, जिन्होंने भारत के कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन किये। हमने एक ऐसे महान व्यक्ति को खोया है, जिनका भारत के लिए योगदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन भारत से प्रेम करते थे और चाहते थे कि हमारा देश और विशेषकर हमारे किसान समृद्धि के साथ जीवन यापन करें। वे अकादमिक रूप से प्रतिभाशाली थे और किसी भी करियर का विकल्प चुन सकते थे, लेकिन 1943 के बंगाल के अकाल से वे इतने द्रवित हुए कि उन्होंने तय कर लिया कि अगर कोई एक चीज, जिसे वे करना चाहेंगे, तो वो है- कृषि क्षेत्र का कायाकल्प।

बहुत छोटी उम्र में, वे डॉ. नॉर्मन बोरलॉग के संपर्क में आये और उनके काम को गहराई से समझा। 1950 के दशक में, अमेरिका ने उन्हें एक फैकल्टी के तौर पर जुड़ने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया, क्योंकि वे भारत में रह कर देश के लिए काम करना चाहते थे। आज हम सभी को दशकों पहले की उन चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बारे में विचार करना चाहिए, जिनका प्रो. स्वामीनाथन ने डट कर सामना किया और हमारे देश को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के मार्ग पर आगे ले गये। आजादी के बाद पहले दो दशकों में, हम कई चुनौतियों का सामना कर रहे थे और उनमें से एक थी- खाद्यान्न की कमी। 1960 के दशक की शुरूआत में, भारत अकाल से जूझ रहा था। इसी दौरान, प्रोफेसर स्वामीनाथन की दृढ़ प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता ने कृषि सेक्टर के एक नये युग की शुरूआत की।

कृषि और गेहूं प्रजनन जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उनके अग्रणी कार्यों से गेहूं उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ऐसे प्रयासों का ही परिणाम था कि भारत खाद्यान्न की कमी वाले देश से खाद्यान्न में आत्मनिर्भर वाले राष्ट्र के रूप में परिवर्तित हो गया। इस शानदार उपलब्धि की वजह से उन्हें 'भारतीय हरित क्रांति के जनक' की उपाधि मिली, जो बिल्कुल सही भी है।

हरित क्रांति में भारत की 'केन डू' की भावना झलकती है, यानी कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। अगर हमारे सामने करोड़ों चुनौतियां हैं, तो उन चुनौतियों पर विजय प्राप्त करने के लिए इनोवेशन की लौ जलाने वाले करोड़ों प्रतिभाशाली लोग भी हैं। हरित क्रांति शुरू होने के पांच दशक बाद, भारतीय कृषि पहले से अधिक आधुनिक और प्रगतिशील हो गयी है। लेकिन, प्रोफेसर स्वामीनाथन द्वारा रखी गयी नींव को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रोफेसर स्वामीनाथन ने आलू की फसलों को प्रभावित करने वाले कीटों से निपटने की दिशा में भी प्रभावी अनुसंधान किया था। उनके शोध ने आलू की फसलों को ठंड के मौसम का सामना करने में भी सक्षम बनाया। आज, दुनिया सुपर फूड के रूप में मिलेट्स या श्रीअन्न के बारे में बात कर रही है, लेकिन प्रोफेसर स्वामीनाथन ने 1990 के दशक से ही मिलेट्स के बारे में चर्चा को प्रोत्साहित किया था।

प्रो. स्वामीनाथन के साथ मेरी व्यक्तिगत बातचीत का दायरा बहुत व्यापक था। इसकी शुरूआत 2001 में मेरे गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद हुई। उन दिनों, गुजरात आज की तरह अपने कृषि सामर्थ्य के लिए नहीं जाना जाता था।

(शेष पेज 05 पर)

## सहायक शिक्षक परीक्षा के लिए संशोधित तिथियां जारी

जेएसएससी से 26 हजार शिक्षकों की होनी है नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट से सहायक शिक्षक (आचार्य) नियुक्ति प्रक्रिया पर लगी रोक हटाये जाने के बाद अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने की नयी तिथियां जारी कर दी गयी हैं। झारखंड स्टॉफ सेलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) ने इसकी सूचना जारी कर दी है। अभ्यर्थी 7 से 22 अक्टूबर तक अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। वहीं परीक्षा शुल्क का भुगतान 24 अक्टूबर और फोटो व हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए 26 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। 28 से 30 अक्टूबर तक आवेदन पत्र संशोधन के लिए समय रहेगा। वहीं, जेएसएससी ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि हाइकोर्ट के अंतिम आदेश से सभी नियुक्तियां प्रभावित होंगी।

### नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ

बता दें कि गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक शिक्षकों (आचार्य) की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया पर लगी रोक हटा दी है। हाइकोर्ट ने सहायक शिक्षक नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिये जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है, जिसके बाद अब नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो चुका है।

## सिक्किम में 7000 लोग फंसे, अब तक 21 की मौत

**गंगटोक (आजाद सिपाही)।** सिक्किम में 3 अक्टूबर को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में बाढ़ आ गयी थी। इस आपदा में जान गंवाने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 21 हो गयी। रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है ।मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने बताया कि बुरदांग इलाके से लापता हुए सेना के 23 जवानों में से 7 के शव नदी के निचले इलाकों से बरामद कर लिये गये हैं। अभी भी 15 जवान समेत कुल 118 लोग लापता हैं। इन्हें ढूंढने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और वायुसेना के हेलिकॉप्टर लगाये गये हैं।

## न्यूज रील्स

### पांच राज्यों में 15 नवंबर से 7 दिसंबर तक चुनाव संभव

नयी दिल्ली। देश के 5 राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में 15 नवंबर से 7 दिसंबर तक मतदान हो सकते हैं। तारीखों का ऐलान 8 अक्टूबर के बाद कभी भी हो सकता है।

### 2000 के नोट बदलने का आज आखिरी दिन

नयी दिल्ली। 2000 रुपये के नोट को बैंक में जमा करने या इसे दूसरे नोट से बदलने का 7 अक्टूबर आखिरी दिन है। इससे पहले शुक्रवार को आरबीआइ गवर्नर शक्तिकांत दास ने बताया कि 96% से ज्यादा 2000 रुपये के नोट बैंक में वापस आ गये हैं, जिनकी वैल्यू 3.43 लाख करोड़ रुपये है। अभी लगभग 12 हजार करोड़ रुपये के 2000 के नोट चलन में हैं, जिनका आना अभी बाकी है।

### सपा नवरात्र में वीआइपी सीटों के टिकटों का एलान करेगी

लखनऊ। 2024 के लोकसभा चुनाव में अभी सात महीने का समय बाकी है। मगर, सपा चुनावी मोड में आ चुकी है। यही नहीं, सपा हिंदुत्व के एजेंडे पर भाजपा को पछाड़ने की हर कोशिश में लगी है। इसी एजेंडे के तहत सपा ने यूपी की वीआइपी सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान करने वाली है। इसके लिए सपा ने नवरात्र का टाइम स्लॉट चुना है।

## इडी समन: हेमंत की याचिका पर हाइकोर्ट में 11 अक्टूबर को सुनवाई

### कोर्ट ने शुक्रवार को त्रुटियां सुधारने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी के समन के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दाखिल याचिका पर जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अब इस पर अगली सुनवाई 11 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दाखिल की गयी याचिका में त्रुटि को सुधारने का निर्देश दिया। वहीं, सीएम हेमंत सोरेन की ओर से कहा गया है कि अब इस मामले में उनके दिल्ली के अधिवक्ता पक्ष रखेंगे। गौरतलब है कि रांची भूमि घोटाला में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी सीएम सोरेन को बार-बार समन भेज कर पूछताछ के लिए बुला रही है, लेकिन वह इसे गैर कानूनी बताते हुए हाजिर नहीं हो रहे हैं।

### केंद्र के इशारे पर काम कर रही इडी : सीएम

बीते बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें पांचवां समन भेजा था, लेकिन वह इस बार भी उपस्थित नहीं हुए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड हाइकोर्ट से इस पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने कोर्ट में बताया है कि उन्हें केंद्र के इशारे पर इडी परेशान कर रही है। पूर्व में उन्होंने इडी को जांच में सहयोग किया था और इडी कार्यालय गये भी थे। उन्होंने इडी को अपने आय-व्यय का पूरा ब्योरा भी सौंपा था। इसके बावजूद इडी उन्हें दूसरे-दूसरे मामलों में समन कर परेशान कर रही है।

### सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटा चुके हैं मुख्यमंत्री

सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटा चुके हैं सीएम मुख्यमंत्री इससे पहले सुप्रीम कोर्ट गये थे। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि वह हाइकोर्ट जायें और अपनी बात रखें। एक दिन पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने वकील के माध्यम से पांचवें समन के विरुद्ध अपना जवाब इडी कार्यालय को भिजवाया था। उन्होंने इडी से कहा था कि जब तक कोर्ट से कोई आदेश नहीं आ जाता, तब तक इडी किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं करे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 53,800 रु./10 ग्राम
चांदी 71,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# देश में छाने लगे चुनावी बादल, शुरू हो गया 'पोस्टर वॉर'

## ■ भाजपा ने 'दशानन रावण' के पोस्टर के जरिये राहुल पर किया प्रहार
## ■ कांग्रेस ने मोदी-शाह के खिलाफ लगाया 'जुमला बॉय' का पोस्टर
## ■ आप के खिलाफ 'दो कैदी' वाले पोस्टर के जरिये भाजपा का तंज

**देश में इसी साल होनेवाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल अब हर दिन गरम हो रहा है। दूसरे शब्दों में कहें, तो देश में चुनावी बादल छाने लगे हैं, क्योंकि पार्टियां तरह-तरह के तरीके अपना कर विरोधी नेताओं पर हमला बोल रही हैं। इन चुनावों को लेकर अब राजनीतिक दलों के बीच 'पोस्टर वॉर' भी शुरू हो गया है। एक तरफ कांग्रेस ने एक पोस्टर जारी किया, जिसमें पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को 'जुमला बॉय' बताया, वहीं भाजपा ने कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी को पोस्टर जारी कर उन्हें 'दशानन रावण' बता दिया। इधर भाजपा ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल कर उसके दो नेताओं की शराब घोटाले की गिरफ्तारी पर तंज कसते हुए 'दो कैदी' वाला पोस्टर भी जारी किया है। इतना ही नहीं, भाजपा ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के घोटालों की जानकारी के लिए एक क्यूआर कोड लांच किया है, जिसका नाम 'भू-ऐप' रखा गया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर भूपेश बघेल सरकार के तमाम घोटालों की जानकारी मिल सकेगी। कांग्रेस ने कुछ महीने पहले कर्नाटक चुनाव के दौरान वहां की भाजपा सरकार के खिलाफ ऐसा ही एक क्यूआर कोड जारी किया था। पोस्टरों और चुनाव प्रचार के इन अभिनव तरीकों से एक बात तो जरूर साबित होती है और वह यह कि राजनीति में भी रचनात्मक लोगों की कोई कमी नहीं है। राजनीतिक दल ऐसी रचनात्मकता का भरपूर इस्तेमाल भी करते हैं। राजनीतिक दलों के बीच शुरू हुए पोस्टर वॉर के संभावित असर का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों और उसके बाद लोकसभा चुनाव की आहट के साथ ही कांग्रेस-आप और भारतीय जनता पार्टी में 'पोस्टर वॉर' तेज हो गया है। यह सियासी लड़ाई सोशल मीडिया पर शुरू हुई और फिर बयानबाजी पर आ गयी है। कांग्रेस ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, 'सबसे बड़ा झूठा' और 'जुमला बॉय'। इसके एक दिन बाद भाजपा ने राहुल गांधी को 'रावण' बताते हुए उनका पोस्टर जारी किया।

### भाजपा के पोस्टर में क्या


भाजपा ने अपने पोस्टर में राहुल गांधी को नये जमाने का रावण बताया है। पोस्टर पर बड़े अक्षर में 'रावण' और 'कांग्रेस पार्टी प्रोडक्शन, जॉर्ज सोरोस द्वारा निर्देशित' लिखा है। पोस्टर में राहुल गांधी के सात सिर दिखाये गये हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'नये जमाने का रावण। वो दुष्ट। धर्म विरोधी। राम विरोधी है। उनका लक्ष्य भारत को बर्बाद करना है।' राहुल गांधी को रावण बताये जाने पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जतायी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भाजपा द्वारा राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखानेवाले घटिया ग्राफिक के पीछे वास्तविक मंशा क्या है? इसका स्पष्ट रूप से एक ही मकसद है, एक कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाना और भड़काना, जिनके पिता और दादी की हत्या उन ताकतों ने की थी, जो भारत को तोड़ना चाहते हैं। इसका मकसद कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ हिंसा भड़काना और उकसाना है।

### कांग्रेस के पोस्टर में क्या था

कांग्रेस ने 4 अक्टूबर को एक्स पर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पोस्टर जारी किया था। इसमें दोनों को 'जुमला बॉय' बताया गया है।

### आगामी चुनाव में कांग्रेस बनायेगी मुद्दा

भाजपा के पोस्टर को लेकर प्रियंका गांधी ने भी कड़ी आपत्ति जतायी है। उनकी प्रतिक्रिया को इस बात का संकेत माना जा रहा है कि आगामी चुनावों में कांग्रेस इसे मुद्दा बनायेगी। ठीक उसी तरह, जिस तरह गुजरात के चुनाव में भाजपा ने किया था। दरअसल पिछले साल, यानी 2022 में गुजरात विधानसभा के चुनाव हुए थे। वहां पहले चरण के चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें झूठों का सरदार बताया था। खड़गे ने कहा था कि पार्षद चुनाव में भी तुम्हारी सूरत, विधानसभा चुनाव में भी तुम्हारी सूरत, लोकसभा चुनाव में भी तुम्हारी सूरत देखें। हर जगह आपका ही चेहरा देखें। कितने चेहरे हैं आपके। क्या रावण की तरह आपके भी दस मुख हैं क्या'। कांग्रेस अध्यक्ष के इस बयान को भाजपा ने चुनाव में मुद्दा बना लिया। चुनाव नतीजे आये, तो कांग्रेस को 2017 चुनाव की तुलना में बड़ा नुकसान उठाना पड़ा और पार्टी 27.7 फीसदी वोट शेयर के साथ महज 17 सीटों पर सिमट गयी। भाजपा को 53.3 फीसदी वोट शेयर के साथ 156 सीटों पर जीत मिली। कांग्रेस को 2017 में 42.2 फीसदी वोट शेयर के साथ 77 सीटें मिली थीं। कांग्रेस की करारी शिकस्त के लिए खड़गे के बयान को भी प्रमुख वजह बताया गया।







### छत्तीसगढ़ में भाजपा का कांग्रेस पर साइबर हमला

छत्तीसगढ़ चुनाव में भाजपा ने भूपेश बघेल सरकार को घेरने के लिए क्यूआर कोड जारी करने के साथ ही 'भू-पे' नाम से एक ऐप लांच किया है। भाजपा की ओर से जारी किये गये क्यूआर कोड को स्कैन करने पर भ्रष्टाचार के मामलों की सूची नजर आयेगी, जिसके आरोप भाजपा बघेल सरकार पर लगा रही है। भू-पे ऐप में भी यही जानकारियां हैं, जिसे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने लांच किया। कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव में क्यूआर कोड का दांव चला था, जो सफल भी रहा था।

### आप के खिलाफ भाजपा का पोस्टर

भाजपा ने कांग्रेस के अलावा दिल्ली में आम आदमी पार्टी पर भी खूब तंज कसा है। भाजपा ने दिल्ली शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी को 'सत्य की जीत' बताया है। पार्टी ने सिंह को शराब घोटाले के सरगनाओं में एक बताया था। इसके बाद पार्टी ने ट्विटर पर एक पोस्टर जारी कर आप पर हमला बोला है। इस पोस्टर का टाइटल है 'दो कैदी'। पोस्टर में आप नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की तस्वीर है। पोस्टर पर लिखा है, शराब घोटाला पेश करते हैं 'दो कैदी'। पोस्टर के नीचे लिखा है, 'तिहाड़ के थियेटर में'।

### भाजपा ने ऐसा पोस्टर क्यों जारी किया

ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि गुजरात चुनाव में जिस 'रावण' के मुद्दे पर कांग्रेस हिट विकेट हो गयी थी, अब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा राहुल गांधी पर वही शॉट क्यों खेल रही है। कहा जाता है कि भाजपा जैसी पार्टी सियासी नफा-नुकसान का आकलन किये बगैर कोई दांव नहीं चलती। फिर इस दांव में पार्टी को क्या लाभ। कहा जा रहा है कि भाजपा ने अगर राहुल गांधी की तुलना रावण से करने का दांव चला है, तो इसके भी अपने सियासी निहितार्थ हैं। भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरती रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार की तुलना राक्षस से की थी। अब भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना रावण से कर दी है। ऐसे में भाजपा का यह दांव पांच राज्यों के चुनाव में किसे जीत की मंजिल तक पहुंचायेगा और किसे हार की दहलीज तक, इसे लेकर भी चर्चा शुरू हो गयी है। इसका कितना असर होता है और कांग्रेस कितना कैश करा पाती है, यह तो समय बतायेगा, लेकिन भाजपा ने कांग्रेस के एक और चुनावी दांव का कांग्रेस की सरकार वाले राज्य में ही इस्तेमाल कर दिया है।

इस तरह भाजपा ने पांच राज्यों के चुनाव से पहले कांग्रेस के दो दांव चल दिये हैं। एक वह, जो कांग्रेस के लिए गुजरात में आत्मघाती साबित हुआ था और दूसरा वह, जिससे देश की सबसे पुरानी पार्टी ने भाजपा का दक्षिण का दुर्ग भेद दिया था। भाजपा के लिए ये दांव फायदे का सौदा साबित होते हैं या घाटे का, यह देखने वाली बात होगी, लेकिन इतना तय है कि चुनावी माहौल में रचनात्मकता के बेहद शानदार उदाहरण सामने आनेवाले हैं।

---

## राजनीतिक हलचल

# विधानसभा चुनाव से पहले मुफ्त रेवड़ियां बांटने पर दो राज्यों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नयी दिल्ली।** विधानसभा चुनाव से पहले मुफ्त रेवड़ियां बांटने के वादों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, मध्यप्रदेश और राजस्थान को नोटिस जारी किया है। याचिका पर सुनवाई करने के बाद कोर्ट ने चार हफ्ते में जवाब मांगा है। दरअसल, विधानसभा चुनावों से पहले राज्यों में मुफ्त चीजें बांटने का आरोप लगा कर एक जनहित याचिका दायर की गयी थी। यह याचिका भट्टूलाल जैन ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि इस तरह का चुनावी लाभ वाली मुफ्त योजनाओं से लोगों पर भी बोझ बढ़ता है। याचिका के जरिये विधानसभा चुनाव से पहले मुफ्त चीजें बांटने के वादों पर रोक लगाने की मांग की गयी है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और



न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए सख्त रुख अपनाया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने केंद्र सरकार, चुनाव आयोग, मध्यप्रदेश, राजस्थान और भारतीय रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी किया। सभी को जवाब देने के लिए चार हफ्ते का समय दिया गया है। याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील ने सुनवाई के दौरान कहा, चुनाव से पहले सरकार द्वारा नकदी बांटने से ज्यादा क्रूर कुछ नहीं हो सकता। ये हर बार हो रहा है और इसका बोझ आखिर में करदाताओं पर ही पड़ता है। याचिका पर सुनवाई के बाद बेंच ने आदेश दिया कि भट्टूलाल जैन की याचिका को इस मुद्दे पर लंबित अन्य याचिका के साथ टैग किया जाये।

# जातीय जनगणना पर लोगों के निजी आंकड़े सार्वजनिक नहीं हों, सुप्रीम कोर्ट का बिहार सरकार को नोटिस

बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने जातीय गणना को लेकर रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी है। इसमें सूबे की जातीय स्थिति की जानकारी मुहैया करायी गयी है।

इसी बीच जातीय जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई, जिसमें सर्वोच्च अदालत ने नीतीश सरकार को नोटिस जारी किया है।

कोर्ट ने कहा कि सरकार को नीति बनाने से रोक नहीं सकते। हालांकि, कास्ट सर्वे के दौरान लिये गये लोगों के निजी आंकड़े सरकार सार्वजनिक नहीं करे। अब इस मामले पर जनवरी में सुनवाई होगी।



# यूपी में किसे वोट करेगा मुसलमान, कैसे भाजपा पसमांदा मुसलामानों के जरिये विपक्षियों के वोट बैंक में सेंध लगाने की ताक में

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राजनीतिक पार्टियों की तैयारी जोरों पर है। लोकसभा चुनाव को लेकर सपा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फ्रंट यानी पीडीए के जरिये चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में है। तमाम पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को साथ जोड़ कर पार्टी सत्ताधारी भाजपा को बैकफुट पर भेजने की कोशिश में है। अभी तक सपा एमवाइ यानि मुस्लिम और यादव समीकरण को साध कर राजनीति करती रही है। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद अखिलेश यादव ने अपनी रणनीति को बदल दिया है। वहीं, बहुजन समाज पार्टी ने सपा के मुस्लिम वोट बैंक पर एकाधिकार को खत्म करने की कोशिश शुरू कर दी है। कांग्रेस की भी नजर मुस्लिम वोट बैंक पर है। कांग्रेस ने यूपी में अपने चुनावी अभियान के तहत मुस्लिम वोटों को रिझाने की कोशिश तेज कर दी है। इन सबके बीच भाजपा पसमांदा मुस्लिम समाज को जोड़ने की कोशिश कर रही है। पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मिशन 80 का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने में मुस्लिम समाज का समर्थन जरूरी हो जाता है। पसमांदा पॉलिटिक्स के जरिये भाजपा की कोशिश समाज के एक बड़े वर्ग पर अपनी पकड़ बनाने की है। पसमांदा समाज यानी मुसलमानों में पिछड़ा समाज अभी तक राजनीतिक तौर पर हाशिये पर रहा है। सरकारी योजनाओं से लेकर राजनीतिक तौर पर इस वर्ग को अधिक तबज्जो नहीं दी जाती रही है। मुस्लिम वर्ग में वोटों के ठेकेदारों के जरिए इस वर्ग को अपनी तरफ मोड़ने के लिए भावनाओं का सहारा लिया जाता रहा है। मंडल कमीशन आंदोलन के बाद देश में पिछड़े वर्ग के बीच राजनीतिक महत्वाकांक्षा का उभार तो हुआ, लेकिन मुस्लिम समाज का पिछड़ा वर्ग हमेशा अगड़ों के पीछे चलने वाला समूह ही बना रहा। ऐसे में भाजपा ने इस वर्ग की राजनीतिक महत्वाकांक्षा को जगाने की कोशिश शुरू कर दी है। मुसलमानों के पिछड़े वर्ग के बीच सरकारी योजनाओं के लाभ और अन्य लाभकारी योजनाओं से इसे जोड़ कर पसमांदा समाज को कागजों की जगह जमीन पर काम होता दिखाने की कोशिश लगातार जारी है। पार्टी को उम्मीद है कि इस प्रकार के प्रयासों का असर दिखेगा। पसमांदा मुसलमानों में जुलाहे, धुनिया, घासी, कसाई, तेली और धोबी आदि को देश में मुस्लिम समाज के भीतर निचली जातियों में गिना जाता है। भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी के फोकस में यह वर्ग लंबे समय से रहा है। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में मुस्लिम वोट बैंक निर्णायक भूमिका में है। अगर इन सीटों पर भाजपा को जीत हासिल करनी है तो मुस्लिम वोट बैंक को साधना जरूरी होगा। ऐसे में पसमांदा मुसलमानों की चर्चा भाजपा विपक्षी राजनीतिक दलों के मुस्लिम वोट बैंक पॉलिटिक्स के खिलाफ एक नयी रणनीति तैयार कर रही है। यह निश्चित तौर पर विपक्षी दलों की टेंशन को बढ़ाने वाला साबित हो सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.4 °c | 22.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.33 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.42 बजे | |



### मोरहाबादी मैदान में घंटा-घड़ियाल बजा कर पेसा अधिकार यात्रा निकाली गयी

# आदिवासी हित और ग्रामसभा के प्रति हमेशा से समर्पित रही है कांग्रेस : अविनाश पांडे

- सभी बाधाओं को दूर कर पेसा कानून को अविलंब लागू करे केंद्र सरकार
- धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की समाधि पर यात्रा का समापन, लिया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के महासचिव एवं झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा है कि कांग्रेस की भावना हमेशा से आदिवासी एवं आदिवासी हितों के साथ उनके मौलिक अधिकारों के प्रति रही है। श्री पांडे ने कहा कि आज की सबसे बड़ी जरूरत यही है कि जनजातीय परंपरा एवं संस्कृति का संरक्षण, सम्मान करते हुए उसके संवर्धन के लिए भी न केवल सरकारी स्तर पर बल्कि लोगों के द्वारा भी प्रत्येक संभव प्रयास किया जाये। आज राजधानी में पेसा अधिकार यात्रा की शुरुआत के अवसर पर मोरहाबादी मैदान में घंटा घड़ियाल बजा कर यात्रियों को रवाना करने से पहले आयोजित सभा में श्री पांडे ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से न केवल जनजातीय समुदाय बल्कि अनुसूचित जाति, दलितों, अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी), अल्पसंख्यकों के साथ ही देश के सभी लोगों का सम्मान करती है और उनकी आकांक्षाओं एवं भावनाओं के तहत ही विकास को गति देना चाहती है जिसकी जरूरत देश में है।

### पेसा कानून कांग्रेस पार्टी की देन है : बंधु तिर्की

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि पेसा कानून 1996 में उस समय लाया गया था, जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और आज यह महज संजोग नहीं, बल्कि कांग्रेस के समर्पण का ही परिणाम है कि झारखंड में पेसा कानून की नियमावली को तब मंजूरी दी गयी, जब कांग्रेस की महत्वपूर्ण सहभागिता में हेमंत सोरेन की सरकार काम कर रही है। श्री तिर्की ने कहा कि कांग्रेस हर हाल में आदिवासियों, जनजातीय समुदाय और उनकी परंपरा, सभ्यता संस्कृति और सही अर्थों में प्रत्येक क्षेत्र, समुदाय और जाति के लिए आवश्यक समन्वित विकास के लिए समर्पित रही है।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि विकास एवं वित्तीय मोर्चे पर बुरी तरीके से असफल रही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार अब पूरी तरीके से नकारात्मक भावना से ग्रसित होकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की विचारधारा तेजी से आम लोगों के पास पहुंच रही है और इसका परिणाम आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में नजर आयेगा। केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश के विकास के प्रति समर्पित रही है। उसी का परिणाम है कि देश तेजी से आगे बढ़ा लेकिन श्री सहाय ने अफसोस जताया कि वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार की कार्य प्रणाली का खामियांजा पूरे देश को भुगतना पड़ रहा है।

कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि हम झारखंड वासियों विशेष कर आदिवासियों को पेसा कानून में निहित अपने अधिकारों के मामले में स्वयं को जागरूक करने की जरूरत है। राजधानी के मोरहाबादी मैदान से हजारों लोगों की पेसा अधिकार यात्रा कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुबोध कांत सहाय, मुख्य संयोजक बंधु तिर्की आदि के नेतृत्व में मोरहाबादी मैदान से शुरू हुई जो धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल कोकर में जाकर उन्हें माल्यार्पण करने के साथ समाप्त हुई।

## रांची के श्री जगन्नाथ मैदान में विहिप की धर्मसभा कल

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष ने कहा कि रांची के धुर्वा स्थित श्री जगन्नाथ मैदान में 8 अक्टूबर को धर्मसभा का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल की ओर से चलायी जा रही देशव्यापी शौर्य जागरण यात्रा में झारखंड की चार दिशाओं खूंटी, चतरा, पलामू और दुमका से निकलकर शौर्य जागरण यात्रा रथ सफलता पूर्वक 156 सभा करते हुए रांची के श्री जगन्नाथ मैदान धुर्वा पहुंच रही है। 8 अक्टूबर को धर्मसभा का आयोजन किया जायेगा। इस सभा में समस्त हिंदू समाज को अमंत्रित किया गया हैं, जिसमें संत-महंत के अलावा, अलग-अलग हिंदू संगठन और झारखंड प्रांत के सभी जिला से लोग आ रहें हैं। इस सभा में संत-महंत और अखिल भारतीय अधिकारियों की ओर से सभा को संबोधित किया जायेगा। उक्त जानकारी चंद्रकांत रायपत ने दी। वह शुक्रवार को एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर्स में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि श्रीराम लला का मंदिर का आमंत्रण सभी जिलों में होता हुआ रांची आ रहा है और सभी स्थानों में इस यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इतना खराब मौसम होने के बावजूद श्रीराम भक्त की ओर से रथ का स्वागत जोर-शोर से सभी स्थानों पर किया गया। 8 अक्टूबर की धर्म सभा से पूरे प्रांत और राष्ट्र को एक संदेश भी जायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| | |
|---|---|
| मेष | रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा। |
| वृष | कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी। |
| मिथुन | कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, किसी विशेष इच्छा पूरी होगी। |
| कर्क | शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है। |
| सिंह | राजकीय कार्यो में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है। |
| कन्या | प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे। |
| तुला | सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा। |
| वृश्चिक | नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी। |
| धनु | आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी। |
| मकर | अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी। |
| कुंभ | सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख। |
| मीन | लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है। |

## खुशबू तिर्की ने राष्ट्रीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एसजीएफआइ की कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड की खुशबू तिर्की ने सिल्वर मेडल जीता। मध्यप्रदेश के विदिशा में आयोजित कुश्ती प्रतिस्पर्धा में खुशबू तिर्की ने खेले गये मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में स्थान पक्का किया, जहां वह हरियाणा की खिलाड़ी से 3-1 से हार गयी।



खुशबू के रजत पदक जितने पर शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीर सेन ए सोरेंग, झारखंड कुश्ती संघ के रजनीश, शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद कोषांग के एम मोदस्सर, समीर कुमार, उमेश दास, प्रभात रंजन तिवारी, विद्या कुमारी, मो जावेद अंसारी, कलावती कुमारी, शंकर पाल, जगजीत सिंह, चन्द्रदेव सिंह और जितेंद्र कच्छप सहित शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों ने खुशबू एवं उनके कोच को शुभकामनाएं दी हैं।

## मुख्य सचिव लंबित मामलों को लेकर 10 को करेंगे समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह 10 अक्टूबर को लंबित मामलों को लेकर पुलिस विभाग की वर्चुअल समीक्षा करेंगे। लंबित मामलों और अनुसंधान की प्रगति की जानकारी लेंगे। समीक्षा के दौरान पेंडिंग का कारण पूछा जायेगा। अधिक समय से मामले लंबित होने को लेकर कारणों सहित विस्तृत रिपोर्ट मांगी जायेगी। इसको देखते पुलिस मुख्यालय तैयारी में जुट गया है। बैठक में रांची, पलामू के जोनल आइजी, जोनल डीआइडी, और डीआइजी रेल शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि गृह विभाग के सचिव अविनाश कुमार ने अगस्त माह में बैठक की थी।



जमीन माफियाओं और अपराधियों पर कार्रवाई को लेकर गृह सचिव ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित अधिकारी खुद के जिला बदर होने के लिए तैयार रहें। जमीन फर्जीवाड़े या घोटाले से संबंधित घटना होने पर संबंधित थानेदार के साथ-साथ वहां के अंचलाधिकारी भी निलंबित किये जायेंगे।

## सीएम ने सभी माताओं, बहनों को जितिया व्रत की दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर कहा, संतान की सुख समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और दीघार्यु के लिए निर्जला व्रत रखनेवाली सभी माताओं, बहनों और उनके परिवारजनों को जितिया व्रत की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।



आप सभी स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहें, यही कामना करता हूं।

## सांसद निशिकांत दुबे होम अफेयर्स की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के लिए नामित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को होम अफेयर्स की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी के लिए नामित किया गया है। दुबे इस पैनल में पार्टी की नेता किरण खेर की जगह नियुक्त होंगे। निशिकांत भाजपा के तेजतर्रार नेता माने जाते हैं। वह पहले भी कई मुद्दों पर विपक्षी सांसदों से सदन में भिड़ चुके हैं। निशिकांत दुबे का नाम तब सामने आया, जब कमेटी के पास बहस के लिए इस समय तीन अहम क्रिमिनल बिल भारतीय न्याय संहिता बिल-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बिल-2023 और भारतीय साक्ष्य बिल-2023 हैं।

## आदिवासी की अलग परिभाषा गढ़ने में लगे हैं सीएम, सेंटिमेंटल लाभ लेना चाहते हैं : समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी की अलग परिभाषा गढ़ने में लगे हैं। आदिवासियों के लिए कुछ किया नहीं है, लेकिन आदिवासी कार्ड खेल कर सेंटिमेंटल लाभ लेना चाहते हैं। समीर उरांव ने रांची स्थित भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य के आदिवासियों की अपनी परंपरा, संस्कृति, पहचान, स्वभाव और स्वाभिमान है। अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना उनका स्वभाव है, लेकिन सीएम हेमंत सोरेन अपने खरीद-फरोख्त में माहिर सोरेन परिवार की पारिवारिक विशेषता के आधार पर आदिवासियों की परिभाषा गढ़ रहे हैं।

### सोरेन परिवार का काम हमेशा से खरीद-फरोख्त करने का रहा है



समीर उरांव ने कहा कि सोरेन परिवार का काम हमेशा से खरीद-फरोख्त करने का रहा है। झारखंड अलग होने से पहले इन लोगों ने झारखंड आंदोलन को बेचने का काम किया और अब झारखंड की अस्मिता को बेचने का काम कर रहे हैं। आदिवासियों का मसीहा होने का ढोल पीटनेवाले सोरेन परिवार ने आखिर आदिवासियों के लिए किया क्या है। जब हेमंत सरकार बनी, तब चाइबासा में जनजाति परिवार के सात लोगों की हत्या हुई। फिर शहीद सिदो-कान्हू के वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या हुई। दारोगा रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत हुई। तुपुदाना थाना प्रभारी संध्या तोपनो गो-तस्करों के हाथों मारी गयीं। आदिम जनजाति की युवती रूबिका पहाड़िया के टुकड़े-टुकड़े कर दिये गये। मुख्यमंत्री बतायें आदिवासियों की पीड़ा दूर करने के लिए उन्होंने क्या किया।

### आदिवासियों की चिंता नहीं सीएम को

समीर उरांव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कहते हैं कि वह आदिवासी मुख्यमंत्री हैं, इसलिए उन्हें फंसाया जा रहा है। हकीकत यह है कि उन्हें राज्य के आदिवासियों की कोई चिंता नहीं है। चिंता है तो सिर्फ आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को लूटने की। सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर सोरेन परिवार ने राज्यभर में नाम बदल-बदल कर आदिवासियों की जमीन ली है। आदिवासी इन्हें समझ गये हैं और चुनाव में सबक सिखायेंगे।

## विकास से कोसों दूर है आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का गांव

- आज तक नहीं बनी पक्की सड़क

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड स्थित झरगांव आर्चबिशप कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो का पैतृक गांव है। आज भी यह गांव विकास से कोसों दूर है। गांव तक जाने के लिए सड़क तो है, लेकिन पूरी सड़क कीचड़मय है। पक्की सड़क नहीं बनी। गांव में भी ज्यादा विकास नहीं हुआ है। यह गांव प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार रहा है। ऐसे तेलेस्फोर टोप्पो जब भी गांव आते थे, तो यहां की स्थिति से अवगत होते थे। स्व तेलेस्फोर टोप्पो के भतीजे सह पूर्व मुखिया एफ्रेम टोप्पो ने कहा कि उनके चाचा (तेलेस्फोर पी टोप्पो) ने गांव में एक चर्च की स्थापना करायी। उन्होंने समाज के लिए हर वह काम किया, जिससे कलीसिया और समाज को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि तेलेस्फोर पी टोप्पो के माता-पिता का पहले ही निधन हो गया है। माता-पिता के निधन के बाद वह अंतिम बार श्रद्धांजलि समारोह गांव में आये थे, लेकिन गांव की हालत से लगातार अवगत होते रहते थे।



### कर्मठ बिशप और छोटानागपुर मसीही समाज के मसीहा थे तेलेस्फोर

केंद्रीय काथलिक सभा गुमला धर्मप्रांत के अध्यक्ष सेत कुमार एक्का ने कहा है कि तेलेस्फोर पी टोप्पो एक कर्मठ बिशप और छोटानागपुर के मसीही समाज के मसीहा थे, जिनकी छोटानागपुर कलीसिया से लेकर पूरे भारतीय कलीसिया पर मजबूत पकड़ थी, जिन्हें छोटानागपुर का बच्चा-बच्चा जानता है और वह सभी मातृ पल्लियों का दौरा करते रहते थे। हमेशा विश्वासियों का मनोबल ऊंचा किया है। वह जब उपदेश देते थे, तो ऐसा लगता था कि मानो पर्वत से ईश्वर बोल रहे हों. वह अकेले आधुनिक छोटानागपुर मिशन के युग थे और उस युग का रथ थम गया। बड़े ही शोकाकुल मन से हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनकी आत्मा को अपने परलोक में दूतों संतों की संगति प्रदान करे। पूर्व कार्डिनल स्व तेलेस्फोर पी टोप्पो का निधन झारखंड राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे भारत देश के लिए क्षति है। वे गुमला के रहनेवाले थे। इस कारण छोटानागपुर क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी। उनके बूते कलीसिया मजबूत हुई थी। उनका निधन हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



### कांग्रेस ने राहुल गांधी की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए पैदल मार्च निकाला

# राहुल गांधी ने मोहब्बत की दुकान खोली है उससे भाजपा बेचैन है : अविनाश पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस ने राहुल गांधी की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय, रांची से सुभाष चौक, कचहरी चौक होते हुए राजभवन तक पैदल मार्च निकाला। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, मंत्री बादल पत्रलेख सहित कांग्रेस और कांग्रेस सेवा दल के सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।




**हमने खोली है मोहब्बत की दुकान :** भाजपा के आधिकारिक ट्विटर हैंडल द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की छवि को एक साजिश के तहत बदनाम करने की घिनौनी हरकत की जा रही है। झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को यह जवाब देना चाहिए कि भारतीय राजनीति को गिरावट की कौन सी मंजिल तक ले जाना चाहते हैं। राहुल गांधी की धार्मिक सद्भाव एवं सर्वधर्म सम्मान से घबड़ा गयी है भाजपा। भारत जोड़ो यात्रा की कामयाबी के पश्चात राहुल गांधी देश के एकमात्र नेता के रूप में उभरे हैं। देश में भाजपा के नफरत के बाजार के बीच उन्होंने जो मोहब्बत की दुकान खोली है उससे भाजपा बैचेन होकर इस तरह की निंदनीय काम कर रही है और इसका माकूल जवाब 2024 में देश की जनता भाजपा को देने का काम करेगी।

## राहुल गांधी को बदनाम कर रही है भाजपा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक में बजरंग बली के गदे की मार इतनी तीव्र थी कि पूरी भारतीय जनता पार्टी का दिमागी संतुलन बिगड़ गया है। आज पूरी भाजपा हताश और निराश हो गयी। राहुल गांधी द्वारा जिस दिन से सिख धर्म के विश्व प्रसिद्ध स्थान सच्चखंड श्रीहर मंदिर साहिब में सेवा किया, इससे भाजपा में बेचैनी और बढ़ गयी है। राहुल गांधी वह व्यक्ति हैं जिसने अपनी दादी और पिता को हत्याओं के कारण खोया है। मगर राजनीतिक लाभ उठाने के लिए उनकी एसपीजी सुरक्षा तक वापस ले ली गयी। क्योंकि राहुल गांधी भाजपा के सबसे कट्टर आलोचक हैं, जो उनकी नफरत भरी विचार-धारा के मूल पर हमला करते हैं। यही कारण है कि भाजपा उनके चरित्र को बदनाम करने का दिन-प्रतिदिन नये-नये हथकंडे अपनाती रहती है। ताकि बेरोजगारी, महंगाई, देश की गिरती अर्थव्यवस्था से जनता की ध्यान को भटका सके।

### भाजपा को सता रहा है सत्ता जाने का डर

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष लालजी देसाई ने कहा कि भाजपा को पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ-साथ पूरे देश में सत्ता जाने का डर सता रहा है और एक राहुल गांधी हैं जो प्रधानमंत्री से आंख में आंख डाल कर महंगाई, बेरोजगारी, देश की बेटियों की सम्मान पर प्रश्न कर रहे हैं और उनके प्रश्नों का जवाब पूरी भाजपा के पास नहीं है। यही कारण है कि लगातार उनकी छवि को खराब कराने का साजिश रची जा रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि उपलब्धि के नाम पर भाजपा सिर्फ जनता को ठगने का काम किया है, लेकिन जनता अब भाजपा की चाल को समझ चुकी है। लिहाजा 2024 के चुनाव में विदायी की आशंका से बीजेपी बौखला गयी है। इसलिए राहुल गांधी को बौखलाहट और हताशा में निशाना बनाया जा रहा है। पैदल मार्च में प्रदेश महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, विनय सिन्हा दीपू, सतीष पॉल मुंजनी, डॉ एम तौसीफ, आभा सिन्हा, रवींद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, जयशंकर पाठक, अभिलाष साहू, नेली नाथन, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, गुंजन सिंह, जगदीश साहू, निरंजन पासवान सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

# बिहार की तर्ज पर राज्य में जल्द हो जाति गणना : राजेश गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा केंद्र सरकार से जाति आधारित जनगणना की मांग की है इसका राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा स्वागत करता है, परंतु राज्य सरकार बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी जातीय सर्वेक्षण या जाति गणना करें, जिससे झारखंड में निवास करने वाले खास करके ओबीसी समुदाय को न्याय मिल सके। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहीं। उन्होंने कहा है कि जाति जनगणना नहीं होने से राज्य में ओबीसी समुदाय को पंचायत चुनाव में आरक्षण से महरूम रहना पड़ा, शहरी नगर निकाय चुनाव में भी इसी कारण से रोकना पड़ा है। साथी वर्षों से ओबीसी का आरक्षण 14 परसेंट ही है। राज्य सरकार ने ओबीसी का आरक्षण बढ़ाने का वादा किया था, परंतु अभी तक बढ़ा नहीं है। श्री गुप्ता ने कहा है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 50% आरक्षण देने की अनुशंसा को लागू करें। साथ ही राज्य में स्वतंत्र ओबीसी मंत्रालय की भी गठन की जाये। दशकों से ओबीसी के साथ हो रहे नाइंसाफी अब बंद हो।

## बस संचालकों पर रांची-बुंडू मार्ग की सवारियों से मनमाना किराया वसूलने का आरोप, नहीं देने पर करते हैं मारपीट

**रांची (आजाद सिपाही)।** सरकार द्वारा बस का किराया ना बढ़ाने के निर्देश के बाद ड्डी संचालकों ने बस का किराया बढ़ा दिया है। बस संचालकों पर रांची से बुंडू जानेवाली सवारियों से मनमाना किराया वसूलने का आरोप है। इतना ही नहीं, बस किराया नहीं देने पर संचालक यात्रियों के साथ मारपीट भी करते हैं। रांची बुंडू मार्ग पर शुक्रवार को बसवालों की ऐसी ही मनमानी देखने को मिली। एक बस के संचालक ने सवारी से 20 रुपये ज्यादा किराया मांगा। जब उसने मना किया, तो उसे लात-घूसे मार कर बस से बाहर निकाल दिया गया। बता दें कि बुंडू से रांची की दूरी महज 40 किमी है और 80 रुपये भाड़ा लगता है, लेकिन बस संचालक सवारियों से मनमाना किराया वसूलते हैं। बस स्टेशन पर कहीं बस किराये का कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। बसों में भी किराये का कहीं कोई बोर्ड नहीं लगा है। इसी वजह से बस संचालक मनमाना किराया वसूल रहे हैं।

# कांग्रेस का सेवादल हर जिम्मेवारी का करता है निर्वहन : अविनाश

### कांग्रेस का सेवादल समागम सम्मेलन संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस सेवादल ने शुक्रवार को पुराना विधानसभा सभागार में सेवादल समागम सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस सेवादल की मुख्य संगठक नेली नाथन ने किया। सम्मेलन में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय ने सेवादल के सौ साल पूरे होने पर सर्वप्रथम सभी को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सेवादल कांग्रेस का वो सिपाही है, जो कांग्रेस की ओर से दी गयी हर जिम्मेवारी का निर्वहन करता है। सेवादल के सहयोग से ही कांग्रेस ने बुलंदिया पायी है। उन्होंने कहा कि एक सीमा निर्धारित कीजिए, जिससे हर जिले में सेवादल की एक मजबूत कमेटी बने। इसमें सभी मंत्री पूरी तरह सहायता करने के लिए तैयार रहें। यहां से जाने से पहले हमें यह संकल्प लेकर जाना होगा कि हम झारखंड में सेवादल को एक मजबूत संगठन के रूप में खड़ा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आप बहुत महत्वपूर्ण है। आपकी कार्यशैली अद्भुत है और मैं बहुत ही जिम्मेवारी के साथ यह कह सकता हूं कि जो आपको मिलना चाहिये था, वह नहीं मिला। हमलोगों ने अनुशासन से लेकर बहुत कुछ सेवादल से लिया है। आज हमारे बीच दो-दो मंत्री है। मैं उनसे ये दरखास्त करता हूं कि सेवादल के किसी भी साथी जब आपके पास कोई काम से आये, तो संजीदगी के साथ आप उस काम का निष्पादन करें। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष लालजी देसाई ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में झारखंड से दो लोगों को शामिल होने का अवसर मिला और हमें गर्व है कि वो दोनों कार्यकर्ता हमारे सेवादल के थे। ये झारखंड की सेवादल की ताकत है। इस मौके पर कार्यक्रम को कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम सहित कई अन्य नेता मौजूद थे।

# साहिबगंज एसपी और अनुसंधानकर्ता की कार्यशैली पर हाइकोर्ट ने लगायी फटकार, अनुसंधानकर्ता बदलें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम और मामले के अनुसंधानकर्ता कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। कोर्ट ने साहिबगंज एसपी और अनुसंधानकर्ता की कार्यशैली पर फटकार लगायी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि इस केस के अनुसंधान को क्यों दूसरी दिशा में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है, निर्दोष को इस मामले में क्यों फंसाया जा रहा है। गुमशुदा बच्चों को अब तक क्यों नहीं खोजा गया। कोर्ट ने वर्तमान अनुसंधानकर्ता को बदलने का निर्देश दिया। इससे पहले कोर्ट को बताया गया कि अनुसंधानकर्ता ने गुमशुदा बच्चे के भाई विसुनदेव हांसदा की जम कर पिटाई की है। इस पर कोर्ट ने मौखिक कहा कि अनुसंधानकर्ता ऐसा अमानवीय व्यवहार कैसे कर रहे हैं। पीड़ित पक्ष के परिजनों को प्रताड़ित करने का आरोप उन पर लग रहा है। इसलिए अनुसंधानकर्ता को बदला जाये। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी साहिबगंज एसपी को सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। पिछली सुनवाई में साहिबगंज एसपी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि एसआइ और एएसआइ के नेतृत्व में एक दल बना कर बच्चों की खोज खबर के लिए उन्हें दिल्ली भेजा गया है। मामले के सह आरोपी वीरेन साह और पप्पू साह को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं कुलदेव साह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट ने एसपी साहिबगंज को निर्देश दिया था कि जिन तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, उन्हें कस्टडी में लेकर लापता बच्चों के बारे में जानकारी इकट्ठा करें और उसे दिल्ली भेजे गये दल को बतायें, ताकि बच्चों को जल्द सकुशल बरामद किया जा सके।

## बिस्कुट फैक्ट्री में काम करनेवाली महिला को लेकर सहयोगी हुआ फरार, पति ने दर्ज करायी प्राथमिकी

**रांची (आजाद सिपाही)।** बिस्कुट फैक्ट्री में काम करने वाली एक शादी शुदा महिला को लेकर फरार होने का मामला प्राथमिकी तुपुदाना ओपी में चार अक्टूबर को दर्ज हुई है। प्राथमिकी सोनाहातू के रहने वाले लखन महतो ने आरोपी सतीश कुमार चौहान के विरुद्ध दर्ज करायी है, जो बिहार का रहने वाला है। आरोप है कि लखन महतो की पत्नी नीलमणि देवी तुपुदाना के हजाम स्थित एक बिस्कुट फैक्ट्री में पिछले 1.5 वर्ष से काम करती है। वह हजाम में ही किराये का घर लेकर रहती थी। प्लांट में काम करने वाले सतीश कुमार चौहान जो वहां लाइनर का काम करता है, उसी ने उनकी पत्नी को भगाया है। क्योंकि जिस दिन से उनकी पत्नी लापता है उसी दिन से सतीश कुमार चौहान भी गायब है। लखन महतो ने दर्ज प्राथमिकी में यह भी बताया है कि 21 सितंबर को उनकी पत्नी रात्रि ड्यूटी पर काम करने के लिए गयी थी। उसी दिन उससे उनकी अंतिम बात हुई थी। उनके दो बच्चे भी है। जिनका अपनी मां के बिना रो रो कर हाल बुरा है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

# पुत्र की लंबी आयु के लिए जीवित पुत्रिका व्रत की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुत्रकी लंबी आयु से जुड़े पर्व जीवित पुत्रिका व्रत की पूजा शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान व्रती महिलाओं ने अहले सुबह से ही पर्व की तैयारी की थी। इस दौरान व्रती महिलाओं ने सारा दिन निर्जला उपवास रखते हुए पूजा-अर्चना की। पर्व को लेकर व्रती महिलाओं ने घरों में मडुआ के आटे से व्यंजन तैयार किया। इस दौरान जिउतिया के मौके पर देर शाम व्रती महिलाओं ने अपने घर और मंदिरों में पुजारियों के मंत्रोच्चार के साथ जीवित वाहन बाबा की पूजा-अर्चना भी की। पूजन सामग्री से जीवित वाहन बाबा की पूजा करने के बाद कथा का श्रवण किया। घंटो पूजा-



अर्चना के बाद पुजारियों ने व्रती महिलाओं के समक्ष पर्व की शाम पुजारियो से कथा का श्रवण किया। मान्यता के अनुसार इस दौरान व्रतियों ने इसकी कथा भी सुनी। आश्विन पक्ष के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि जो इस दिन भारतीय हिंदू समाज में जीवित पुत्रिका व्रत का आयोजन करने का विधान है। शनिवार को व्रतियों द्वारा व्रत का पारण किया जायेगा।

## हाइकोर्ट ने देवघर एम्स मामले में राज्य सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता से मांगा प्रतिउत्तर

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट में देवघर एम्स में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में देवघर एम्स में दी जानेवाली सुविधाओं से संबंधित राज्य सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ता को प्रतिउत्तर देने का निर्देश हाइकोर्ट ने दिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी। याचिकाकर्ता ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोचिंग रोड बनने, फ्लाई ओवर बनने, आवश्यकता अनुसार पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की पर्याप्त व्यवस्था आदि की सुविधा मुहैया कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया है। याचिका में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से कहा गया है कि देवघर एम्स में कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

### राज्य में अब नहीं होगी पेयजल की समस्या

# राज्य की प्रत्येक पंचायतों में लगेंगे 10-10 चापाकल : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पेयजल की समस्या से निदान के लिए राज्य की 4351 ग्राम पंचायतों में 10-10 चापाकल लगाये जायेंगे। स्थानीय विधायकों की अनुशंसा पर प्रत्येक पंचायत में पांच-पांच चापाकल लगाया जायेगा। इस तरह राज्य में कुल 43510 चापाकल लगेंगे। पेयजल और स्वच्छता विभाग के इस प्रस्ताव पर कैबिनेट की बैठक में मुहर लग गयी है। इस योजना में कुल चार अरब, 63 करोड़, 62 लाख, 54 हजार 626 रुपये व्यय होंगे। इस योजना से लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी। उक्त बातें शुक्रवार को राज्य के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहीं। उन्होंने कहा कि राज्य में कहीं भी पेयजल की समस्या नहीं होने दी जायेगी। झारखंड सरकार राज्य की जनता को पेयजलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्तमान में चापाकलों पर निर्भरता 66 प्रतिशत और पाइप जलापूर्ति पर मात्र 34 प्रतिशत है। वर्ष 2024 तक राज्य के सभी 61.19 लाख घरों को नल से जल उपलब्ध कराना है, लेकिन राज्य की भौगोलिक संरचना और दो वर्ष कोरोना काल के कारण पाइप जलापूर्ति योजना के पूर्ण होने में हो रहे विलंब को देखते हुए तत्काल राज्य के कुल 4351 पंचायतों में कुल 43510 अदद चापाकल लगाने का निर्णय लिया गया है।

मंत्री ने कहा कि गिरते भू-गर्भ जल स्तर को देखते हुए अब 70, 90 और 120 मीटर गहरा चापाकल लगाने का प्रावधान किया गया है, जो क्षेत्रों के जल स्तर के आधार पर निर्धारित होगा। इसके अतिरिक्त 60 मीटर गहरा जीपीटी (बजरी पैक ट्यूबवेल) का भी प्रावधान किया गया है। इसमें वैसे क्षेत्रों में चापाकल लगाने की प्राथमिकता दी जायेगी, जहां इसकी वास्तविक आवश्यकता है। स्थल का जियो टैगिंग किया जायेगा।

## आरएस फाउंडेशन ने पुस्तकें बांटी



**रांची (आजाद सिपाही)।** यदि हम अपने जीवन में उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं तो इसके लिए सबसे पहले हमें ज्यादा से ज्यादा किताबें पढ़ने की आदत को अपने अंदर शुमार करना होगा। जब तक हम शिक्षित नहीं होंगे और शिक्षा के महत्व को नहीं समझेंगे तब तक हम अपनी आनेवाली पीढ़ी को भी शिक्षा के लिए प्रेरित नहीं कर पायेंगे। इसी क्रम में आरएस फाउंडेशन ने शुक्रवार को नगड़ी के राज्यकृत मध्य विद्यालय में छात्र और छात्रों के बीच पुस्तक का वितरण किया। पुस्तक मिलने पर छात्र और छात्राएं बहुत खुश हुए। मौके पर संस्था के बजरंग गुप्ता, पंकज बंका, विद्यालय के हेडमास्टर ब्रज किशोर कुमार और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन का 39वां स्थापना दिवस मनाया गया



**रांची (आजाद सिपाही)।** बैंक अधिकारियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कंफेडरेशन (एआइबीओसी) का 39वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया गया। इस विशेष अवसर पर संगठन के झारखंड राज्य के सलाहकार सुनील लकड़ा ने शुभाकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा संगठन लंबे समय से अधिकारियों और आमजन से जुड़ें वाजिब मुद्दों को उठाता रहा है। सचिव प्रकाश उरांव ने कहा कि एआइबीओसी एक ऐसा मजबूत संगठन है, जो देश के आम किसानों, मजदूर वर्ग, छोटे-मझौले दुकानदार, छोटे-छोटे खेरची वालो की आम समस्या को संगठन के शीर्ष लीडर हमेशा सरकार के बीच अपनी आवाज को बुलंद करती है। मौके पर राज्य अध्यक्ष अखिलेश कुमार, रंजन कुजूर, हीरा चंद मुर्मू, उमेश, अमित, संजय गोरेयन, बेंजामिन मुर्मू, अजित, अली हसन, स्नेह, उमा दिगवार समेत राज्य इकाई के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मां काली सेना की पुरानी कमेटी भंग जल्द ही नयी कमेटी का विस्तार होगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मां काली सेना ने शुक्रवार को श्री चैती दुर्गा मंदिर में एक अति आवश्यक बैठक रखी, जिसमें कमेटी के सेना प्रमुख भोलू सिंह ने कहा कि मां काली सेना रांची महानगर कमेटी भंग कर दी गयी है और बहुत ही जल्द नयी कमेटी का गठन और विस्तार किया जायेगा। बैठक में भोलू सिंह, सुमित तिवारी, बंटी वर्मा, जैकी मालाकार, राकेश वर्मा, राम पांडेय, राहुल सिंह, नमन भारतीय, करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह, आकाश रजक इत्यादि मौजूद थे। सेना प्रमुख भोलू सिंह ने कहा कि इस वर्ष मां काली सेना के वॉलंटियर दुर्गा पूजा पंडालों में रहेंगे, ताकि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार से कठिनाई होने पर तत्काल सहायता पहुंचायी जा सके। मां काली सेना के प्रवक्ता नमन भारतीय ने कहा कि मां काली सेना के 1000 सदस्य पूजा में सहयोग करने उतर रहे हैं। मां काली सेना दुर्गा पूजा पर सुरक्षा व्यवस्था और साफ सफाई को लेकर भी ध्यान रखेगी। काली सेना ने निर्णय लिया कि पूजा के पूर्व शहर के विभिन्न इलाकों और प्रमुख पूजा पंडाल का भ्रमण किया जायेगा। वहां की बुनियादी व्यवस्था की जानकारी हासिल की जायेगी तथा फिर संबधित अधिकारीयों से इस संबंध में बातचीत होगी। यह जानकारी मां काली सेना के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी के सामने गलत तथ्यों को पेश कर रियायत मांगी : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हजारीबाग में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर गलत तथ्यों को सामने रख कर इडी से रियायत मांगने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि भाजपा ने 25 सितंबर को ही प्रेस कांफ्रेंस करके यह बता दिया था कि मुख्यमंत्री की याचिका में पांच डिफेक्ट हैं। भाजपा ने उसे समय भी प्रश्न किया था कि जब मुख्यमंत्री की टीम में कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी



जैसे नामी वकील हैं, तो फिर यह डिफेक्ट कैसे छूट गये?

प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री को इडी के सामने 4 अक्टूबर को पेश होना था। 4 अक्टूबर को ही उनके वकील श्रेय मिश्रा ने इडी के असिस्टेंट डायरेक्टर को पत्र लिख कर कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा दायर याचिका के सारे डिफेक्ट को दूर कर लिया गया है और इस याचिका पर जल्दी सुनवाई होगी। लेकिन यह पूरे तरीके से गलतबयानी थी। शुक्रवार को याचिका को लिस्ट में भी डिफेक्ट कैटेगरी में रखा गया था और न्यायालय में भी डिफेक्ट को दूर करने की बात कही गयी। मुख्यमंत्री के वकील ने इडी से जिस आधार पर पेश नहीं होने की छूट मांगी थी, वह बिल्कुल गलत तथ्यों पर आधारित था।

याचिका से आज तक डिफेक्ट दूर नहीं हुआ, जबकि 4 अक्टूबर को ही मुख्यमंत्री के वकील ने सारे डिफेक्ट को दूर करने का दावा कर पेशी से रियायत मांगी थी। प्रतुल ने कहा कि बार-बार गलत तथ्यों और गलत बयान का सहारा लेकर मुख्यमंत्री इडी के समन से भागते दिख रहे हैं। प्रेस वार्ता में हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, युवा मोर्चा के प्रदेश आइटी संयोजक राहुल शाहदेव उपस्थित थे।

## श्री चैती दुर्गापूजा मंदिर प्रांगण में पुरस्कार वितरण आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री चैती दुर्गा पूजा मंदिर (भुतहा तालाब) के प्रांगण में श्री गणेश पूजा रांची महानगर जिला महासमिति के द्वारा गणेश पूजा के दौरान भव्य पूजा की गयी। पूजा पंडालों के बीच प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार वितरण किया जायेगा। चयन के लिए वोटिंग प्रक्रिया चल रही है। शनिवार को 11 बजे से पुरस्कार वितरण समारोह शुरू होगा।

## नौ को मनायी जायेगी कांशीराम की पुण्यतिथि

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश बसपा सचिव शिव कुमार विश्वकर्मा ने कहा है कि कांशीराम की17वीं पुण्यतिथि पर झारखंड के सभी जिलों और प्रदेश मुख्यालय रांची में श्रद्धासुमन अर्पित कर भव्य रूप से पुण्यतिथि मनायी जायेगी। कांशीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कांशीराम ने आंदोलन और बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती ने समाज को जागरूक करने का काम किया। नयी दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से 9 अक्टूबर 2006 को कांशीराम का निधन हो गया। संगठन की मजबूती के लिए महिलाओं और युवाओं की भागीदारी जरूरी है। सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज के लिए बसपा को सत्ता में लाना जरूरी है, तभी कांशीराम का सपना साकार होगा।

## पेज 1 का शेष

### एम एस स्वामीनाथन...

हर कुछ साल पर पड़ने वाले सूखे, तबाही लाने वाले चक्रवात और भूकंप ने राज्य की विकास यात्रा को बुरी तरह प्रभावित किया था। उसी दौर में हमने सॉइल हेल्थ कार्ड की पहल की थी। हमारी कोशिश थी कि हमारे किसानों को मिट्टी को बेहतर ढंग से समझने और समस्या आने पर उसका समाधान करने में मदद मिले। इसी योजना के सिलसिले में मेरी मुलाकात प्रोफेसर स्वामीनाथन से हुई। उन्होंने इस योजना की सराहना की और इसके लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी साझा किये। उनका समर्थन उन लोगों को समझाने के लिए पर्याप्त था, जो इस योजना को लेकर संशय में थे। आखिरकार इस योजना ने गुजरात में कृषि क्षेत्र की सफलता का सूत्रपात कर दिया। मेरे मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद जब मैंने प्रधानमंत्री का पद संभाला, तब भी हमारी बातचीत चलती रही। मैं उनसे 2016 में इंटरनेशनल एग्रो-बायोडाइवर्सिटी कांग्रेस में मिला और अगले वर्ष 2017 में, मैंने उनके द्वारा लिखित दो-भाग वाली पुस्तक श्रृंखला लॉन्च की।

'कुरल' ग्रंथ के मुताबिक किसान वो धुरी हैं, जिसके चारों तरफ पूरी दुनिया घूमती है। ये किसान ही हैं, जो सबका भरण-पोषण करते हैं। प्रो. स्वामीनाथन इस सिद्धांत को अच्छी तरह समझते थे। बहुत से लोग उन्हें 'कृषि वैज्ञानिक' कहते हैं, यानी कृषि के एक वैज्ञानिक, लेकिन, मेरा हमेशा से ये मानना रहा है कि उनके व्यक्तित्व का विस्तार इससे कहीं ज्यादा था। वे एक सच्चे 'किसान वैज्ञानिक' थे, यानी किसानों के वैज्ञानिक। उनके दिल में एक किसान बसता था। उनके कार्यों की सफलता उनकी अकादमिक उत्कृष्टता तक ही सीमित नहीं है; ये लैब के बाहर, खेतों और मैदानों में स्पष्ट रूप से दिखती है। उनके कार्य ने साइंटिफिक नॉलेज और उसके प्रैक्टिकल उपयोग के बीच के अंतर को कम कर दिया। उन्होंने ह्यूमन एडवांसमेंट और इकोलॉजिकल सस्टेनेबिलिटी के बीच संतुलन पर जोर देते हुए हमेशा सस्टेनेबल एग्रीकल्चर की वकालत की।

यहां मैं विशेष तौर पर ये भी कहूंगा कि प्रो. स्वामीनाथन ने छोटे किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उन तक इनोवेशन का लाभ पहुंचाने पर बहुत जोर दिया। वे विशेष रूप से महिला किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रति समर्पित थे। प्रोफेसर एम.एस. स्वामीनाथन के व्यक्तित्व का एक और पहलू भी है, जो बेहद उल्लेखनीय है। वो इनोवेशन और मेंटोरशिप को बहुत बढ़ावा देते थे। जब उन्हें 1987 में पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला, तो उन्होंने इसकी पुरस्कार राशि का उपयोग एक गैर-लाभकारी रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना में किया। आज भी, यह फाउंडेशन विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्य कर रहा है। उन्होंने अनगिनत प्रतिभाओं को निखारा है और उनमें सीखने और इनोवेशन के प्रति जुनून पैदा किया है। तेजी से बदलती दुनिया में, उनका जीवन हमें ज्ञान, मार्गदर्शन और इनोवेशन की स्थायी शक्ति की याद दिलाता है। प्रोफेसर स्वामीनाथन एक संस्थान निर्माताभी थे। उन्हें कई ऐसे केंद्रों की स्थापना का श्रेय जाता है, जहां आज वाइब्रेंट रिसर्च हो रही है। उन्होंने कुछ समय तक मनीला स्थित इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट में भी अहम जिम्मेदारी निभायी थी। दक्षिण एशिया में इस संस्थान का रीजनल सेंटर 2018 में वाराणसी में खोला गया था।

मैं प्रो. स्वामीनाथन को श्रद्धांजलि देने के लिए फिर से कुरल ग्रंथ को उद्धृत करूंगा। उसमें लिखा है, 'यदि योजना बनाने वालों में दृढ़ता हो, तो वे वही परिणाम हासिल करेंगे, जो वे चाहते हैं।' प्रो. स्वामीनाथन एक ऐसे दिग्गज व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने जीवन की शुरूआत में ही ये तय कर लिया था कि वो कृषि को मजबूत करेंगे और किसानों की सेवा करेंगे। उन्होंने इस संकल्प को बेहद ही रचनात्मक तरीके से और जुनून के साथ निभाया। जैसे-जैसे हम एग्रीकल्चरल इनोवेशन और सस्टेनेबिलिटी के रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे, डॉ. स्वामीनाथन का योगदान हमें निरंतर प्रेरित व मार्गदर्शन प्रदान करता रहेगा। हमें उन सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते रहना होगा, जो उन्हें बेहद प्रिय थे। इन सिद्धातों में किसानों के हितों की वकालत करना, साइंटिफिक इनोवेशन के लाभ को कृषि विस्तार की जड़ों तक पहुंचना और आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, स्थिरता एवं समृद्धि को बढ़ावा देना शामिल है। मैं एक बार फिर प्रोफेसर स्वामीनाथन को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं।

### केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति...

**जनवरी 2022 से 762 उग्रवादियों की हो चुकी गिरफ्तारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से जनवरी 2022 से अगस्त 2023 तक कुल 762 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमे स्पेशल एरिया कमेटी के तीन सदस्य, रीजनल कमेटी का एक सदस्य, 10 जोनल कमांडर, 16 सब जोनल कमांडर और 25 एरिया कमांडर शामिल हैं। इसके अलावा 20 नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे गये हैं, जिनमें स्पेशल एरिया कमेटी के दो, चार सब जोनल कमांडर और एक एरिया कमांडर शामिल है। इसके अलावा 1160 आइडी और 76 हथियार भी बरामद किये गये हैं। इस अवधि में 37 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष समर्पण किया है, जिनमें स्पेशल एरिया कमेटी का एक, रीजनल कमेटी के तीन, चार जोनल कमांडर, नौ सब जोनल कमांडर और 10 एरिया कमांडर शामिल हैं। हेमंत सोरेन कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत दुर्गम क्षेत्रों के ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित कर उनका विश्वास जीतने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा केंद्रीय एजेंसियों से समन्वय बना कर नक्सली संगठनों की आय के स्रोत पर रोक लगाने के लिए लगातार प्रभावी ढंग से कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा कुल 28 नक्सली नेताओं की चल-अचल संपत्ति को जब्त किया गया है। इस वर्ष 5,500 एकड़ भूमि से अफीम की खेती नष्ट की गयी।

**आवास योजना पर ध्यान आकृष्ट कराया:** मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की ओर भी केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड में अभी भी लगभग आठ लाख सुयोग्य लाभुक इस योजना के लाभ से वंचित हैं। केंद्र सरकार का ग्रामीण विकास मंत्रालय सकारात्मक निर्णय नहीं ले रहा। वहीं, एसआरइ योजना से बीमा मद को हटा लिया गया है। सुरक्षा बलों के मनोबल को बनाये रखने के लिए पूर्व की भांति एसआरइ मद में बीमा राशि की प्रतिपूर्ति को जारी रखा जाना चाहिए।

**मार्गनिर्देशिका में परिवर्तन से झारखंड को नुकसान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएमएफटी की राशि खर्च करने के निमित्त भारत सरकार मार्गनिर्देशिका में परिवर्तन करने जा रही है, जिससे झारखंड को व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आपसे अनुरोध है कि खनन मंत्रालय को झारखंड सरकार की आपत्ति को संज्ञान में लेने में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं करने का निर्देश निर्गत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में विकास के निमित्त बैंकों का अपेक्षित सहयोग भी प्राप्त नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बैठक में एकलव्य मॉडल रेसीडेंशियल स्कूल खोलने के बारे में भी अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि झारखंड में अब तक 91 एकलव्य मॉडल रेसीडेंशियल स्कूल स्वीकृत किये गये हैं। मेरा अनुरोध होगा कि स्कूल खोलने के लिए आदिवासियों की आबादी निर्धारित मापदंड में 50 फीसदी की शर्त को समाप्त किया जाये, ताकि आदिवासी बाहुल्य ग्रामीण क्षेत्रों को इस योजना का लाभ मिल सके।

**खनन कंपनियां झारखंड का एक लाख बत्तीस हजार रुपये उपलब्ध करायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उग्रवाद की समस्या की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवश्यक है कि इन क्षेत्रों में विकासोन्मुखी योजनाएं व्यापक पैमाने पर चलायी जायें, जिसके लिए राज्य को संसाधन की आवश्यकता पड़ेगी। इस संदर्भ में आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगा कि राज्य सरकार का भारत सरकार की खनन कंपनियों पर करीब एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये बकाया है, जिसे उनके द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। आपसे आग्रह है कि खनन मंत्रालय को यथाशीघ्र इस बकाया का भुगतान करने का निर्देश निर्गत करें।

**नक्सल प्रभावित इलाकों में कनेक्टिविटी बढ़ायी जा रही:** मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित जिलों में कनेक्टिविटी में सुधार की जरूरत है। सड़क निर्माण, मोबाइल टावर का निर्माण और अन्य विकास कार्य पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने विस्तार से इस पर अपना विचार रखा। उन्होंने फरार नक्सलियों पर इनाम, पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय बना कर कार्रवाई, नक्सली संगठनों पर प्रतिबंध समेत कई बातों का जिक्र किया।

# सड़क पर हुआ महिला का प्रसव

## स्वास्थ्य सहिया बोली : मोबाइल में रिचार्ज नहीं है, कैसे बुलाते एंबुलेंस को

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के हरतुआ गांव में एक गर्भवती महिला ने शुक्रवार को सड़क पर ही बच्चे को जन्म दिया है। गर्भवती महिला यशवंत गिरी की 45 वर्षीय पत्नी विरीतमा देवी है। प्रसव पीड़ा का एहसास होने पर गर्भवती महिला करीब 11 बजे पैदल ही लेस्लीगंज अस्पताल जाने लगी। हरतुआ पंचायत भवन के पास सड़क पर दर्द से महिला गिर गयी।

इसी दौरान पंचायत भवन जा रहे मुखिया अरविंद शुक्ला ने महिला को देखा। मुखिया ने बताया कि उन्होंने एंबुलेंस को फोन किया, तो वह मानिका में होने की बात कह कर नहीं आया, जबकि अस्पताल में पहुंचने पर यहां तीन एंबुलेंस खड़ी थी। ममता वाहन के अजीत सोनी को फोन किया तो पैसा नहीं मिलता है, यह कह कर आने से इनकार कर दिया। बाद में मुखिया द्वारा पैसा देने की बात पर ममता वाहन पहुंचा। ममता बहन पहुंचने से पहले ही महिला बच्चे को जन्म दे चुकी थी। बाद में महिला एवं बच्चा को लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

**सहिया पर कार्रवाई की जायेगी - प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी :** प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन का कहना है कि गर्भवती महिला का प्रसव ममता वाहन के नहीं पहुंचने के कारण में सड़क पर हुआ है। इसमें स्वास्थ्य सहिया की लापरवाही का बात सामने आ रही है। जांचोंपरांत सहिया पर कार्रवाई की जायेगी। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों अस्पताल में इलाजरत हैं। दोनों स्वस्थ हैं। ममता वाहन के भुगतान के सवाल पर उन्होंने बताया कि ममता वाहन संचालक अजीत सोनी का 20 में से 8 केस गलत पाया गया है, जिस कारण भुगतान रोका गया है।

**क्या कहती है स्वास्थ्य सहिया :** स्वास्थ्य सहिया विमला देवी ने बताया कि उसके मोबाइल का रिचार्ज खत्म हो गया था। इसलिए वह ममता वाहन को फोन नहीं कर सकी। दूसरा प्रसव पीड़ा के बारे में भी उसे जानकारी नहीं थी। जिस कारण वह समय से गर्भवती महिला के पास नहीं पहुंच सकी थी।

**क्या कहते हैं ममता वाहन के संचालक :** ममता वाहन के संचालक अजीत सोनी का कहना है कि अस्पताल द्वारा उन्हें भुगतान नहीं किया जाता है। कॉल सेंटर और सहिया की लापरवाही से यह सब कुछ हो रहा है। उनके द्वारा दिया गया सारा बिल सही है।

# सबका पता जानती है पुलिस : एसएसपी

## दुर्गा पूजा को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक

**एसएसपी ने शायराना अंदाज में चेताया**

**तुम नकाबों में रहो, या किसी नेता के घर में छुपो... कोई बचेगा नहीं, पुलिस सबका पता जानती है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सदर दीपक दुबे, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू पुलिस अधीक्षक नगर, अपर जिला दंडाधिकारी रांची राजेश्वरनाथ आलोक सहित संबंधित पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं विभिन्न दुर्गा पूजा समिति एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में विभिन्न पूजा समितियों और शांति समिति के लोग शामिल थे। सभी ने बेहतर व्यवस्था को लेकर अपनी-अपनी बातें रखी। समिति के सदस्यों द्वारा साफ-सफाई, जलापूर्ति, निर्बाध बिजली आपूर्ति, महिला आरक्षियों की प्रतिनियुक्ति, पूजा के समय ड्रॉप गेट की व्यवस्था का अवलोकन करने समेत कई बातें रखी गयीं। वहीं मुस्लिम संगठनों ने दुर्गा पूजा आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि दशकों से हमने आपसी सौहार्द से सभी त्योहार मनाया है। उसको कायम रखते हुए मिल जुलकर दुर्गा पूजा मनाएंगे और जहां जरूरत पड़ी हम साथ रहेंगे।

**शांति समिति के सदस्यों के सुझावों पर किया जायेगा अमल - डीसी :** रांची डीसी ने कहा कि बैठक में आये सभी सुझावों पर अमल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी बिंदुओं को नोट डाउन कर लिया गया है। सारी प्रशासनिक तैयारियों को अच्छे तरीके से संपन्न कराया जायेगा। उपायुक्त ने सभी समितियों से कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण के लिए संवेदनशील जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराते रहें।

**सादे लिबास में तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी :** बैठक में एसएसपी अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि किसी भी छोटी बात को बड़ा न बनने दें। फौरन पुलिस-प्रशासन को मामले की जानकारी दें। उन्होंने बताया कि पूजा पंडालों के आसपास मनचलों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही विधि-व्यवस्था संधारण के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ फोटो, वीडियो और पोस्ट की जानकारी पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट की शिकायत के लिए मोबाइल नंबर जारी किया जायेगा।

### विधायक सरयू राय ने स्पीकर को लिखा पत्र, कहा

# दवा खरीद घोटाले की जांच अपने स्तर से करायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक सरयू राय ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिख कर दवा खरीद घोटाले की जांच अपने स्तर से कराने की मांग की है। शुक्रवार को श्री राय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार के मंत्री के आदेश से ऊंची दर पर हुई दवा खरीद घोटाला पर लीपापोती करने में लगा है। मेरे प्रश्न का स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में गलत उत्तर दिया। विधानसभा से तथ्य छुपाया। कहा कि तीन सदस्यीय समिति जांच करेगी, 30 दिन में जांच प्रतिवेदन देगी। कई माह बीत गये, जांच रिपोर्ट नहीं आयी, बल्कि जांच समिति भंग कर दी गयी। कनीय अधिकारियों की दूसरी समिति बनी। दो माह से अधिक बीत गये। जांच रिपोर्ट का पता नहीं। श्री राय ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की है कि अपने स्तर से कार्रवाई करें। मैंने संबंधित संचिका की छाया प्रति आरटीआइ में मांगी है। विधानसभा अध्यक्ष को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि उपर्युक्त विषय में 17 मार्च 2023 को पूछे गये मेरे अल्पसूचित प्रश्न का स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सदन में भ्रामक उत्तर दिया गया, जो वस्तुतः गलत है। इस विषय में मैंने अपने कार्यालय पत्रांक द्वारा पूर्व में भवदीय का ध्यान आकृष्ट करा चुका हूं। उन्होंने कहा कि सदन पटल पर पूछे गये सवालों और दिये गये आश्वासनों के प्रति सरकारी अधिकारी और विभागीय मंत्री कितना लापरवाह हैं।

# जीवनशैली प्रदर्शनी के लिए पोस्टर का किया अनावरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वनबंधु परिषद् का एक सक्रिय शाखा रांची महिला समिति द्वारा 16 और 17 अक्टूबर को स्वर्णभूमि बैंक्वेट्स में जीवनशैली प्रदर्शनी आयोजन किया जा रहा है। पोस्टर के अनावरण से इस प्रदर्शनी के लिए उलटी गिनती की शुरुआत होती है, जहां उपस्थित व्यक्तियों को एक दुनिया में डूब जाने का अवसर मिलेगा जो स्टाइल, शौक, और नवाचार से भरपूर होगा। प्रदर्शनी दोनों दिनों 11 बजे से लेकर 8 बजे तक चलेगी। एकल संगिनी ने उपस्थित व्यक्तियों के लिए हैपी घंटों के दौरान विशेष आश्चर्य योजित किया है, जो 2 बजे से लेकर 4 बजे तक चलेगा। समिति ने इसके अलावा कहा कि प्रदर्शनी के पहले 50 आगंतुकों को शानदार ऑफर्स जीतने का मौका मिलेगा। हम हमारी आगामी जीवनशैली प्रदर्शनी के लिए आधिकारिक पोस्टर का अनावरण करने के लिए उत्सुक हैं। कहा कि सुनीता महांसरिया, जो समिति के एक वरिष्ठ सदस्य एवं एकल संगिनी की संयोजिका हैं। पोस्टर के अनावरण, वनबंधु परिषद् के सभी आयामों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

# शिक्षा जीवन पर्यंत चलनेवाली क्रिया है : डॉ अजीत सिन्हा

**संत जेवियर्स कॉलेज में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा का पुनर्विन्यास' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिक्षा विभाग और आइक्यूएसी, संत जेवियर्स कॉलेज, रांची में झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सहयोग से 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा का पुनर्विन्यास' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू हुई। कॉलेज के फादर सी. डिब्रॉवर सभागार में इस संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा नीति रोजगार परक (व्यावसायिक शिक्षा) पर जोर देती है, जो देश के युवाओं के लिए रोजगार की नयी संभावनाएं उपलब्ध करायेगी। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रो डॉ सुभाष चंद्र रॉय, राष्ट्रीय सदस्य, पूर्वीय क्षेत्रीय समिति, एनसीटीइ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा जीवन पर्यंत चलनेवाली एक प्रक्रिया है। नयी शिक्षा नीति देश की शिक्षा व्यवस्था को भारतीय परंपरा और दर्शन से जोड़ने का उत्तम प्रयास है। कार्यक्रम में मुख्य रूप रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ एसके साहू, अतिथि वक्ता के रूप में ओड़िशा मुक्त विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ जयंत कर शर्मा, विशिष्ट वक्ता डॉ फादर इग्नेशियस तोपनो, अतिथि के रूप में ओमप्रकाश सिंह, प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा, डॉ फादर अलेक्स एक्का, डॉ फादर प्रदीप कुजूर, डॉ फादर अजय मिंज, विभागाध्यक्ष डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति और कॉलेज के प्राध्यापकगण एवं विभिन्न राज्यों से आये प्रतिभागी मौजूद थे। संगोष्ठी की दूसरी पाली में प्रतिभागियों ने अपने-अपने रिसर्च पेपर को प्रदर्शित करते हुए उस पर व्याख्यान दिया।

# बेहतर प्रदर्शन करनेवाले पशु चिकित्सक 17 अक्टूबर को सम्मानित किये जायेंगे

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य में कार्यरत ऐसे पशु चिकित्सकों को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग आगामी 17 अक्टूबर को सम्मानित करेगा, जो औसतन आधारभूत संरचना के बावजूद बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह जानकारी पशुपालन निदेशक आदित्य रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री बादल और विभागीय सचिव अबूबकर सिद्दिकी के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा राज्य के करीब 450 पशु अस्पतालों का असेसमेंट किया जा रहा है। विभाग द्वारा एक फॉर्मेट तैयार किया गया है, जिसमें क्लीननेस, विजिबिलिटी एंड सेटअप ग्रीन कैंपस, दैनिक सेवा और डॉक्टर्स और अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति के आधार पर सभी पशु अस्पतालों का असेसमेंट किया जा रहा है। निदेशक ने बताया कि मार्किंग शीट में जिन अस्पतालों का बेहतर प्रदर्शन होगा, उन्हें सम्मानित किया जायेगा। विभाग ने जो फॉर्मेट तैयार किया है, वह नो कॉस्ट और लो-कॉस्ट पर आधारित है और सभी अस्पतालों का निरीक्षण एक टीम द्वारा किया जा रहा है।

# पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन, 16 छात्राएं शामिल होंगी




**रांची (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल कूद मंत्रालय की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सेंट्रल जोन स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में 20 से 29 नवंबर 2023 तक किया जायेगा। इस शिविर में झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के एनएसएस की केवल महिला स्वयंसेवक शामिल होंगी। ज्ञात है कि गणतंत्र दिवस परेड शिविर, नयी दिल्ली (1 से 31 जनवरी, 2024) में केवल महिला ही प्रत्येक संस्था के परेड में शामिल होंगी। राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष सेंट्रल जोनल स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर हरिद्वार में झारखंड राज्य से कुल 16 एनएसएस की स्वयंसेवकों (केवल महिला) का अंतिम रूप से चयन किया गया है। इसी शिविर में से झारखंड राज्य की छह स्वयंसेवकों का चयन गणतंत्र दिवस परेड शिविर, नयी दिल्ली के लिए किया जायेगा। झारखंड राज्य के रांची विश्वविद्यालय, रांची, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, कोल्हान विश्वविद्यालय, चाइबासा, सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका, झारखंड रॉय विश्वविद्यालय, रांची और वाइबीएन विश्वविद्यालय, रांची के कुल 16 एनएसएस की महिला स्वयंसेवक का अंतिम चयन हुआ है।

# मुख्यमंत्री ओबीसी के सच्चे हितैषी हैं, तो जातीय गणना सर्वेक्षण कराये : राजेंद्र प्रसाद



**रांची (आजाद सिपाही)।** एसटी, एससी और ओबीसी को आबादी के अनुपात में आरक्षण देने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए जाने का मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि एसटी और एससी का जातीय आंकड़ा तो उपलब्ध है, लेकिन पिछड़ी जाति का जातीय आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ओबीसी के अधिकारों के प्रति सिर्फ भावनात्मक बातें ना करें, बल्कि बड़े हृदय दिखाएं और सच्चे मन से ओबीसी को उनका आरक्षण आबादी के अनुपात दिलाने का पहल झारखंड से भी करें। प्रसाद ने कहा कि इसके लिए बिना देर किये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओबीसी का जातीय गणना और सर्वेक्षण तुरंत करवाएं। प्रसाद ने कहा कि झारखंड के 7 जिलों में ओबीसी का आरक्षण को शून्य कर दिया गया है। उसे तुरंत सुधार कर आबादी के अनुपात में इन जिलों में ओबीसी को आरक्षण देने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया है।

# रांची की डॉ अर्चना पेरिस में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेने जायेंगी

**रांची (आजाद सिपाही)। रांची के बूटी मोड़ स्थित माना देवी लक्ष्मण मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एमडीएलएम) की चिकित्सा निदेशक डॉ अर्चना अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने पेरिस जायेंगी। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना पाठक पेरिस में आयोजित इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ गायनोकोलॉजी एंड ऑब्स्टेट्रिक्स (फिगो) के 25वें वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए जा रही हैं। पेरिस के इंटरनेशनल कन्वेंशनल सेंटर में 9 से 13 अक्टूबर तक चलनेवाले इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में सेफ मदर हुड कमेटी, फॉग्सी के सदस्य के रूप में डॉ अर्चना पाठक वहां अपना प्रेजेंटेशन देंगी।**

**शपथ-पत्र**

शपथ पत्र संख्या 58956 दिनांक 06.010.2023 के अनुसार **मैं अलका पाठक** (ALKA PATHAK), पति- अवधेश कुमार पाठक (AWDHESH KUMAR PATHAK), उम्र लगभग 47 वर्ष, धर्म- हिंदु पेशा - गृहणी, राष्ट्रीयता - भारतीय निवासी ग्राम- घुटूवा, सर्विसिंग सेंटर के पास, पो.- नयानगर बरकाकाना, थाना- पतरातु जिला- रामगढ़ (झारखंड) - 829103, शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करती हूं कि:-

1. यह कि, मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अथर्व राज पाठक (ATHARAW RAJ PATHAK) है जो उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है।
2. यह कि, मेरा पुत्र डी.ए.भी. पब्लिक स्कूल, सी.सी.एल. एन.टी.एस. बरकाकाना, जिला रामगढ़ में वर्ग नवम 'ब' (IX 'B') का छात्र है। जिसका रोल नं.- 20 है विद्यालय पंजी में मेरे पुत्र का नाम अथर्व राज पाठक (ATHRAW RAJ PATHAK) दर्ज हो गया है जो कि गलत है।
3. यह कि, अथर्व राज पाठक (ATHARAW RAJ PATHAK) एवं अथर्व राज पाठक (ATHRAW RAJ PATHAK) दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। जो कि मेरा पुत्र है।
4. यह कि, मैं यह शपथ पत्र डी.ए.भी. पब्लिक स्कूल, सी.सी.एल. एन.टी.एस. बरकाकाना के विद्यालय पंजी में दर्ज अपने पुत्र का गलत नाम अथर्व राज पाठक (ATHRAW RAJ PATHAK) के स्थान पर उसका सही व वास्तविक नाम अथर्व राज पाठक (ATHARAW RAJ PATHAK) दर्ज करने हेतु निष्पादित कर संबंधित विद्यालय के सक्षम पदाधिकारी को देने हेतु बना रही हूं।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1) कार्य का नाम एवं स्थान : 1** कोडरमा–तिलैया न्यू बीजी रेल लाईन परियोजना के अंतर्गत स्टेशन झरही–खरौंद और बचा हुआ काम कोडरमा–झरही के बीच एवं साथ ही साथ उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/दक्षिण के अंतर्गत अन्य दूसरे लोकेशन के अंतर्गत खंड के 25 के0 वी0 ओ0 एच0 ई0 के डिजाइन, ड्राईंग, मोडिफिकेसन, सप्लाई, इरेकशन, टेस्टींग एवं कमिसनिंग के संबंध में। निविदा संख्या: EL/C/S/MHX/ETEN/09/23-24 **(2) अनुमानित कार्य की लागत : रू0 20,42,10,51590/–, (3) जमा किए जाने वाले बयाना राशि एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य :** NIT के अनुसार एवं रू शून्य, **(4) कार्य पूर्ण करने का समय :** 09 माह, **(5) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 26.10.2023 दोपहर 12:00 बजे तक **(6) वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा की पूर्ण जानकारी देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है :** आई.आर.इ.पी.एस वेबसाइट पर **www.ireps.gov.in** पर निविदा डाउन लोड किया जा सकता है एवं सीईई/कॉन महेन्द्रुघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस परिसर, पटना–800004 में निविदा पट पर देखा जा सकता है। हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/साउथ/पू.म.रे./महेन्द्रुघाट/पटना**

पीआर/01338/सीओएनएस/इएलईसी/टी/23-24/40

# इकॉनमी को भी फायदा

एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों के धमाकेदार प्रदर्शन और पदकों की रेकॉर्ड संख्या से पैदा हुए जोश ने भारत में वर्ल्ड कप की शुरुआत का वह रोमांच भले महसूस न होने दिया हो, जो सामान्य स्थितियों में होता, लेकिन इससे उसकी अहमियत कम नहीं होती। क्रिकेट भारत में महज एक खेल नहीं रह गया है। इसका क्रेज बाकी सभी चीजों पर भारी पड़ता है। ध्यान रहे, एशियन गेम्स रविवार तक ही हैं, पर क्रिकेट वर्ल्ड कप गुरुवार से शुरू ही हुआ है। यह पहला मौका है, जब मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप की मेजबानी पूरी तरह से भारत के हिस्से में आयी है। जाहिर है, अगले डेढ़ महीनों में दुनिया की 10 टीमों के बीच देश के 10 शहरों में होने वाले 48 मुकाबले क्रिकेट फैंस के क्रेज को अगले लेवल पर ले जाने के लिए काफी होंगे, लेकिन क्रिकेट की पिच पर चलने वाली रोमांचक गतिविधियां, स्टेडियम में उठने वाला दर्शकों का शोर और घरों में टीवी सेटों के सामने बैठे लोगों की तेज होती धड़कनें भारत में क्रिकेट की अहमियत को परखने का इकलौता जरिया नहीं हैं। इसकी अहमियत का अहसास हमें इन सबके बिजनेस वैल्यू से भी हो सकता है। यह अकारण नहीं है कि भारत में क्रिकेट से जुड़े किसी बड़े आयोजन का इंतजार सिर्फ क्रिकेट फैंस को ही नहीं होता, इकॉनमी की रफ्तार से अपने दिल की धड़कनों को जोड़े रखने वाला तबका भी इसका उसी बेकरारी से इंतजार करता है। इसी वर्ल्ड कप की बात करें तो यह ऐसे समय हो रहा है, जब सामान्य से कम मॉनसून ने कई जानकारों के चेहरों पर चिंता की लकीरें खींच रखी हैं। अप्रैल-जून तिमाही में देश की इकॉनमी 7.8 फीसदी बढ़ी थी। रिजर्व बैंक का अनुमान है कि दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में यह वृद्धि 6.5 फीसदी और तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में और कम 6 फीसदी रहेगी। ऐसे हालात में क्रिकेट वर्ल्ड कप का यह आयोजन इस तस्वीर को बेहतर बना सकता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस दौरान क्रिकेट लवर्स का उत्साह कई सेक्टरों में बिजनेस को बढ़ायेगा। इस वजह से यात्रा, होटेल्स, बड़े टीवी सेट जैसे मदों में खर्च बढ़ेंगे, मैच वाले दिन फूड आइटम्स के ऑर्डर बढ़ेंगे। इन सबसे उपभोक्ताओं में खरीदारी की प्रवृत्ति बढ़ेगी। कुछ विशेषज्ञों का तो आकलन है कि वर्ल्ड कप के दौरान 18000 से 22000 करोड़ तक की खपत हो सकती है, जिससे जीवीए (ग्रॉस ऐडेड वैल्यू) में 7000-8000 करोड़ रुपये का योगदान होगा। आंकड़ों में बात करें तो तीसरी तिमाही के जीवीए ग्रोथ में इससे 10 बेसिस प्वाइंट तक यानी 0.10% की बढ़ोतरी हो सकती है। जाहिर है क्रिकेट कम से कम अपने देश में मैदानों तक सीमित नहीं है। हालांकि इसकी जान निश्चित ही बोलरों की गेंदों पर घूमते बल्लों और उस पर थिरकता फैंस का दिल ही है। अब अगले डेढ़ महीने देश उसी रोमांच को जियेगा।

**रिजर्व बैंक का अनुमान है कि दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में यह वृद्धि 6.5 फीसदी और तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में और कम 6 फीसदी रहेगी। ऐसे हालात में क्रिकेट वर्ल्ड कप का यह आयोजन इस तस्वीर को बेहतर बना सकता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक, भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआइबी) 2023 रिपोर्ट से यह पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12.40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है।**

# भारत के पक्षी और उनके संरक्षण के प्रयास: संरक्षण योग्य एक पंख-युक्त विरासत



**बिवाश रंजन**



**भारत के पक्षियों की विविधता भरी आबादी इस देश की प्राकृतिक समृद्धि का प्रमाण है। हालांकि, इन खूबसूरत पक्षियों को निवास स्थान के नुकसान से लेकर जलवायु परिवर्तन जैसे कई खतरों का सामना करना पड़ रहा है। उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए संरक्षण के प्रयास आवश्यक हैं। संरक्षित क्षेत्रों, कानूनी उपायों, आवास बहाली और जन-जागरूकता के माध्यम से, भारत अपनी पंखयुक्त विरासत की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रहा है।**

भारत पक्षियों के मामले में एक अनूठी विविधता वाला का देश है। यहां के विविध भौगोलिक इलाकों में पक्षियों की बहुरंगी प्रजातियां निवास करती हैं। उत्तर में बर्फ से ढके हिमालय से लेकर दक्षिण में पश्चिमी घाट के मनमोहक जंगलों तक, और पश्चिम में राजस्थान के शुष्क रेगिस्तानों से लेकर उत्तर-पूर्व की हरी-भरी आर्द्रभूमि तक, भारत का पक्षी जगत इसके भूगोल की तरह ही विविधताओं से भरा है। स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स (एसओआइबी) 2023 रिपोर्ट से यह पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास-स्थान है और पक्षियों की वैश्विक विविधता के लगभग 12.40 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। पक्षियों की इन 1,353 प्रजातियों में से 78 प्रजातियां (5 प्रतिशत) इस देश में स्थानिक हैं। हालांकि, इस जीवंत झुंड का भविष्य तेजी से अंधकारमय हो रहा है , क्योंकि इनके निवास स्थान के विनाश, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन उनके अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं।

**एसओआइबी 2023 रिपोर्ट से यह पता चलता है कि यह देश पक्षियों की 1,300 से अधिक प्रजातियों का निवास स्थान है।**

इस क्षेत्र में पक्षियों को वर्तमान में कई प्रकार के खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण खतरा निवास स्थान की हानि और ह्रास है। इसके बाद मानव और वन्यजीवों के बीच का संघर्ष है। आवासों की क्षति एवं हानि के मूल कारण जटिल व आपस में जुड़े हुए हैं।

इन कारणों में शहरीकरण, ढांचागत विकास, वर्तमान कृषि पद्धतियां, अत्यधिक दोहन के कारण प्राकृतिक वन आच्छादन को खतरा, संसाधनों की उच्च विदेशी मांग और संरक्षण समर्थक नीतियों का अपर्याप्त कानूनी प्रवर्तन शामिल हैं। जलवायु परिवर्तन एक और मंडराता हुआ खतरा है - मौसम के बदलते ढर्रे (पैटर्न), प्रवासन के बदले हुए मार्ग और भोजन की उपलब्धता में व्यवधान पक्षियों की कई प्रजातियों के अस्तित्व को प्रभावित कर रहे हैं। बढ़ता तापमान पक्षियों के प्रजनन और घोंसला बनाने के पैटर्न को प्रभावित कर रहा है।

परिणामस्वरूप, कई पक्षियों के लिए अनुकूलन करना चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। आक्रामक प्रजातियों का समावेश एवं प्रसार भी संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ा कर और इकोसिस्टम में परिवर्तन करके देशज पक्षियों की आबादी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

इन खतरों से निपटने के लिए भारत ने पक्षियों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 10-वर्षीय योजना - देश में पक्षियों की विविधता, उनके इकोसिस्टम, आवास और भौगोलिक परिदृश्य के संरक्षण के लिए दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य योजना (2020-2030) का उद्देश्य भारत में पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण से संबंधित कार्रवाई को आगे बढ़ाना है। यह कदम भारत की राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना (2017 से 2031 तक) के अतिरिक्त है। इस कार्य योजना में भी पक्षियों एवं उनके आवासों की सुरक्षा से जुड़े कई संरक्षण कार्य शामिल हैं। यह योजना पक्षियों की दुर्लभ एवं लुप्तप्राय प्रजातियों की रक्षा के लिए छोटी, मध्यम और दीर्घकालिक योजनाओं की एक श्रृंखला का प्रस्ताव करती है। गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों की पुनर्प्राप्ति के लिए कार्यक्रम शुरू करती है, उनकी घटती हुई आबादी को थामने के लिए भौगोलिक परिवेश से संबंधित दृष्टिकोण पेश करती है। यह योजना इस तथ्य को भी रेखांकित करती है कि ग्रीन हाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन के स्तर में बढ़ोतरी करने वाली मानवजनित गतिविधियां वैश्विक स्तर पर पर्यावरण पर भी प्रभाव डाल रही हैं और इसीलिए, वह पक्षिजात (एविफॉन) पर ऐसे प्रभावों को कम एवं नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक उपायों का आहवान करती है।

भारत ने पक्षियों के महत्वपूर्ण प्राकृतिक वासों की सुरक्षा के प्रयासों को हमेशा प्राथमिकता दी है। आर्द्रभूमि की बहाली, पुनर्वनीकरण पहल और जैविक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना कुछ ऐसी रणनीतियां हैं, जिनका उपयोग किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत के पक्षियों की सुरक्षा के लिए अवैध शिकार एवं अवैध वन्यजीव व्यापार के खिलाफ सख्त कानून आवश्यक हैं। भारत ने 2016 में 2017-2031 की अवधि के लिए तीसरी राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना का अनावरण किया था, जिसमें वन्यजीवों के संरक्षण हेतु भविष्योन्मुखी रोडमैप का विवरण दिया गया है। यह कार्य योजना इस अर्थ में अनूठी है कि इसमें पहली बार भारत ने वन्यजीवों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से संबंधित चिंताओं को पहचाना गया है और इनकी रोकथाम एवं अनुकूलन के लिए आवश्यक कार्यों को वन्यजीव प्रबंधन योजना की प्रक्रियाओं में समन्वित करने पर जोर दिया है। यह कार्य योजना इकोलॉजी की दृष्टि से मूल्यवान सभी वन्यजीवों के संरक्षण हेतु ह्लभौगोलिक परिदृश्य से संबंधित दृष्टिकोणह्न को अपनाती है।

भारत के पक्षियों की विविधता भरी आबादी इस देश की प्राकृतिक समृद्धि का प्रमाण है। हालांकि, इन खूबसूरत पक्षियों को निवास स्थान के नुकसान से लेकर जलवायु परिवर्तन जैसे कई खतरों का सामना करना पड़ रहा है। उनके भविष्य की सुरक्षा के लिए संरक्षण के प्रयास आवश्यक हैं। संरक्षित क्षेत्रों, कानूनी उपायों, आवास बहाली और जन-जागरूकता के माध्यम से, भारत अपनी पंखयुक्त विरासत की रक्षा के लिए अथक प्रयास कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति इन प्रयासों को समर्थन देकर और उनमें भागीदारी करके अपना योगदान दे सकता है ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के आकाश में अनमोल रंग-बिरंगे पक्षियों और उनके कोलाहल का बने रहना सुनिश्चित हो सके।

**(लेखक : अतिरिक्त वन महानिदेशक (वन्यजीव), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय हैं।)**

# पितृ पक्ष की आत्मा जान कर हो सकता है स्वर्णिम भविष्य का निर्माण



**सुखदेव वशिष्ठ**

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत ने आज इसे वैश्विक मंच पर पहुंचाया है और इसके मूल्य समूची मानव जाति को रोशनी दिखा रहे हैं। भारत में एक दिवसीय विश्व कप क्रिकेट का आगाज हो गया। डेढ़ महीने से ज्यादा चलने वाले इस आयोजन में समाज और बाजार में क्रिकेट का रंग बिखरेगा। इसी बीच पितृ पक्ष शुरू हो चुका है। अपोलो समूह के मालिक डॉ प्रताप चंद्र रेड्डी का एक किस्सा बहुत प्रेरणादायक है। अमेरिका के एक बड़े अस्पताल में इन्ही डॉक्टर पुत्र को अपने जन्मदिन पर पिताजी के पत्र का हमेशा इंतजार रहता था। उस साल प्राप्त स्नेह से सराबोर पत्र में पिताजी के इन शब्दों में आदेश भी था, अब तुम्हे भारत लौट आना चाहिए। आखिर अपने देश और समाज के प्रति भी तुम्हारे कुछ कर्तव्य हैं। पुत्र ने स्वदेश लौटने का फैंसला ले लिया। विदाई पार्टी में जब इतनी आरामदायक जिंदगी त्यागकर भारत जाने से रोकने का प्रयास हुआ तो डॉक्टर पुत्र का जवाब था, माता - पिता का आदेश क्या होता है, इसको महसूस करने के लिए तुम्हे भारत में पैदा होना होगा। माता-पिता की जीते जी सेवा करना ,घर के बजुर्गों और पूर्वजों के प्रति आदर भाव हमेशा से भारतीय संस्कृति का आवश्यक अंग रही है। पितृ पक्ष में सभी श्राद्ध, पिंड दान और तर्पण तो करते ही हैं, मगर पितृ पक्ष की कल्पना क्यों की गयी थी, इसकी आत्मा को जानकर बेहतर समाज बनाने की जरूरत की तरफ भी संकेत करता है।

भारत जैसे देश जिसमें घर-घर लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए सुबह उठकर काले तिल, फूल और चावल के साथ उन्हें जल अर्पित करते हैं, ताकि उनके पूर्वज जहां भी हों, उन्हें शांति मिले में और एक पुरा पक्ष पितरों के निमित है, में वृद्धाश्रमों का अस्तित्व और 'वेलफेयर ऑफ पेरेंट्स एंड सीनियर सिटिजन एक्ट 2007'लागू किया जाना वर्तमान हालात बयान करने के लिए काफी है। 2011 की जनगणना में देश के बुजुर्गों की आबादी दस करोड़ से अधिक हो चुकी है। इसके 2031 तक 19.4 करोड़ होना संभावित है। यह ध्यान आकर्षण करने वाला विषय है कि केवल 25 प्रतिशत कंपनियों के पास ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा सुविधाएं हैं। ज्यादातर ग्राहक अपने पर आश्रित माता-पिता और सास - ससुर केलिये स्वास्थ्य बीमा लेने में सक्षम नहीं है। वहीं समाज में कुछ ऐसे भी हैं, जो अपने बजुर्गों का बीमा खरीदने में सक्षम होने के बावजूद मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में युवा भारत को पितृ पक्ष में देखना ही चाहिए कि दूसरे देश अपने बजुर्गों के साथ किस तरह व्यवहार कर रहा है।

जापान की चालीस प्रतिशत जनसंख्या 60 साल से ऊपर की है। वहां सरकार ने चालीस से ऊपर सभी के लिए स्वास्थ्य बीमा को जरूरी कर दिया है। माता-पिता की सेवा करने वालों के लिए जल्दी पद्दोनत करने का भी प्रावधान है। फ्रांस में सभी एक दिन का वेतन बजुर्गों के कल्याण कोष में देते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे गृह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है। प्रत्येक वृद्ध इतना सौभाग्यशाली नहीं होता, की वह जीवन के अंतिम पड़ाव तक आत्मनिर्भर बना रहे। अनेक वृद्धों को आर्थिक रूप से अपने परिजनों जैसे पुत्र, पुत्री, भाई इत्यादि पर निर्भर रहना पड़ता है। जिसमे अनेक बार असहज स्थितियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए वर्तमान व पीढ़ी को यह प्रशिक्षित होना भी जरूरी है कि घर, परिवार व समाज में रहने वाले तमाम वृद्धजनों का देखभाल, अपनत्व व आवश्यक जरूरतों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें प्यार और सम्मान देकर युवा पीढ़ी निश्चित ही अपना सुनहरा भविष्य की नींव ही रखेगी। पितृ पक्ष पर युवा भारत बजुर्गों को अपनी संस्कृति के अनुरूप सम्मान दे और उनके अनुभव का लाभ ले निश्चित ही स्वर्णिम भविष्य की नींव रख पायेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# अजन्मे बच्चे की सौदेबाजी मामले में तीन महिला गिरफ्तार

# गैर संस्थागत प्रसव के दौरान अविवाहित गर्भवती युवती की मौत



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चक्रधरपुर ।** अविवाहित गर्भवती युवती के गैर संस्थागत प्रसव और कोख की सौदेबाजी के मामले में पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपी महिलाओं पर गैर इरादतन हत्या सहित कई मामले दर्ज कर सभी तीनों महिलाओं को जेल भेज दिया है। बता दें कि घटना के बाद जब खबर सुर्खियों में आयी, तो पश्चिमी सिंहभूम जिला के डीसी अनन्य मित्तल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच करने का आदेश दिया। इस पर चक्रधरपुर की एसडीओ रीना हांसदा के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने 24 घंटे में मामले की जांच कर जांच रिपोर्ट सौंपी। उसके बाद शुक्रवार 6 अक्टूबर को तीन आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर चाइबासा कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जिन पर पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई की है, उनमें सहिया साधना साहू, चांदू चांपिया और बच्चे को अवैध रूप से गोद लेने के लिए खरीद फरोख्त करनेवाली गुड्डी गुप्ता शामिल हैं। तीनों पर मनोहरपुर थाना में कांड संख्या - 40/2023आइपीसी की धारा- 304/370(4)/ 120 (बी) और 81 किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम-2015 दर्ज किया गया है। बता दें कि मनोहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत तुरी टोला (भट्टी मोहल्ला) में एक युवती की अवैध रूप से घर में ही प्रसव कराने के बाद मृत्यु हो गयी थी। इस घटना के बाद बच्चे की अवैध खरीद बिक्री का मामला प्रकाश में आया था। मामले की गंभीरता की देखते हुए डीसी ने चक्रधरपुर एसडीओ के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम का गठन किया था। जांच के बाद इसका खुलासा हुआ कि सहिया साधना साहू, सहिया चांदू चांपिया और बच्चे को खरीदने वाली चांडिल निवासी गुड्डी गुप्ता ने जानबूझ कर पूर्व नियोजित तारीके से युवती मुन्नी चांपिया की जान को खतरे में डाल कर गैर संस्थागत प्रसव कराया, जिससे युवती की मृत्यु हो गयी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के आवेदन के आधार पर मनोहरपुर थाना में तीनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और तीनों को गैर इरादतन हत्या, किशोर न्याय अधिनियम-2015 सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया है।

# बीते एक सप्ताह से दहशत में वार्ड 17 के निवासी





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला के आदित्यपुर थाना अंतर्गत वार्ड 17 स्थित 7 एलएफ फ्लैट के लोग इन दोनों दहशत है। बीते लगभग एक सप्ताह से यहा रहने वाले कुछ लोगों को पत्र में माध्यम से धमकी जी जारही हैं। वही वार्ड 17 स्थित 7 एलएफ फ्लैट में रहने वाले पुलिस स्टाफ के घर में भी अपराधियों ने जान से मारने की धमकी पत्र भेजने पर फ्लैट को लोग दहशत हैं। इसकी सूचना मिलते ही आदित्यपुर पुलिस हरकत में आ गयी। सभी धमकी भरे पत्र जब्त कर जांच में जुट गई है। वही फ्लैट में रहनेवाली स्वरूपा नंदी ने बताया बीते कई दिनों से घर में जान से मारने और बेटी को उठा लेने की धमकी मिल रही है। कभी- कभी अपराधियों ने दरवाजे पीट कर डराने का काम करते है। मधुमिता सेन ने बताया अक्सर स्वरूपा नंदी के घर मे अनजान शख्स दरवाजा पीटने की शिकायत मिलती है। धमकी भरे पत्र से डराया जा रहा है। उन्होंने बताया आदित्यपुर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई।

# दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में मनाया गया वन्य प्राणी सप्ताह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में दो अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। शुक्रवार को मकुलकोचा चेक नाका पर हथिनी रजनी की 14 वां जन्मदिन हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 20 पाउंड का केक काट कर खुशियां मनाई गई। मौके पर शहर के मानगो संकोसाई से स्कूल के बच्चे, वन रक्षक व अधिकारी समेत ग्रामीण शामिल रहे। इस अवसर पर दलमा पश्चिमी रेंजर दिनेश चंद्रा ने बताया हथिनी रजनी की 14वां जन्मदिन मनना खुशी की बात है। इससे लोगों में अच्छा संदेश जाता है। उन्होंने कहा जब हम अपने बच्चों का जन्मदिन मना सकते तो जंगलो के जानवरों का क्यों नहीं। उन्होंने कहा कि रजनी के जन्मदिन का एक मुख्य उद्देश्य लोगों को जानवरों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने रजनी के जन्मदिन पर वन विभाग की ओर से संदेश देते हुए कहा इंसान के साथ धरती के लिए जानवरो का होना महत्वपूर्ण हैं। उनका होना भी महत्व है। इस संदेश को ध्यान में रखते हुए जन्मदिन मनाया जा रहा है। वन विभाग की कोशिश है दूसरे लोग भी इससे सीख लें। उन्होंने कहा जानवरों की सुरक्षा का संदेश देने के लिए स्कूली बच्चों व ग्रामीणों के साथ रजनी के जन्म दिन पर केक काटा गया।

# उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले में उत्पाद अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग लगातार छापेमारी कर रही है। शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर विभाग के पदाधिकारी ने कांड्रा थाना अंतर्गत बिरूडीह में शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के दौरान कई भट्ठियों को ध्वज करते हुए 1500 जावा महुआ को नष्ट किया। वहीं 50 लीटर अवैध महुआ शराब को जब्त कर लिया। इससे संबंधित अवैध महुआ भट्टी संचालक के विरुद्ध जांच जारी है।

# विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है गढ़वा : मंत्री मिथिलेश

**चार करोड़ की लागत से होगा दो पुल का निर्माण, मिली प्रशासनिक स्वीकृति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा में लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से दो पुल का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इस के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। जिले के सदर प्रखंड गढ़वा और रंका प्रखंड में इन पुलों का निर्माण किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि गढ़वा सदर प्रखंड के ग्राम चिरौंजिया में सरस्वती नदी पर क्षतिग्रस्त पुल का नवनिर्माण किया जायेगा। इसका निर्माण दो करोड़, 15 लाख, 88 हजार, 900 रुपये की लागत से किया जायेगा। जबकि रंका प्रखंड के चुटिया पंचायत में स्थित पुराना पानी टोला में कोरवा धियार नाला पर एक करोड़, 83 लाख, 72 हजार, एक सौ रुपये की लागत से नया पुल का निर्माण कराया जायेगा। मंत्री ने बताया कि चिरौंजिया में पुल काफी क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। जबकि रंका के चुटिया में उक्त नाला पर पुल की अति आवश्यक थी। इन दोनों पुलों का निर्माण जनहित में प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विकास के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रतिदिन गढ़वा के लिए कोई न कोई नई विकास योजना की स्वीकृति मिल रही है। साथ ही काफी तेजी से काम भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब से गढ़वा की जनता ने उन्हें अपना सेवक चुना है, तब से वे लगातार एक ही मिशन में लगे हुए हैं कि कैसे अधिक से अधिक गढ़वा का विकास हो सके। उन्होंने कहा कि गढ़वा को दुर्दशा भरी स्थिति से बाहर निकालने के लिए दिन-रात ईमानदारी पूर्वक प्रयासरत हैं। यही कारण है कि मात्र चार वर्षों के अंदर पूरी तरह से गढ़वा की तस्वीर बदल गयी है। आने वाले समय में गढ़वा दुर्दशा की दंश झेलता हुआ नजर नहीं आयेगा। बल्कि बिल्कुल नया और विकसित गढ़वा सबके सामने होगा। पहले बाहर के लोग यहां की स्थिति के कारण गढ़वा आना नहीं चाहते थे। परंतु अब लोग यहां की बेहतरी देखने के लिए गढ़वा आयेंगे। बहुत जल्दी गढ़वा विकास के शिखर पर खड़ा होगा।


## कांडी के नवपदस्थापित थाना प्रभारी ने योगदान दिया



**कांडी (आजाद सिपाही)। थाना में नये थाना प्रभारी के रूप में शुक्रवार को दीपक कुमार राणा ने योगदान दिया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से भी रु-ब-रु हुए। उन्होंने मीडिया को बताया कि कांडी थाना क्षेत्र के लिए शांति व्यवस्था स्थापित करना व लोगों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि शिकायत कर्ताओं को न्याय दिलाना, पुलिस-पब्लिक का समन्वय स्थापित करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि जनता का भी सहयोग अपेक्षित रहेगा। बता दें कि नए थाना प्रभारी दीपक कुमार राणा 2018 बैच के पदाधिकारी हैं। उन्होंने चिनिया, गढ़वा टाउन व भंडरिया थाना के भी थाना में भी कार्य कर चुके हैं।**

# टेंडर में धांधली करनेवालों पर कारवाई के बजाय संरक्षण दे रहे हैं डीसी: सत्येंद्रनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा में खुलेआम टेंडर पेपर लूटा जा रहा है। इस खेल में मत्री के द्वारा पोषक अपराधिक चरित्र के लोग शामिल है। गढ़वा नगर परिषद के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में 15वें वित्त आयोग की राशि से 12 ग्रुप में टेंडर आमंत्रित किया गया था। सभी ग्रुप में टेंडर डालने वाले संवदेकों को टेंडर पेपर जमा करने की अंतिम तिथि शुक्रवार को थी। पूर्व विधायक ने कहा कि शुक्रवार को जब कई संवेदकों ने टेंडर पेपर जमा करने के लिए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे तो, वहां पर पहले से मौजूद कुछ असमाजिक तत्व उन्हें टेंडर पेपर जमा करने से रोकने लगे। उसके बाद संवदेकों ने उसकी सूचना पूर्व विधायक को दी। पूर्व विधायक ने बताया कि टेंडर में हो रहे धांधली की सूचना पर उन्होंने तत्काल डीसी को टेलिफोनिक सूचना देकर नगर परिषद में पुलिस बलों को प्रतिनियुक्त करने का आग्रह किया ताकि संवदेक बगैर किसी भय में अपना टेंडर पेपर जमा करे। ताकि निष्पक्ष टेंडर हो सके। उनकी सूचना के बाद डीसी ने वहां पर चार-पांच पुलिस कर्मी को भेज दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि डीसी के निर्देश पर नगर परिषद कार्यालय पहुंचे पुलिस कर्मी फेयर टेंडर कराने के बजाय टेंडर में व्यवधान करने वाले लोगों को ही संरक्षित करने लगे। पूर्व विधायक ने कहा कि डीसी मंत्री के एजेंट के रूप में काम काम कर रहे है। जिला प्रशासन तत्काल सभी टेंडर को रद् कर पुनः टेंडर निकाले, अन्यथा भाजपा के लोग अब उलगुलान का रास्ता अख्तियार करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर टेंडर में इसी तरह धांधली होते रहा और जिला प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा, तो अब भाजपा के लोग सभी विभागों में टेंडर पेपर जमा करने के दिन संवेदकों की सुरक्षा में बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार आते-जाते रहता है। लेकिन सरकारी सेवक किसी व्यक्ति विशेष या दल का पार्टी बनकर अपना कैरियर खराब करने पर क्यों तुले हुए है। इस मामलें की जानकारी वह केन्द्रीय नगर विकास विभाग के मंत्री और सचिव को देकर गढ़वा जिला में हो रहे काले कारनामें का पदार्फाश करेंगे।

## नौ की छात्रा की मौत मामले में कांडी थाना में गुरुवार को नामजद मामला दर्ज



**कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा स्कूल की वर्ग नौ की छात्रा किरण कुमारी की मौत मामले में कांडी थाना में गुरुवार को नामजद मामला दर्ज कराया गया है। मृतिका की माँ संगीता देवी ने गुरुवार की शाम में वार्डेन चंद्रावती सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। थाना को दिए आवेदन में संगीता देवी ने कहा है कि मेरी बेटी विमार है कि सूचना उसी स्कूल में पढ़ने वाली गांव की दूसरी लड़की अर्चना कुमारी ने स्कूल के गार्ड के मोबाईल नंबर 9955155772 से 6 बजे सुबह सूचना मिली। जबकि इसकी सूचना वार्डेन के माध्यम से मिलना चाहिए थे। उन्होंने कहा कि मेरी लड़की 4 अक्टूबर को विमार हुई थी।लेकिन सूचना नही मिली। 5 अक्टूबर को लगभग आठ बजे स्कूल आकर अपनी बीमार लड़की को लेकर इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव लेकर गये। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही मेरी बेटी की मौत हो गयी थी। संगीता देवी ने वार्डेन चंद्रावती सिंह के ऊपर लापरवाही का आरोप लगायी है। इस मामले में धारा 304, अ के तहत मामला दर्ज किया गया है।08**

## ट्रैक्टर लोडिंग के दौरान चोट लगने से वृद्ध महिला की मौत , मालिक ने किया 30 हजार का सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम कंचनपुर निवासी बृद्ध महिला रूक्मिणी कुंवर 70 वर्ष पति स्व० दुखी भुईया की मौत ट्रैक्टर पर माल लोडिंग के दौरान चोट लग जाने के कारण हो गयी। ट्रैक्टर मालिक के द्वारा मृतक के परिवार जनों को सहयोग के रूप में 30 हजार रुपये दिया गया। बताते चले कि उक्त महिला रंका एफसीआई गोदाम के पास किसी काम से गयी थी जहाँ पर ट्रैक्टर में चावल लोड किया जा रहा था। उसी के दौरान भूल चूक से चोट लगी और उसकी मौत हो गयी। जिसमें झामुमो कंचनपुर युवा पंचायत अध्यक्ष राजीव ठाकुर के प्रयास से ट्रैक्टर मालिक के द्वारा तीस हजार रुपये दिलवाने का सराहनीय कार्य किया गया। वही गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से मिलकर पिडित परिवार को हर संभव मदद दिलाने का आश्वाशन गढ़वा झामुमो युवा जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू के द्वारा दिया गया है। इस मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, सूरज कुमार रजकरजक सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

## झामुमो महिला मोर्चा सोनदाग पंचायत कमेटी का गठन, सुचिता कुमारी बनीं अध्यक्ष



**रंका (आजाद सिपाही)। झामुमो महिला मोर्चा के रंका प्रखंड अध्यक्ष ( पूर्व मुखिया) मालती देवी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सोनदाग पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से सुचिता कुमारी को अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि ललिता देवी को सचिव, बुधनी देवी को कोषाध्यक्ष एवं लालती देवी, राजेश्वरी देवी, रीता देवी, सुनिता देवी, दिलवंती देवी, शांति देवी को उपाध्यक्ष तथा जासमति देवी, फूला देवी, सरिता देवी, सलिता देवी, सविता देवी एवं अनिता देवी को सदस्य बनाया गया है। इस अवसर पर प्रखंड सचिव प्रियंका तिवारी सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

### प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नवीं कक्षा की छात्रा की मौत

# डीसी के निर्देशानुसार सदर एसडीओ ने उक्त विद्यालय में पहुंच कर मामले की जांच की

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में नवीं कक्षा की छात्रा किरण कुमारी की मौत को लेकर शुक्रवार को गढ़वा उपायुक्त के निर्देशानुसार सदर एसडीओ राज महेश्वरम ने उक्त विद्यालय में पहुंचकर मामले की जांच किया। जांच के समय पत्रकारों को व जनप्रतिनिधियों को बाहर ही बैठा दिया गया, इस वजह से पत्रकारों को स्पष्ट जानकारी नही हुई कि जांच क्या हुआ। जांच के बाद एसडीओ ने बाहर बताया की बच्ची की मौत मामले में विद्यालय की वार्डन, गार्ड और विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं का ब्यान दर्ज कर लिया गया है। आरोप परिलक्षित होने पर आरोपी के ऊपर कानूनी कार्यवाई की जायेगी। साथ ही कहा कि सप्ताह में एक दिन छात्राओं के स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य कर्मी की टीम नियुक्त की जायेगी। विद्यालय में स्वक्ष पेयजल हेतु व्यवस्था करायी जायेगी। कुछ लोगों द्वारा अफवाहें फैलायी गयी हैं कि वार्डन के ऊपर कार्यवाई होने के बाद कस्तूरबा विद्यालय बन्द हो जायेगा। तो मैं मीडया के कैमरे के सामने यहां की छात्राओं व उनके अभिभावकों को आश्वस्त कराना चाहता हूं, कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालय बन्द नहीं होता। भले ही व्यवस्थापक को बदला जा सकता है, उन्होंने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय की कई कर्मियों को पारदर्शिता से देखा जायेगा। खाद्य सामग्री के संबंध में पूछे जाने पर बताया की सैम्पल लिया गया है। टेंडर के वक्त जो खाद्य सामग्री सप्लाई किया जाना है। विद्यालय में यदि मेनू से हटकर खाद्य सामग्री पाया जाता है, तो सप्लायर पर कानूनी कार्यवाई की जायेगी।

इससे पूर्व प्रभारी डॉक्टर गोविंद सेठ के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम पहुंचकर 30 छात्राओं का स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गयी। वहीं छात्रा की मौत के मामले में कांडी एसआई सुधीर कुमार दास, जिला पार्षद सुषमा कुमारी, कांडी मुखिया विजय राम, बीडीसी ममता देवी व जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने भी उक्त विद्यालय में पहुंचकर छात्राओं से जानकारी हासिल की। जहां छात्राओं ने बताया कि वार्डन का व्यवहार हमलोगों के साथ ठीक नहीं है। मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। पानी स्वच्छ नहीं है। तबियत खराब होने पर छुट्टी नहीं दी जाती है। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय में गंदगी का अम्बार लगा हुआ है। सभी कमरों से बदबू आ रही थी।

मौके पर डीईओ आकाश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, ललित प्रसाद सिंह, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता, प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकु पांडेय, मुखिया संघ अध्यक्ष सह पतीला पंचायत के युवा मुखिया अमित कुमार दुबे, बीपीओ वीरेंद्र प्रसाद, मझिआंव बीपीओ विभा रानी कुजूर, रमना बीपीओ सुनीता कुजूर, सीआई जगरनाथ मांझी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# बाबूलाल मरांडी को चांदी का मुकुट पहनाकर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा इकाई के अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा के कार्यक्रम चेतना में कार्यक्रम स्थल पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को चांदी का मुकुट पहनाकर और तलवार भेंट कर सम्मानित करने का कार्य किया गया। उपस्थित वैश्य जिला महामंत्री उमेश कश्यप उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, नेताजी मनीष गुप्ता, राजकुमार, संजय केसरी कुशल केसरी, टिंकू, लखन, संतोष, अंजली, शुभम, विकास स्वदेशी, राजकुमार सोनी, विशाल जय पटवा, अरविंद केसरी गुप्ता प्रवीण, कंचन जायसवाल, मीना गुप्ता अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल ने कहा वर्तमान सरकार वैश्य समाज के साथ छलावा कर रही है चुनाव के समय कांग्रेस झामुमो गठबंधन सरकार ने बोला था की बैकवर्ड को 27 परसेंट आरक्षण देंगे जो यह सरकार हम सभी को 27% आरक्षण देने के बजाय हमारे ही आरक्षण में कटौती करने का कार्य करने जा रही है इस तरह का कार्य अगर वर्तमान सरकार करती है तो हम सभी वैश्य समाज एकजुट होकर इसका घोर विरोध करेंगे। महामंत्री उमेश कश्यप ने कहा झारखंड सरकार वैश्य जनगणना करने का कार्य करें और हम सभी की आबादी के अनुपात हमें आरक्षण देने का कार्य करें।

## छोटे बच्चे ने बाबूलाल मरांडी का चित्र अपने हाथों से स्केच कर उन्हें दिया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** वार्ड नंबर 15 वैभव कुमार 10 वर्ष का बच्चा पिता संदीप गुप्ता रांकी मोहल्ला निवासी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी का चित्र अपने हाथों से स्केच कर उन्हें मंच पर दिया प्रदेश अध्यक्ष मरांडी जी ने उस छोटे बच्चे के द्वारा बनाया हुआ अपने स्वयं का चित्र देखकर खुश हुए एवं बच्चे का नाम पूछे और उन्हें शुभकामनाएं बधाई दिये, यह आकर्षण का केंद्र रहा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप सभी लोगों ने सराहना किया।

## नये थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया



**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। नये थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने गुरुवार को विशुनपुरा थाना पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। यह पदभार निवर्तमान थाना प्रभारी बुद्धराम सामद से ग्रहण किया। इसके बाद निवर्तमान थाना प्रभारी बुद्धराम सामद, युवा समाजसेवी प्रशांत गुप्ता, मुकुंद कुमार ने नये थाना प्रभारी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस दौरान नये थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि विशुनपुरा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा की अपराधिक घटनाओं जैसे चोरी, लूट अन्य छोटी बड़ी घटनाओं पर नकेल कसा जायेगा। थाना में आने वाले समस्याओं को निष्पक्ष होकर सहयोग किया जायेगा। पुलिस व पब्लिक में सामंजस्य स्थापित किया जायेगा। वहीं थाना क्षेत्र के नदी बालू घाट से अवैध बालू का उत्खनन और परिवहन करने वालों पर विशेष रूप से कार्रवाई होगी। इस दौरान नये पुअनि अजीत कुमार ने भी पदभार ग्रहण किया।**

## बाबूलाल मरांडी का भाजपा नेता अलखनाथ ने किया स्वागत




**गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के संकल्प यात्रा के तहत गढ़वा आगमन पर वरिष्ठ भाजपा नेता सह गढ़वा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पांडेय ने अपने गढ़वा के सोनपुरवा मुंहल्ला स्थित आवास पर वरिष्ठ भाजपा नेता गण, कार्यकर्ता गण सहित गढ़वा के सैकड़ो लोगों के साथ भव्य स्वागत किया। इस स्वागत समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव राज तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, युवा भाजपा नेता चंदन जायसवाल, अवधेश, अनिल, धनंजय, विजय चौबे, नरेंद्र तिवारी, चंद्रमणि धर दुबे, मुकेश दुबे, रौशन दुबे, रोहित दुबे, शतीश चंद्र, युवा भाजपा नेता पुष्प रंजन, रोहित, नितेश, राजा, सहित भाजपा नेता गण, कार्यकर्ता गण और अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित थे।**

## ग्रामसभा का आयोजन किया गया



**रमना (आजाद सिपाही)। वन अधिकार अधिनियम - 2006 के अंतर्गत ग्राम वन अधिकार समिति का पुनर्गठन को लेकर सिलीदाग मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमे छपरदागा ग्राम में सर्व सहमति से गोखुल परहिया को अध्यक्ष व शंभू सिंह को सचिव चयन किया गया। साथ ही सुबिता देवी, शांति देवी, सोनी देवी, गुदली देवी, अजय परहिया, शिवनाथ परहिया, रीना देवी सहित 12 सक्रिय सदस्य का भी चयन किया गया। वही सिलीदाग पंचायत अंतर्गत मंगरा ग्राम में सरदार उरांव को अध्यक्ष डोमन उरांव को सचिव के रूप में चयन किया गया। इसके साथ ही सविता देवी, गुड़ी, उमेश, विकलेश, गुड्डू सहित 12 सदस्य का नाम शामिल किया गया। मौके पर रोजगार सेवक आलोक तिवारी, वार्ड सद्स्य दिलवा देवी, प्रदीप मेहता, उपेंद्र ठाकुर सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।**

# लूटकांड घटना को अंजाम देनेवाला साजिशकर्ता मीकाइल खान गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने लूट कांड में सम्मिलित फरार चल रहे साजिशकर्ता मीकाईल खान को छत्तीसगढ़ अंबिकापुर से गिरफ्तार कर लिया है। प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि 27 जनवरी को भंडरिया थाना अंतर्गत ग्राम बिंदा से पूर्व स्थित जंगल में सत्यनारायण मरावी घाट पेंडारी थाना चांदोरा जिला सूरजपुर निवासी के साथ अज्ञात पांच लोगों द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके आलोक में भंडरिया थाना में प्राथमिक प्राथमिक की दर्ज के करने के बाद कांड उद्भेदन हेतु रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर घटना में सम्मिलित तीन अभियुक्तों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया था तथा अभियुक्तों के पास से कांड में लूटी गई काला रंग का बैग बायोमेट्रिक स्कैनर एसबीआई बैंक का एटीएम और भारत फाइनेंस का कनेक्शन रजिस्टर बरामद किया गया था। घटना के बाद से ही फरार चल रहे कांड का साजिशकर्ता छत्तीसगढ़ सरगुजा डूमरडी पंचायत सोनीपरा निवासी अयूब खान के पुत्र मीकाईल खान को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद मीकाईल खान ने बताया कि पूर्व में भारत फाइनेंस नामक कंपनी में कार्यकर्ता था। उसे कंपनी के द्वारा पैसा गमन का दोषी पाये जाने पर निकाल दिया गया था। उसके जगह पर वादी सत्यनारायण मरावी को नियुक्त किया गया तभी विद्वेष की भावना से दुष्प्रेरीत होकर मीकाईल खान अपने दोस्त के साथ योजना बनाकर इस घटना को अंजाम दिया।

छापेमारी टीम में पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी भंडारिया संजय खाखा पुलिस अवर निरीक्षक संजय यादव अजय खाल को चौकीदार उमेश केरकेट्टा शामिल थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

कार्यालय-प्रमंडलीय प्रबन्धक,
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल हजारीबाग
dm.haz_jsfdc@yahoo.in

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमण्डल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमण्डल के अन्तर्गत बरही प्रक्षेत्र के प्रांगण में विभिन्न प्रजाति के दावा रहित जप्त वन पदार्थो/प्रकाष्ठों की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय हजारीबाग एवं चौपारण वनागार से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता है।

| वनागार का नाम | सितम्बर 2023 |
| --- | --- |
| बरही प्रक्षेत्र के प्रांगण में | 11.10.2023 |

विश्वासभाजन
प्रमंडलीय प्रबन्धक
लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमंडल,हजारीबाग

PR 308560 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
08

## रतिया गंझू ने ग्रहण की झारखंडी भाषा खतियान समिति की सदस्यता



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष रतिया गंझू ने झारखंडी भाषा खतियान समिति (जेबीकेएसएस) की सदस्यता ग्रहण की है। पार्टी अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने रतिया गंझू को पार्टी की सदस्यता दिलायी। वहीं, रतिया गंझू के अलावा खलारी से पार्टी की सदस्यता लेने वालों में इरफान खान, राजेश महतो, मोहन महतो आदि शामिल थे। टाइगर जयराम महतो ने कहा कि हम सभी को झारखंड के स्वाभिमान की लड़ाई मिल कर लड़नी होगी। जिसके लिए हम सब को एक होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल्द ही वो खलारी में सभा करेंगे। उन्होंने रतिया गंझू सहित पार्टी की सदस्यता लेने वाले सभी लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कोयला निकाली जा चुकी जमीन को भर कर पुन: रैयतों को वापस दिलाने में सहयोग करे : विस्थापित मोर्चा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर विचार मंच के संरक्षक मनोज भूइया ने शुक्रवार को प्रेस बयान जारी कर रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा किए गए समाजिक सरोकार के कार्यो की सराहना की। कहा कि रैयत विस्थापित मोर्चा एनके पिपरवार में जिस तरह से सामाजिक सरोकार से जुड़कर रैयतों, विस्थापितों व प्रभावितों के लिए जन कल्याणकारी कार्य कर सकारात्मक परिणाम दे रहा है। उसके लिए अंबेडकर विचार मंच रैयत विस्थापित मोर्चा के पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार प्रकट करता है। आगे भी इस तरह के रचनात्मक कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दी। लगे हाथ रैयत विस्थापित मोर्चा से अपील की कि जिस जमीन से कोयला निकाला जा चुका है उस जमीन को ओबी से भरकर रैयतो को पुनः वापस लौटाने में भी मोर्चा पहल करे।

## तुमांग पंचायत के ढुब गांव में ग्रामीणों को दी गयी वन अधिकार कानून की जानकारी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** तुमांग पंचायत के ढुब गांव में शुक्रवार को वन अधिकार कानून को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मंजू देवी व संचालन रवि भोगता ने किया। बैठक में वन अधिकार कानून 2006 एवं संशोधित नियम 2012 की धारा 5 और धारा 3 के अधार पर वन संसाधनों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रबंधन गांव सिमाना को लेकर जानकारी दी गई। बैठक में मुकद्दर कुमार, अमृत भोगता, शिवनाथ भोगता, लालमनी भोगता, छोटन भोगता, सूकरमनी भोगता, मंजू भोगता, रवि भोगता,पनवा भोगता, सूरज गंझू, सिकंदर गंझु, उमेश लोहरा, बिनोद भोगता, राजेन्द्र भोगता, मनकु मुंडा, राजू मुण्डा, सुषमा गंझू, रूबी लोहार, मंजू गंझू, कोशिला भोगता, सुनीता मुण्डा, टेपी भोगता आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने सहयोग और श्रमदान कर पतरातू-मैक्लुस्कीगंज मार्ग में बने गड्ढों की भराई की

**खलारी (आजाद सिपाही)।** पतरातु-मैक्लुस्कीगंज मार्ग में चुरी होयर ग्राम के समीप अर्धनिर्मित सड़क में बने गड्ढों को चुरी होयर के ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और श्रमदान देकर भरने का कार्य किया है। ग्रामीणों ने बताया पतरातु-मैक्लुस्कीगंज मार्ग में चुरी होयर गांव के समीप रैयत ग्रामीणों को घर और जमीन का मुआवजा नहीं मिला है, जिस कारण सड़क निर्माण कंपनी द्वारा उक्त स्थान पर सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया। अर्धनिर्मित सड़क में बने गड्ढों में बारिश के मौसम में पानी भर जाने और कीचड़ होने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही थी। दो पहिया वाहनों एवं स्कूली बच्चों के लिए भी उक्त मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया था। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में कई बार विधायक और सांसद सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। अंत में ग्रामीणों ने खुद ही आपसी सहयोग और श्रमदान देकर सड़क के गड्ढों को भर कर चलने योग्य बनाने का बीड़ा उठाया। मौके पर हरिशंकर यादव, लालेष्वर यादव, भूषण यादव, विजय यादव, टेकनारायण यादव, वीरेंद्र यादव, सुरेश यादव सहित अन्य ग्रामीण शमिल थे।

## बुंडू में शौर्य रथ का किया गया स्वागत

**बुंडू (आजाद सिपाही)। शौर्य** रथ गुरुवार को बुंडू पहुंचा, जहां विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और भाजपा नगर मंडल की ओर से उसका भव्य स्वागत किया गया। रथ को गोसाईडीह मोड़ से मांझी टोली, कुम्हार टोली, राधा रानी मंदिर, काली मंदिर और सुभाष चौक थाना टोली होते हुए मौसी बड़ी तक लाया गया। इस अवसर पर आलोक दास की ओर से बाइक जुलूस का नेतृत्व किया गया। मौके पर राजीव झा, अमित उपाध्याय, मनोज चौरसिया, सृष्टि मांझी, राजकुमार महतो, रंजीत लाहेरी, गणेश कुम्हार, परदेसी कुम्हार, बप्पी दे, वापी गांगुली, शिव पंडित, राम रतन भगत, जगतपति पाठक, समर चंद्र दास, सुबोध मुखर्जी आदि मौजूद थे।

## जीवितपुत्रिका व्रत रख माताओं ने संतानों के दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले में शुक्रवार को जीवित्पुत्रिका का त्योहार नेम-निष्ठा के साथ मनाया गया। माताओं ने अपनी संतानों के दीर्घायु होने और सुख-समृद्धि के लिए 24 घंटे का निर्जला उपवास रहकर पूजा- अर्चना की। जीवित्पुत्रिका व्रत के लिए शहर के कर्रा रोड, तोरपा रोड, पिपराटोली, मिश्रा टोली, बड़ाईक टोला सहित आसपास अन्य गांव-मुहल्लों में कई लोगों के घरों में पवित्र पीपल की डाली स्थापित कर सामूहिक पूजन अनुष्ठान किया गया। कई गांवों में महिलाओं ने पीपील के पेड़ की पूजा की और संतान के दीर्घायु होने का आशीर्वाद मांगा। पूजा के बाद पुरोहितों ने राजा जिमुतवाहन और चील-सियार की कथा सुनी। शनिवार की सुबह 10.21 बजे के बाद पारणा कर व्रत का समापन करेंगी। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू, अड़की आदि प्रखंड मुख्यालयों और अन्य ग्रामीण इलाकों में भी जीवित्पुत्रिका का त्योहार धूमधाम से मनाया गया।

### फरमान : अस्पतालों में सभी चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य

# रात में अस्पतालों-स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करें अधकारी: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी लोकेश मिश्र ने जिले के अधिकारियों और चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराया जाय। वे शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया कि अस्पतालों में सभी चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य है। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही बरतने वालों पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रबंधन को देखते हुए आवश्यक प्रयास हर स्तर पर किया जाना आवश्यक है। बैठक के दौरान अनीमिया मुक्त भारत और वाइइएफएस के तहत चलनेवाले कार्याक्रमों में कम उपलब्धि वाले प्रखंडों का लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत उपलब्धता हासिल करने का निर्देश सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को दिया। कहा कि संयुक्त रूप से भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनायें। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को प्रत्येक बुधवार को खिलाये जानेवाले आइएफए गोलियों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिला और सभी प्रखंडों में कैलेंडर के अनुसार रक्तदान शिविर लगाने का निर्देश दिया। डीसी ने डीडीसी को जिला स्वास्थ्य समिति के प्रशासक के रूप में प्रतिनियुक्त किया और उन्हें सदर अस्पताल सहित पीएचसी-सीएचसी के पर्यवेक्षण के निर्देश दिए। डीसी ने सभी बीडीओ को सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक करने एवं प्रत्येक सप्ताह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भ्रमण, विशेष रूप से रात्रि भ्रमण करते हुए रोगियों से चिकित्सा सुविधा, चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की जानकारी लेने का निर्देश दिया। वहीं, 11 अक्टूबर को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में लगने वाले स्वास्थ्य मेले का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया।




स्वास्थ्या विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी लोकेश मिश्रा।

## उपायुक्त ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी लोकेश मिश्रा ने शुक्रवार को ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी से ली। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण से संबंधित विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में डीसी ने सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव का जायजा लिया। सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही तैनात सुरक्षा बलों के लॉग बुक, अग्निशमन यंत्र आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

## खूंटी के 14 जगहों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार ने खूंटी के डीसी को पत्र लिखकर जिले में स्थित पर्यटन स्थलों के विकास को लेकर कार्य योजना बनाकर सरकार को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। सरकार के सचिव द्वारा डीसी को लिखे पत्र में कहा गया है कि खूंटी के विधायक और लोक लेखा समिति झारखंड विधानसभा के सभापति नीलकंठ सिंह मुंडा ने सरकार को इस संबंध में पत्र लिखा था। जिसमें राज्य पर्यटन संवर्धन समिति द्वारा ए वर्ग पर अनुशंसित पचघाघग और उल्लीहातू और बी वर्ग पर अनुशंसित डोंबारी गुरू, दशम जलप्रपात, रीमिक्स फॉल, बाबा अमरेश्वर धाम, लतरातू डैम, बिरसा मृग विहार कालामाटी, पंगुरा जलप्रपात, पेरवाघ, सी वर्ग में अनुशंसित लटरजंग डैम, पंगुरा जलप्रपात और उलूंग व डी वर्ग के रानी जलप्रपात पेलौल डैम को प्रर्यटन स्थल के रूप में घोषित करने क ानिर्देश दिया है।

## रांची जिले के 18 प्रखंडों में जेएसएलपीएस के विभिन्न स्तर के कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जिला अंतर्गत सभी 18 प्रखंडों में शुक्रवार को झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के आह्वान पर आजीविका कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इसकी अगुवाई झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ राँची ईकाई के जिला अध्यक्ष शिव कुमार सिंह एवं राजपति महतो ने किया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ द्वारा पूरे राज्य में पांच सूत्री मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन किया जाना है। जिसमें बीमा नवीकरण, वेतन पुनसंर्चना, यात्रा भत्ता बढ़ोतरी एवं आंतरिक पदोन्नति शामिल है । राज्य संगठन के आह्वान पर पूरे प्रदेश में विभिन्न स्तर के आजीविका कर्मचारियों को अपने क्षेत्र में कार्ययोजना के अनुरूप कार्य का निष्पादन करते हुए काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया था। जिसे शुक्रवार को रांची जिला के सभी प्रखंडों में पालन किया गया। जिला अध्यक्ष ने बताया कि राज्य संगठन द्वारा विगत कई महीनों से मांगों के लेकर प्रबंधन और सरकार से गुहार लगाई जाती रही है। पर अभी तक हमारी मांगों के प्रति प्रबंधन की उदासीनता ही मिला है। दूसरी ओर कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा का भी प्रावधान था, जिसे विगत चार महीना से बंद कर दिया गया है। ज्ञातव्य हो कि स्वास्थ्य बीमा ना होने की स्थिति में कई पीड़ित आजीविका कर्मचारियों का घर की माली स्थिति बिगड़ चुकी है। गौरतलब हो कि स्तर-5 और स्तर-6 वर्ग के कर्मचारियों की वेतन पुनर्संरचना के लिए प्रबंधन द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्राप्त है पर इसके बावजूद अभी तक प्रबंधन की ओर से इस विषय पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। जिससे उपरोक्त वर्ग के कर्मियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि जब तक हमारे मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक इस प्रकार के कार्य विरोध प्रदर्शन अनवरत चलता रहेगा। राज्य संगठन आगे की रणनीति बनाने पर बाध्य होगी। मौके पर जिला अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, सचिव सरिता कुमारी, नीलकंठ कच्छप, प्रनोद कुमार, राजपति महतो, सनातन पाल किन्डो, नवल कुमार, दीपक कुमार, रामकृष्ण महतो, सफरोज, रेहान, अदिबुल आफरीन आदि मौजूद थे।

## विश्व बैंक की टीम ने किया गांवों का भ्रमण, योजनाओं का निरीक्षण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्व बैंक की टीम और राज्य स्तरीय जोहार टीम ने शुक्रवार को मुरहू प्रखंड के हेसेल और बिचना गांव का भ्रमण किया। विश्व बैंक के ओलिवर ब्रैद्त, नतालिया, राज गांगुली, प्रीति कुमार और तथा जेएसएलपीएस की जोहार परियोजना के परियोजना निदेशक दीपक उपाध्याय आदि उपस्थित थे। विश्व बैंक की टीम ने हेसेल गांव में जोहार परियोजना द्वारा स्थापित लिफ्ट इरिगेशन और उच्च मूल्य कृषि आधारित क्षेत्र का भ्रमण किया। साथ ही बिचना गांव में मछली-मुर्गी पालन, मुर्गी शेड, मदर यूनिट का भी जायजा लिया। टीम ने मुरहू नारी फार्मर प्रोडूसर कंपनी के सदस्य और खुशबू उत्पादक समहू की दीदियों के साथ जोहार परियोजना के लाभ और इसके भविष्य की संभावनाओं के संबंध में चर्चा की। विश्व बैंक के ओलिवर ब्रैद्त और नतालिया ने बिचना पंचायत के प्रांगण में पौधा रोपण किया। टीम द्वारा बद्री चौक स्थित जोहार एग्रिमार्ट सेंटर का भी भ्रमण किया गया।

### आजसू नेता ने अपने जन्मदिन पर जनता को सौंपी एंबुलेंस

# क्षेत्र की जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने का कर रहे प्रयास : हरेलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** आजसू नेता व समाजसेवी हरेलाल महतो ने इस साल भी अपने जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र की जनता के लिए एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराया है। निजी खर्च पर ली गई एम्बुलेंस को हरेलाल महतो ने विधिवत अपने जन्मदिन के मौके पर जनता को समर्पित किया। हरेलाल महतो ने धातकीडीह फुटबॉल मैदान में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के हाथों एम्बुलेंस की चाबी सौंपी। हरेलाल महतो ने कहा कि उनके द्वारा निजी स्तर से पहले से ही दो एम्बुलेंस क्षेत्र के जनता की सेवा में उपलब्ध है। उक्त नए एम्बुलेंस होने से अब तीन एम्बुलेंस दिन-रात जनता की सेवा में उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग से क्षेत्र में अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्र में अधिक से अधिक संख्या में एम्बुलेंस उपलब्ध रहेगी तो समय पर जरूरतमंद लोगों को मदद मिलेगी। सही समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध होने पर ही जरूरतमंद/मरीज को अस्पताल ले जाया जा सकता है, जिससे कि समय पर इलाज मिलेगी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रेम प्रखंड अध्यक्ष और अनाथ महतो बने सचिव



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय ईचागढ़ में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब का गठन प्रखंड विकास पदाधिकारी कीकू महतो की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रखंड अध्यक्ष प्रेम कुमार मुर्मू, प्रखंड सचिव अनाथ महतो एवं प्रखंड उपाध्यक्ष सुकुमार सिंह मुंडा को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया। मौके पर ईचागढ़ प्रखंड प्रमुख गुरुपद मार्डी, संजय महतो, प्रताप मांझी, खगेन महतो, कमल उरांव, गुणाधार सिंह मुंडा, राजकपूर कैबर्त, सुधीर उरांव, पांडव महतो, राजीव महतो, त्रिलोचन महतो, अक्षय महतो और सुधांशु महतो आदि उपस्थित थे।

### तमाड़ में जर्जर सड़क पर चलना हुआ मुश्किल



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जिलिगसेरेग बाजार से चालाडीह पुल तक सड़क की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। लोगों का चलना तक मुश्किल हो गया है। इस रोड में बीमार व्यक्ति या गर्भावस्था में माता बहनों को ले जाने के लिए भी बहुत मुश्किल झेलना पड़ रहा है। लेकिन जनप्रतिनिधि इस पर पहल नहीं कर रहे है। आजादी से आज तक यही हाल हैं। आने-जाने के लिए लोग नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं। इसे लेकर संबंधित सभी लोगों को अवगत कराया गया, पर किसी ने कोई पहल नहीं की। सड़क पर दो से तीन फीट पानी जमा हुआ है।

### सोनाहातू में निकाला गया शौर्य जागरण यात्रा

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद ओर बजरंग दल की ओर से निकाली गई शौर्य जागरण यात्रा शुक्रवार को सोनाहातू पहुंचा। सोनाहातू में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी के नेतृत्व में जिला परिषद मार्केट से जामुदाग बजरंगी मंदिर परिसर तक शौर्य जागरण यात्रा निकली गयी।ग्रामीणों ने शौर्य रथ में स्थापित श्री राम लाल की प्रतिमा पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किये। इस दौरान राम मंदिर निर्माण के विषय में लोगों को जानकारी दी गयी। मौके पर सोहन मंडल, अंबुज मंडल, सृष्टिद्धार भगत, भक्ति पद मंडल, भीम प्रसाद गुरु पद मंडल दीपक मंडल, विकास मंडल, सुभाष मंडल आदि थे।

### बुंडू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जितिया का व्रत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शुक्रवार को जीवित्पुत्रिका व्रत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जीवित्पुत्रिका व्रत के लिए महिलाएं जितिया गडकर पूजा अर्चना की और अपने पुत्रों की लंबी आयु की कामना की। पूजा के लिए चारों ओर उमंग का माहौल दिखा। जितिया पर्व को लेकर बुंडू बाजार में भी काफी रौनक दिखी। लोग सुबह से ही पूजा की सामग्री खरीदने के लिए बाजार की ओर रुख कर रहे थे। पूजा की बिक्री से दुकानदारों में भी खुशी है।

### बचरा बिशुझापा में चोरों ने वाल्ब तोड़कर की चोरी

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बिशुझापा स्थित डीजी सेट के समीप गुरुवार की रात चोरों ने चार वाल्ब को छतिग्रस्त कर उसकी चोरी कर ली। वाल्ब चोरी होने के बाद बिशुझापा आवासीय कॉलोनी परिसर में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है। जानकारी के अनुसार बिशुझापा आवासीय कॉलोनी के आसपास अज्ञात चोरों ने बीती रात पानी सप्लाई के लिए लगाया गया वाल्ब को तोड़कर चोरी कर ली। शुक्रवार की सुबह इसकी जानकारी मिलने के बाद कॉलोनी के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और प्रबंधन को दी। जिसके बाद सिविल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और वाल्ब बनाने का कार्य शुरू कर दिया। वहीं, पेयजल आपूर्ति बंद होने से कॉलोनी के लोग काफी परेशान हैं। कॉलोनी के लोगों ने स्थानीय प्रशासन से चोरों पर कार्रवाई करने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक मरम्मत कार्य जारी था।

### पुरानीराय में नौ को जितिया मेले का उद्घाटन, विधायक सुदेश महतो को किया गया आमांत्रित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र के पुरानीराय स्थित झारखंडी मंदिर के पास इस साल भी जितिया जतरा मेला का आयोजन किया जायेगा। मेला समिति की ओर से बताया गया कि सोमवार को मेला का शुभारंभ होगा। 10 अक्टूबर को झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो इस मेला में शामिल होंगे। शुक्रवार को मेला समिति के सदस्यो ने संरक्षक नागेश्वर महतो और अध्यक्ष अर्जुन महतो के नेतृत्व में आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो से मुलाकात कर उन्हें जितिया जतरा मेला के लिए आमंत्रित किया। इस दौरान दोनों ने मेला से संबंधित जानकारी उन्हें दी, जिसके बाद सुदेश महतो ने मेला में शामिल होने की सहमति दी। मौके पर आजसू के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी, नागेश्वर महतो, अर्जुन महतो, राजेश महतो, नरेश महतो सहित मेला समिति के कई लोग मौजूद थे। इधर, मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन महतो ने बताया कि मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से मेला का आनंद उठाने की अपील की है।

### बचरा डीएवी पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के कक्षा एलकेजी से कक्षा दूसरी तक के कुल 100 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक अंग्रेजी कविता को पढ़कर सुनाया। प्राचार्य राजीव रंजन झा ने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बोलने के साथ-साथ अभिनय की प्रतिभा को निखरना है। उन्होंने प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को बधाई देते हुए आगे भी इस तरह के आयोजन में बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की। इस प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी से सुप्रिया कुमारी प्रथम, ईशानी प्रधान द्वितीय और अथर्व आनंद तृतीय स्थान पर रहा। वही कक्षा यूकेजी से अन्वी शाही प्रथम, अमरिया मांझी द्वितीय और प्रिशा गर्ग तृतीय स्थान पर रही। इसके अलावा कक्षा एक से अर्नव चक्रवर्ती प्रथम, जूवारिया इमरान द्वितीय, साक्षी कुमारी तृतीय स्थान पर रही।

# नगड़ी में डेंगू-मलेरिया का कहर

## 20 से अधिक मरीज अस्पताल में, 13 पंचायतों में महामारी का रूप धारण कर चुकी है

**सरकारी अस्पताल सुविधा विहीन, निजी अस्पतालों में किया जा रहा है इलाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** पूरे भादों माह में डेंगू-मलेरिया से पूरा परेशान रहे हैं नगड़ी वासी। दर्जनों लोग करा रहे हैं निजी अस्पतालों में इलाज। नगड़ी स्थित सुविधा विहीन सरकारी अस्पताल में इन बिमारियों का इलाज का किसी भी तरह का प्रबंधन ना होना क्षेत्र के लिए विडंबना कहें या दुर्भाग्य। रांची मुख्यालय से मात्र 17 किलो मीटर दूर स्थित है नगड़ी प्रखंड जहां 13 पंचायत नगड़ी, नारो, देवरी, एड़चोरो, साहेर, सपारोम, चिपरा, कुदलोंग, बलालोंग, दक्षिणी टुंढूल, उतरी टुंढूल लालगुटवा, और चेटे है और करीब एक लाख जनसंख्या है। स्थिति यह है सरकार के अनदेखी के कारण नगड़ी में



डेंगू महामारी का रूप धारण कर चुकी है। यहां के लगभग सभी मुहल्लों में डेंगू से लोग पीड़ित हो रहें हैं। नगड़ी में स्थित तीन चार निजी अस्पतालों में 20 से अधिक डेंगू मरीज भर्ती हैं। इससे कई गुणा अधिक मरीज घरों में रहकर ही अपना इलाज करा रहे हैं। नगड़ी के देवरी मुहल्ला, केशरी मुहल्ला, साहेर रोड, महतो टोली, नारों, पिस्का स्टेशन बस्ती, बांध टोली रोड मुहल्ला सहित अन्य मुहल्लों में दर्जनों लोग डेंगू और मलेरिया से पीड़ित हैं। स्थानीय निजी जांच केन्द्र में औसतन प्रत्येक दिन तीस चालीस लोग डेंगू की जांच कराने पहुंच रहे हैं, जिनमें आधे से अधिक डेंगू से पीड़ित मिल रहें हैं। डेंगू के बढ़ते प्रकोप से लोगों में दहशत का माहौल है। नगड़ी के एक निजी अस्पताल में भर्ती डेंगू से पीड़ित लोगों ने बताया कि वे तीन चार दिनों से यहां भर्ती होकर डेंगू का इलाज करा रहे हैं। अब तक हजारों रुपए खर्च हो चुके हैं । सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी गये थे पर न तो वहां जांच की सुविधा है और न ही इलाज कराने का मजबूरी में यहां भर्ती होना पड़ा। डेंगू का इलाज क्षेत्र में डेंगू के महामारी का रूप ले लेने के बाद भी अब तक स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं खुली है। न तो मुहल्लों में डेंगू लार्वा की जांच और इसे खत्म करने की प्रक्रिया शुरू हुई है और न हीं विभाग की ओर से डेंगू जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। लोग बारह सौ से पन्द्रह सौ रुपए खर्च कर डेंगू की जांच करा रहे हैं। यहां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में न तो डेंगू मलेरिया की जांच कीट उपलब्ध है और ना ही किसी मरीज को भर्ती कर इलाज करने की सुविधा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तीन बजे बंद हो जाती है ।

नगड़ी और आसपास के इलाकों में डेंगू के साथ ही लोग बड़ी संख्या में मलेरिया और टाईफाइड से भी पीड़ित हो रहें हैं। दवा दुकानों और निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। क्षेत्र में फैले डेंगू और मलेरिया से गरीब मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। सरकारी सुविधाओं के अभाव में सभी निजी अस्पतालों और निजी चिकित्सको से पीड़ित किसी तरह अपना इलाज करा रहे हैं। इसी महीने 6 सितंबर को स्वास्थ्य मंत्री नगड़ी में कांग्रेस पार्टी के जनसुनवाई कार्यक्रम उपस्थित थे। तब ग्रामीणों ने क्षेत्र में फैले रहे मच्छर जनित बिमारियों से अवगत कराते हुए अविलंब सभी गांव मुहल्लों में डीडीटी छिड़काव कराने और खून जांच सहित इलाज की व्यवस्था की मांग की थी। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने रांची के सिविल सर्जन को नगड़ी में कैंप लगाने के निर्देश दिये थे। मंत्री के निर्देश पर दो दिन बाद सिविल सर्जन ने नगड़ी स्वास्थ्य केंद्र में दो घंटे के लिए कैंप लगाया और कुछ लोगों की जांच के बाद ब्लड सैंपल लिए गये। उसके बाद फिर कभी स्वास्थ्य विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लोगों ने प्रशासन से नगड़ी प्रखंड में डेंगू के रोकथाम के पहल करने और साथ में डीडीटी छिड़काव, फॉगिंग, ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव की मांग की है।

### अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने आरयू वीसी को सौंपा मांग पत्र

# समस्या का समाधान नहीं हुआ तो होगा उग्र आंदोलनः अभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** फुटबॉल टूर्नामेंट के निमित मांडर महाविद्यालय मांडर में रांची यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ अजीत कुमार सिंनहा को विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधि मंडल ने 7 सूत्री मांग पत्र सौंपा मांग पत्र में प्रमुख मांगे थी लाइब्रेरी में कोर्स बुक अन्य पुस्तकों मुहैया कराना खेलकूद के उपकरण उपलब्ध कराने संबंध में विद्यालय में शिक्षक व कर्मचारियों की नियुक्ति जल से जल्द करने के संबंध में एमकॉम की पढ़ाई स्टार्ट करने के संबंध में विभिन्न विषयों में सीट बढ़ाने और अंग्रेजी और



इकोनॉमिक्स विषय में पीजी की पढ़ाई प्रारंभ करने पीएचडी एंट्रेंस जल्द से जल्द लेने के की मांग की गयी जिला संयोजक उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद विभिन्न लंबे समय से इन मांगों को उठाती आई है अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो महाविद्यालय से लेकर विश्वविद्यालय तक विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगी सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया मौके पर मुख्य रूप से जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी आदर्श प्रसाद कॉलेज इकाई के अध्यक्ष अभिषेक महली नगर मंत्री धीरज सिंह नगर सह मंत्री राजू रजक उत्तम नंद तिवारी चंदन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संत इग्निस बालिका उच्च मध्य विद्यालय में हुई लाखों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** संत इग्निस बालिका उच्च तथा मध्य विद्यालय में गुरुवार की रात्रि में चोरों ने लाखों की चोरी की। इटकी रेलवे स्टेशन के करीब काफी बड़े क्षेत्र में संत एग्नेस बालिका उच्च तथा मध्य विद्यालय अवस्थित है। चोरों ने संत इग्निस बालिका उच्च विद्यालय की चेन गेट में लगे एक ताले को तोरा लेकिन दूसरे तालों को तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुआ। चोर बाथरूम के ऊपर से अंदर प्रवेश किया। चोरों ने सर्वप्रथम सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर फेंक दिया। ऑफिस के गेट की कुंडी तोड़कर अंदर रखे दो कंप्यूटर दो सीपीयू. तथा एक बैटरी



ऑफिस का मुहाना करते प्रधानाध्यापिका अस्मिता बाला कुजूर ।

एक सेट टॉप बॉक्स चुराया। साथ ही ऑफिस की अलमारी में रखे कागज तथा फाइलों को तीतर बीतर कर दिया। अलमारी के लॉकर को तोड़ा और वहां रखे 1000 चुराया वही थोड़ी दूर पर संत.एग्निस मध्य विद्यालय की ऑफिस का भी ताला की कुंडी तोरा। चोरों ने प्रधानाध्यापक सीमा मिज के टेबल के ड्रावर से अलमारी की चाबी निकाल तथा अलमारी में रखें सामान को इधर-उधर किया। खोज बीन करने पर विद्यालय के पीछे स्टेशन की ओर चोरों ने मॉनिटर को फेंक कर चला गया जिसे इटकी थाना ने बरामद किया। थाना प्रभारी अमित प्रशांत के अनुसार जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जायेगा।

# ग्रामीणों ने पीडीएस दुकान का लाइसेंस रद्द करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के नेहालु गांव के 110 लोगों ने बीडीओ को एक संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन देकर गांव में जनवितरण प्रणाली के विक्रेता अमित महिला मंडल के दुकान की अनुज्ञप्ति रद्द करने की मांग की है। आवेदन को पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने भी अग्रसारित किया है। बीडीओ के नाम संयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि नेहालु गांव



बैठक में उपस्थित नेहालु गांव के ग्रामीण।

के अमित महिला मंडल द्वारा पिछले दो वर्षो से अनाज वितरण करने में गड़बड़ी की जा रही है। जिससे ग्रामीणों को बहुत परेशानी हो रही है। पिछले दो सालों से हो रही अनियमितता को लेकर पूर्व में ग्रामीणों ने बैठक किया। साथ ही सुधार करने को कहा। इसके वावजूद कोई सुधार नहीं होने पर लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव भी किया था। वहीं इसमें कोई सुधार नहीं हो पाया। जिसके कारण ग्रामीणों ने शुक्रवार को बैठक कर सर्वसम्मति से पीडीएस दुकान के अमित महिला मंडल के अनुज्ञप्ति को निरस्त करने की मांग बीडीओ से किया है। इधर ग्रामीणों ने आवेदन में लिखा है कि मामले को लेकर सुनवाई नहीं हुई तो वे सभी ग्रामीण सड़क जाम करने को बाध्य होंगे। वहीं पीडीएस दुकानदार सह अमित महिला मंडल के अध्यक्ष मोनिका तिर्की का कहना है कि उन्हें 27 क्विंटल के स्थान पर मात्र 4 क्विंटल अनाज बेड़ो गोदाम से दिया गया है। ऐसी स्थिति में हम लाभुकों को पूरा अनाज कैसे दे पायंगे।

## बेड़ो में बीपी व शुगर मुक्ति योग शिविर आठ से

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मंदिर परिसर स्थित विवाह मंडप में पतंजलि योगपीठ बेड़ो शाखा द्वारा बीपी व शुगर निवारण के लिए 7 दिवसीय योग शिविर आगामी 8 अक्टूबर से लगाया जायेगा। भारत स्वाभिमान संस्था के मुकेश राय ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन प्रातः 5 से 6.30 बजे तक लगेगा। इसमें पेट के सभी रोग, कमर दर्द,सिरदर्द, बीपी, मधुमेह, हृदय रोग, जोड़ों का दर्द,मोटापा शारीरिक कमजोरी सहित अन्य रोगों से बचाव के लिए योग करने के लिए बताया जायेगा। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क जांच शिविर भी लगाया जायेगा। इस शिविर में भाग लेने और विशेष जानकारी के लिए मुकेश, एसपी साहू व अशोक से संपर्क कर सकते हैं।

## वन अधिकार समिति के अध्यक्ष बने धनंजय कुमार राय

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव में शुक्रवार को वन अधिकार अधिनियम योजना के तहत वन अधिकार समिति के गठन हेतु ग्राम प्रधान विनोद उरांव की



अध्यक्षता में पंचायत के मुखिया सुशांति भगत व पर्यवेक्षक अमित केरकेट्टा के उपस्थित में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।जिसमें अध्यक्ष धनंजय कुमार राय सचिव कृष्णा लोहरा कोषाध्यक्ष मोहन उरांव सदस्यों में खुशी उरांव,लिंझी उरांव,ईलम देवी, असरोता उरांव, रुपनी उरांव,महेंद्र उरांव, मोहन उरांव,अनिल गोप,रवि उरांव,राजेंद्र गोप,सुका उरांव, संजीव कुमार भगत को बनाया गया। वही अध्यक्ष द्वारा ग्रामीणों को वन अधिकार को विस्तार से जानकारी दिया गया ।बैठक में पंसस राखी भगत जिप सदस्य प्रतिनिधि जगरनाथ भगत जिंगुवा टाना भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

## महिलाओं ने जितिया का व्रत रखा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** संतान की सुख, समृद्धि व उनकी दीघार्यु के लिए सुहागिन महिलाओं ने शुक्रवार को निर्जला उपवास जितिया का व्रत रखा। इसके साथ ही



प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के सभी गांवों में धूमधाम और पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने अपने पूर्वजों को नमन किया और व्रत के सारे अनुष्ठान किया। देर शाम से समूहों तथा अपने घरों में व्रती महिलाओं ने बांस के डलिया में मिष्ठान्न, पकवान, फल, फूल सजा कर जिउतिया की कथा का श्रवण किया। व्रती माताओं ने अपने संतानों के लिए पूजा की। इस दौरान कई गांव में जिउतिया का पूजा दिन में भी किया गया। वहीं अपने पुत्र की मंगलकामना के लिए जीवितपुत्रिका व्रत (जिउतिया) गुरुवार को नहाय खाय के साथ प्रारम्भ हुई यह व्रत शनिवार को पारण के साथ निर्जला व्रत का पूजा कर समापन किया जायेगा।

## बूथ सशक्तिकरण के निमित्त बैठक आयोजित

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** भाजपा ठाकुरगाव मंडल में बुथ सशक्तिकरण के निमित आयोजित बैठक में बुथ सत्यापित का कार्य किया गया। पिठोरिया मंडल के सभी 40 बुथो का सत्यापन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव ने किया और बूथ सत्यापन किया। बैठक में प्रभारी के रूप में ग्रामीण महामंत्री नरेंद्र सिंह उपस्थित थे। बैठक में जिप सदस्य मनोज बाजपई ने बैठक में उपस्थित बूथ अध्यक्षों से अपने अपने बूथ को मजबूत करने की बात कही साथ ही आने वाले चुनाव में अपने बूथ से जीत सुनिश्चित हो। बैठक में मंडल के सभी 40 बूथ अध्यक्ष उपस्थित थे साथ ही पशुपतिनाथ शाहदेव, संभु यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बूथ सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बूथ सत्यापन कार्यक्रम चलाया गया

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चंद्रा, सदमा, कुचु, बरवे, चकला, हेंदेबिली, टूडाहुली, बारीडीह, पांचा एवं चाड़ू में बैठक कर बूथ अध्यक्ष, संयोजक, सह संयोजक का सत्यापन किया गया। साथ ही निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को हटा कर नये लोगों को मौका दिया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर से लेकर राष्टीय स्तर तक बूथ को ऑन लाइन जोड़ रही है। पार्टी द्वारा निर्देशित कार्यक्रम में सभी बूथ ऑन्लाइनजुड़ कर जानकारी ले पायेंगे।

# विजेता टीम को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, झारखण्ड के द्वारा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वाधान में हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव में आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई कबड्डी प्रतियोगिता बालक और बालिका का सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। बालक वर्ग अंडर 14 हजारीबाग विजेता, बोकारो उपविजेता तृतीय स्थान चतरा एवं रांची की टीम। अंडर 17 बालक वर्ग पाकुड़ विजेता, बोकारो उपविजेता तृतीय स्थान गिरिडीह और धनबाद टीम अंडर-19 बालक वर्ग कोडरमा विजेता, उपविजेता गढ़वा ,तृतीय स्थान पलामू और दुमका की टीम। बालिका वर्ग अंडर 14 साहिबगंज विजेता, गढ़वा उपविजेता ,तृतीय स्थान दुमका एवं पलामू की टीम। अंडर 17 बालिका वर्ग रांची विजेता, उपविजेता कोडरमा तृतीय स्थान पलामू एवं जामताड़ा की टीम। अंडर-19 बालिका वर्ग साहिबगंज विजेता, रांची उपविजेता, तृतीय स्थान



रामगढ़ और पाकुड़ की टीम। मौके पर राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए सोरेंग ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के बीच ट्रॉफी और मेडल का वितरण किया। इस प्रतियोगिता में अंडर 14/17/19 बालक एवं बालिका वर्ग के 1728 खिलाड़ी, 288 कोच मैनेजर भाग लिए। प्रतियोगिता में शामिल रहे खिलाड़ियों से सभी 6 आयुवर्ग की टीम का चयन किया जायेगा। चयानित खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जायेगी, ज्ञात हो कि अंडर 14 बालक एस जी एफ आई नेशनल रांची में तथा अन्य वर्ग आंध्रा, तेलंगाना, कर्नाटका में होना है।

# संतान की दीघार्यु के लिए रखा जितिया व्रत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** क्षेत्र में शुक्रवार को जिउतिया का पर्व श्रद्धाःभक्ति और धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर ईश्वर से संतान की लंबी उम्र तथा हर दुख व बाधा से बचाने की कामना की। जिउतिया को ले महिलाओं ने दिनभर उपवास रखा। पूजा के बाद जिउतिया का धागा बांधकर पुत्र-पुत्रियों की लंबी उम्र की कामना की। नामकुम के शहरी क्षेत्र में धूमधाम से जिउतिया का पर्व मनाया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामूहिक रूप से जिउतिया की पूजा की। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी पर्व



की धूम रही। आरा, महिलौंग, टाटी पूर्वी, टाटी पश्चिम, चतरा, हहाप, खरसीदाग, खिजरी, बरगावां, सिदरौल, लालखटंगा, रामपुर, पिंडारकोम आदि पंचायतों में भी जिउतिया का पर्व मनाया गया। पर्व को ले सुबह से ही बाजार में चहल पहल देखी गयी। बाजार में भीड़-भाड़ की स्थिति रही। लोग पूजा में आने वाले आवश्यक सामग्री की खरीददारी में लगे रहे। फल, किराना, सब्जी आदि की दुकानों पर भीड़-भाड़ की स्थिति रही। पर्व के कारण फल एवं सब्जी की मांग बढ़ने के कारण फल व सब्जी के दामों में इजाफा देखा गया।

## शिव प्रसाद साहू कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महासचिव मनोनीत किये गये

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू ने शिव प्रसाद साहू को ओबीसी मोर्चा का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया है। शिव प्रसाद साहू को प्रदेश महासचिव मनोनीत किए जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय खिजरी विधायक राजेश कच्छप कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक के सलाहकार रमेश उरांव प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुलसी खरवार, सुरेश प्रसाद साहू सुरेश कुमार बैठा, मंजूर अहमद अंसारी, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, अशोक कुमार गुप्ता, मुंतज़िर अहमद रजा,रवि साहू,सुशील यादव, हरिप्रसाद यादव,श्रीमन ओझा, हरिमोहन महतो, रशीद अंसारी, शमीम अंसारी, विनीता कुजूर, शोभा देवी, अनीता सिंह, मीनाक्षी कच्छप,रमेश चंद्र उरांव, बधाई और शुभकामना दिया।

## लापुंग में जितिया का पर्व मनाया पुत्र की लंबी आयु की कामना की

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** जीवीत पुत्रिका व्रत जितयऊ का पर्व हषोर्लाश पूर्वक मनाया जा रहा है। यह व्रत अपने पुत्रों का दीघार्यु होने के लिए सुहागिन महिलाएं मनाती है। यह पर्व तीन दिनों तक



निर्जला उपवास कर आठो अंग में श्रृंगार कर सजधज कर पूजा करने जाती है। कल शनिवार को जितिया की डाली को विषर्जन कर सुबह10 बजे स्नान के उपरांत गांडा का पारण कर व्रत को शर्बत पीकर तोड़ती है। इस पर्व में चील्ह और सियार दो सगी बहनों की कथा पंडित के द्वारा सुनाई जाती है। इसमे खीरा बेटा, मौसमी फल,प्रसाद और आठ तरह की सब्जी को जितिया के व्रत में नया डलिया में सजाकर पूजा स्थल पर ले जाते है।

## विधायक की ओर से साड़ी का वितरण किया गया



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग प्रखण्ड में विधायक ने करम व जितिया पर्व के अवसर पर विधायक द्वारा साड़ी उपलब्ध कराया गया। उसका वितरण लापुंग प्रखंड के दोलैचा पंचायत में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने प्रतिनिधियों से बंटवाए जितिया पुजा के उपलक्ष्य में साड़ी दोलैचा पंचायत के विभिन्न गांवों में साड़ी का वितरण विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक, पंचायत अध्यक्ष दुर्गा नाथ पाईक चरकु भगत, परमेश्वर पाईक, संतोष कुमार साहू मौके पर उपलब्ध था। साड़ी पाकर महिलाएं अपने को बहुत खुश हुए।

## अनियंत्रित कार 10 फिट नीचे गिरी

**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी तीन सीमानी के पास एक अनियंत्रित मारुति कार 10 फिट नीचे खेत मे पलटा गया। घटना शुक्रवार 2 बजे की है। कार में तीन युवक सवार थे। तीनो युवक काठीटांड पिर्रा के



रहने वाले है। हादसे में एक युवक को चोट आई है। जिसका इलाज निजी अस्पाल में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक तीनो युवक मारुति के 10 कार जेएच 01 सीएक्स - 6941 में सवार होकर आईटीबीपी की ओर निकले थे। हुरहुरी तीन सीमानी के घुमावदार मोड़ पर कार से अपना नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से 10 फिट गहरी खेत मे जाकर पलट गया। कार रातु पिर्रा निवासी रामाधीर तिवारी की बताई जा रही है।

## प्रेमी-प्रेमिका ने महादानी मंदिर में किया विवाह

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महादानी मंदिर परिसर स्थित महादानी मंदिर में शुक्रवार को जरिया से भागकर एक प्रेमी प्रेमिका ने विवाह कर लिया। लड़का प्रदीप कुमार महतो बेड़ो जरिया नहरटोली का



रहने वाला है। जबकि लड़की पूनम उरांव बेड़ो के मासु गांव की रहने वाली है। दोनों के बीच पिछले चार साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। लड़की का कहना है कि उसके स्वजन किसी अन्य लड़के से उसकी शादी करना चाह रहे थे। इस कारण वह अपनी मर्जी से प्रदीप कुमार महतो के साथ महादानी मंदिर में भगवान भोलेनाथ को साक्षी मानकर शादी कर ली। वही प्रदीप का कहना है कि फिलहाल वह बेरोजगार है। अगर उसके घर वाले इस शादी को नहीं मानेंगे तो वह बेड़ो में ही रह कर कुछ काम करेगा, ताकि जीवन यापन कर सके। मौके पर रमेश महतो सुमित तिर्की समेत कई लोग मौजूद थे।

## ब्रांबे पंचायत भवन में किसान महोत्सव का आयोजन

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड के 17 पंचायत में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक सबकी आकांक्षा सबका विकास शीर्षक के साथ संकल्प सप्ताह का



आयोजन मांडर प्रखंड के सभी गांव एवम पंचायत में आयोजित की जा रही है। इस संकल्प सप्ताह के चौथा दिन किसान महोत्सव का आयोजन सभी पंचायतों में की गयी। आज दिनांक 06 अक्टूबर को ब्राम्बे पंचायत भवन में किसान महोत्सव का आयोजन किया गया।

## भाजपा मंडल ने शौर्य रथ का स्वागत किया

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शोर्य रथ गुरुवार को बुंडू पहुंचा जहां विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और भाजपा नगर मंडल के द्वारा शौर्य रथ का भव्य स्वागत किया गया तथा रथ को गोसाईडीह मोड़ से मांझी टोली कुम्हार टोली राधा रानी मंदिर काली मंदिर सुभाष चौक थाना टोली होते हुए मौसी बड़ी तक लाई गई इस रथ यात्रा को महिला पुरुष बच्चे बूढ़े जगह-जगह पर स्वागत किया एवं पुष्प वर्षा किया इस अवसर पर आलोक दास के द्वारा मोटरसाइकिल जुलूस का नेतृत्व किया गया इस अवसर पर राजीव झा अमित उपाध्याय मनोज चौरसिया सृष्टि मांझी राजकुमार रंजीत गणेश परदेसी बप्पी दे वापी गांगुली शिव पंडित राम जगतपति पाठक समर चंद्र दास सुबोध मुखर्जी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे

# कुशवाहा समाज ने दी दिगवंत पत्रकार को श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** कुशवाहा भवन में गुरुवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर कुशवाहा समाज के लोगों ने दिगवंत पत्रकार सुबोध सिन्हा के चित्र पर श्रद्धासुमन पुष्प माला अर्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट

**सुबोध उद्यान निर्माण का लाया प्रस्ताव**



का मौन रखा। साथ ही उनके द्वारा पत्रकारिता के माध्यम से की गयी समाज सेवा और उल्लेखनीय कार्यों पर चर्चा की गयी। इस दौरान मुक्ति धाम स्थल पर सुबोध उद्यान निर्माण करने का एक प्रस्ताव भी पारित की गयी। मौके पर पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर, विजय, जगमोहन सहित दर्जनों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

**हुंकार : जनसभा में राज्य सरकार पर जम कर बरसे मरांडी, केंद्र की गिनायीं उपलब्धियां**

# झारखंड में कानून व्यवस्था फेल सरकार लूट में व्यस्त : बाबूलाल

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की जनसंकल्प यात्रा पहुंची विश्रामपुर, जनसभा में उमड़ी भीड़

कौशल किशोर

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की जनसंपर्क यात्रा शुक्रवार को बिश्रामपुर पहुंची। यहां उन्होंने जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक और संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार के संरक्षण में झारखंड में लूट मची हुई है। राज्य की खनिज संपदाओं को लूटा जा रहा है। जंगल और जमीन को बेचा जा रहा है। राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है।अपराधियों और उग्रवादियों को संरक्षण दिया जा रहा है। पुलिस वालों से बालू में उगाही करायी जा रही है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। श्री मरांडी ने हेमंत सरकार पर जम कर हमला किया। कहा कि जो लोग कहते थे कि हेमंत है, तो हिम्मत है, वे लोग अब इडी के डर से हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट की दौड़ लगा रहे हैं। जब कोई गलती नहीं की, तो भागे-भागे क्यों फिर रहे हैं, डर क्यों रहे हैं। इडी दफ्तर जाइए और कहिए कि कोई गड़बड़ नहीं की। अगर गड़बड़ी की होगी, हो तो सजा भुगतनी ही होगी। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि केंद्र में गरीबों, गांवों और महिलाओं की सरकार है। जो विकास को रफ्तार के साथ गांव-गांव, घर-घर पहुंचा रही है। मोदी सरकार सेवा, समर्पण, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है। केंद्र की हर कल्याणकारी योजना गरीबों पर केंद्रित कर संचालित की जा रही है। श्री मरांडी ने कहा कि मोदी को हराने के नाम पर पैसा और परिवार बचाने के लिए फिर से एक नया गठबंधन बना है, लेकिन जनता सब जानती है। राज्य और देश लुटनेवालों को जनता फिर नकारेगी और तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र में मोदी की सरकार बनेगी।



विश्रामपुर में सभामंच पर गदा लेकर झारखंड सरकार के खिलाफ हुंकार भरते भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य।

### विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने गिनायीं अपने कार्यकाल की उपलब्धियां

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि जब 1995 में पहली बार विधायक बना तो विश्रामपुर विस क्षेत्र का विकास होना शुरू हुआ। हमने दो प्रखंड से सात प्रखंड बनवाया। दो नगर निकाय का गठन कराया। विकास को गांवों तक पहुंचाया। विश्रामपुर को शिक्षा का हब बनाया। क्षेत्र में सड़कों का जाल विछाया। पुल पुलिया बना कर गांवों को मुख्यालय से जोड़ा। श्री चंद्रवंशी ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार बालू, शराब और खनिज संपदा बेच रही है। राज्य के विकास से हेमंत सरकार का कुछ लेना देना नहीं है। उन्होंने बाबूलाल मरांडी की जम कर तारीफ की और कहा कि जमीन से जुड़े हुए और झारखंड के सर्वमान्य नेता हैं। केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी व्यक्ति नहीं, शक्ति का नाम है। इसीलिए तो पूरा देश कहता है कि मोदी है तो मुमकिन है। इससे पहले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने श्री मरांडी को गदा और तलवार भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर पलामू सांसद वीडी राम, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, बालमुकुंद सहाय, कृष्ण कुमार मिश्रा उर्फ दाऊ मिश्रा, विनय जयसवाल, ओमप्रकाश केशरी, विनोद सिंह, भोला चंद्रवंशी, शिवधारी राम, ममता भुइंया, टिकैत चौबे, जिला पार्षद विजय रविदास, धर्मदेव सिंह यादव, मिथलेश पांडेय, सी एस दुबे, राजन पांडेय, प्रभात भुइंया, अविनाश वर्मा, अजय दुबे, शंकर यादव, कृष्ण गुप्ता, पंकज तिवारी, पंकज कुमार लाल, जवाहर पासवान, कुश कुमार ओझा, सुनील पांडेय, सुशील शुक्ला, अनुज पांडेय, नरेंद्र पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, किशोर पांडेय, बबन राम, अमरेश तिवारी, शिवबंश मिश्रा, नरसिंह चौबे, दिलीप तिवारी, किरण शर्मा, किरण देवी, विजय कुमार रवि, सुनील कुमार चौधरी, संजय ठाकुर सहित कई भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा और मोदी का विकल्प नहीं: वीडी राम

**पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि देश में भाजपा और मोदी का कोई विकल्प नहीं है। भाजपा देश को प्रगति की राह पर लेकर जा रही है। मोदी के नेतृत्व में हिंदुस्तान विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गांवों को भी वही सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है, जो शहरों में उपलब्ध है। उन्होंने अपनी उपलब्धियां भी गिनायीं। कहा कि प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र में 1200 किमी रोड बनी है। फोर लेन और बाइपास का निर्माण हो रहा है। राज्य का सबसे बड़ा पुल सोन नदी पर बन रहा है।**

## कई पंचायत प्रतिनिधि हुए भाजपा में शामिल



**विश्रामपुर/ पलामू (आजद सिपाही)।** जनसंकल्प यात्रा के दौरान विश्रामपुर में आयोजित जनसभा में कई पंचायत प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सभी का माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री मोदी में विश्वास रखते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं। सांसद बीडी राम और विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के विकास कार्यों से भी हम लोग प्रभावित हैं। वहीं, भाजपा में शामिल होने वालों में सिगसिगी मुखिया किरण देवी, पिंटू चौधरी, पंसस बेलो शुक्ला, विनोद चौधरी, विनय चौधरी और इलायची भुइंया आदि शामिल है।

## जगह-जगह हुआ बाबूलाल मरांडी का स्वागत

**विश्रामपुर/पलामू (आजद सिपाही)।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया। रेहला कोयल पुल के पास भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। उसके बाद बाइक जुलूस के साथ बाबूलाल जी के काफिले की आगवानी करते हुए आगे बढ़े। बी मोड़ के पास जिला पार्षद विजय रविदास ने अपने समर्थकों के साथ पारंपरिक ग्रामीण वाद्ययंत्र की धुन के बीच पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वहीं वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव ने भी स्वागत किया। विश्रामपुर में विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने खुद कार्यकर्ताओं के साथ बाबूलाल मरांडी का स्वागत किया। इस दौरान उत्साहित कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की।

## तीन दिनों से लापता व्यक्ति का शव बरामद जांच में जुटी पुलिस

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** देवरी ओपी थाना क्षेत्र से विगत तीन दिनों से लापता 50 वर्षीय व्यक्ति का शव शुक्रवार को बरामद हुआ। उसकी पहचान सोहराई राम के रूप में हुई है। वह देवरी कला गांव के गोला का रहने वाला था। सोन नदी में डूबने से मौत हुई है। गौरतलब हो कि तीन दिन पहले अधेड़ सोहराई राम घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई खोज खबर नहीं मिली। अंत में थक हार कर देवरी ओपी थाना में गुमशुदगी का सनहा दर्ज करवाया गया था। इसी बीच शुक्रवार को दंगवार बरवाडीह गांव के सामने सोन नदी से उसका शव बरामद हुआ। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गयी। कुछ घंटे बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही जांच में जुट गई।

## अवैध खनन बर्दाश्त नहीं, इससे जुड़े लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजें अधिकारी: डीसी

### डीसी के निर्देश पर छतरपुर पहुंचे डीएमओ, बिना सीटीओ के संचालित तीन क्रशर को किया सील, मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिसे में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम को लेकर डीसी शशि रंजन गंभीर हैं। इसी का असर है कि जिले में डीएमओ द्वारा लगातार छापामारी जारी है। इसी क्रम में डीएमओ ने गुरुवार को छतरपुर में बगैर सीटीओ के संचालित हो रहे तीन क्रशरों को सील कर दिया। इनमें मेसर्स तिरूपति बालाजी कंट्रक्शन (जिसके पार्टनर बिहार के कैमुर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र निवाली रूद्र कुमार पांडेय उर्फ नंदजी पाण्डेय), मौजा मडवा, थाना पिपरा, खाता संख्या-20, प्लॉट संख्या-122 नया 62 पुराना, खाता संख्या 01-प्लॉट संख्या-129 नया, 62 पुराना के अलावा सर्वश्री एमसीसी महादेव कंट्रक्शन कंपनी पार्ट अनिल कुमार सिंह, मौजा अर्जुनडीह, थाना छतरपुर, खाता संख्या-26 प्लॉट संख्या-163, और अशोक कुमार सिंह मौजा बरहीहा, थाना छतरपुर, खाता संख्या-25, प्लॉट संख्या-600 शामिल है। इस अवसर पर डीसी ने सख्त लहजे में कहा कि जिले में कहीं भी अवैध खनन या परिवहन किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन से जुड़े लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजना सुनिश्चित करने को कहा। डीसी ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने डीएमओ को सक्रीय होकर जिले के सभी क्षेत्रों में अभियान चलाकर इलीगल क्रशर,इट भट्टे, व अवैध परिवहन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के निर्देश दिया हैं।



## तीरंदाजी में पलामू की प्रतिभा ने राज्य में लहराया अपना परचम : अविनाश देव



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में 15वीं झारखंड राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित हुआ, जहां पलामू जिले के संत मरियम विद्यालय से 17 बच्चों ने भाग लिया। इन बच्चों में प्रीतम राज सिल्वर, क्षितिज सिंह ब्रांज मेडल लेकर संत मरियम विद्यालय व पलामू के नाम को रोशन किया। दोनों प्रतिभागी बच्चे एवं प्रशिक्षक सुमित बर्मन को विद्यालय के मंच से पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र व मेडल देकर अविनाश देव ने सम्मानित किए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक दौर में पलामू अति पिछड़ा जिला होने के कारण निशाना चूक जाता था। संचार और यातायात दुर्गम होने के कारण यहां के लोग मुकाम हासिल करने से वंचित हो जाते थे। किसान मानसिकता के कारण अभिभावक खेल को फालतू समझते थे। लेकिन आज सरकार भी खेल को बढ़ावा और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर कैरियर देने का काम किया। जिसका नतीजा है कि पलामू के बच्चे खेल के मैदान नहीं रहने के बावजूद खेत खलिहान में अभ्यास कर मकई मडुआ खा कर भी मेडल ला रहे हैं। मेरा एक ही सुझाव रहेगा चाहे जितनी विकट परिस्थिति हो उतना ही मन लगा कर पढ़ाई करना है। जहां भी आपकी रुचि हो वही क्षेत्र को चुनना है। सभी कर्मक्षेत्रों का एक ही मकसद होना चाहिए राष्ट्रनिर्माण, आपसी भाईचारा, प्रेम और मजबूत लोकतंत्र। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## समावेशी शिक्षा के तहत एनवायरमेंट बिल्डिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर समावेशी शिक्षा के तहत हुसैनाबाद प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए एनवायरमेंट बिल्डिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता ने किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में प्रतिभागी भाग लिए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ड्राइंग और रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोखराही की छात्रा प्रियंका कुमारी, द्वितीय स्थान तौसीफ रजक और तृतीय स्थान उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलबीघा के छात्र अंश कुमार रहा। दिव्यांग बच्चों के लिए रंगोली और पेंटिंग आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड स्तरीय समावेशी शिक्षक विनोद कुमार एवं रणविजय सिंह ने किया। वहीं, प्रतियोगिता को सफल बनाने में सनी दास, विनय सिंह और श्रीकांत चौधरी आदि का अहम योगदान रहा।

## कड़ी मेहनत और लगन से ही मिलती है सफलता : कमलेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के सूदूरवर्ती सरसोत पंचायत भवन स्थित मैदान में शुक्रवार को बुद्धा क्रिकेट टूर्नमेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने फिता काट कर किया। खिलाडियों से परिचय प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में कड़ी मेहनत और लगन से सफलता मिलती है। गांव स्तर पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होना सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत करने वाले गांव स्तर पर भी सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाडी पैदा हो सकते हैं।

इस मौके पर मंचासीन श्यामउदित पासवान, सुरेंद्र कुमार सिंह, काजू कुमार, छोटू कुमार, नंदन विश्वकर्मा, विनोद बैठा के अलावा बुद्धा क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष छोटू कुमार, सचिव संतु कुमार, कोषाध्यक्ष राजा कुमार, सदस्य रितु राज, प्रेम राज, राहुल कुमार, गोलु कुमार, रोहित कुमार, श्रवण कुमार सहित सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



भारत का एशियाड खलों में ऑल टाइम बेस्ट परफॉर्मेंश जारी है। 13वें दिन भारत की मेंस हॉकी टीम ने इतिहास रचते हुए नौ साल बाद 2018 के स्वर्ण पदक विजेता रहे जापान को 5-1 से रौंद कर स्वर्ण पदक जीता।

**स्वर्णिम सफर जारी : स्वर्ण पदक विजेता जापान को 5-1 से हराया, पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालिफाई**

# एशियाड में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**हांगझोऊ।** चीन के हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने इतिहास रच दिया है। स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारत ने 2018 के स्वर्ण पदक विजेता जापान को 5-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने हॉकी में नौ साल बाद इन खेलों में स्वर्ण हासिल किया है। पिछली बार एशियाई खेलों में भारत ने 2014 इंचियोन एशियाई खेलों में स्वर्ण जीता था। वहीं, 2023 और 2014 से पहले 1966 और 1998 के एशियाई खेलों में भी भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्वर्ण अपने नाम किया था। चार स्वर्ण के अलावा टीम इंडिया ने 1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 1994, 2002 एशियाई खेलों में रजत जीता था, जबकि 1986, 2010 और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पर कब्जा जमाया था। भारत ने जापान पर प्रभावी तरीके से जीत हासिल की है। भारत की ओर से मनप्रीत सिंह (25वें मिनट), अमित रोहिदास (36वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट) और अभिषेक (48वें मिनट) में गोल दागे। जापान की ओर से एकमात्र गोल तनाका सेरेन ने किया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाईं। भारत को कुछ पेनल्टी कॉर्नर भी मिले, लेकिन गोल करने में नाकाम रही। दूसरे क्वार्टर में 25वें मिनट में भारत ने पहला गोल दागा।

पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह ने रिवर्स हिट पर गोल किया और भारतीय टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम तक भारत ने जापान पर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। तीसरे क्वार्टर में 32वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से बेहतरीन गोल दागा। इससे भारत की बढ़त 2-0 की हो गई। इसके बाद 36वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से बेहतरीन गोल किया और भारत की बढ़त 3-0 की कर दी। चौथे क्वार्टर में 48वें मिनट में अभिषेक ने फील्ड गोल किया और टीम इंडिया की बढ़त 4-0 की कर दी। इसके बाद 51वें मिनट में जापान के तनाका सेरेन ने पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से गोल दागा। इसके बाद 59वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत ने ड्रैग फ्लिक पर एक और शानदार गोल दागा और भारत की जीत लगभग निश्चित कर दी। इसके बाद दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। इस तरह टीम इंडिया ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।



### 13वें दिन एक स्वर्ण समेत जीते नौ मेडल

**चीन के हांगझोउ में चल रहे एशियन गेम्स के 13वें दिन भारतीय प्लेयर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। दिन का इकलौता गोल्ड हॉकी में आया। भारतीय मेंस हॉकी टीम ने जापान को गोल्ड मेडल मैच में 5-1 से हराया। इसके साथ ही पेरिस ओलिंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई भी कर लिया है। वहीं, भारत ने इस दिन 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल सहित कुल 9 मेडल जीते है। कुल मेडल संख्या 95 हो गई है। भारत अब 100 मेडल का आंकड़ा छूने को तैयार है। आज 9 मेडल जीतने के बाद भारत की पदक संख्या 95 हो गई है।**

### पूल राउंड में भी भारत-जापान के बीच हुआ था मुकाबला

दोनों टीमें पूल राउंड में भी आमने-सामने आई थीं। तब भारत ने जापान को 4-2 से हराया था। अब दोनों टीमें फिर से आमने-सामने हैं। सेमीफाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को 5-3 से और जापान ने चीन को 3-2 से हराया था। कांस्य पदक कोरिया ने जीता। तीसरे स्थान के लिए मैच में उसने चीन को 2-1 से हरा दिया।

## सतरबरवा में जागरूकता शिविर का आयोजन



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय सतबरवा के सभागार में शुक्रवार को कन्या विवाह विकास समिति के तत्वाधान में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सतबरवा बीडीओ राजकिशोर प्रसाद शामिल हुए। बैठक में दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल विवाह एवं भ्रूण हत्या के प्रति लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। मौके पर उपस्थित समिति के सचिव विकास कुमार माली ने बाल विवाह पर चर्चा करते हुए आगामी 6 दिसंबर को गढ़वा टाउन हॉल में होने वाले 101 कन्याओं का सामूहिक विवाह की जानकारी दी। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सहायिका समेत उषा कुमारी, पुष्पा देवी टिंकू तिवारी, हसीबुल अंसारी आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 07 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in
11

**हिदायत :** कांग्रेस की जनसुनवाई कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री ने सुनी लोगों की समस्याएं

# अपराधियों की जगह सिर्फ जेल में ही है: मंत्री बन्ना गुप्ता

**लोगों की समस्याएं सुनने के बाद फोन पर ही अधिकारियों को दिया निवारण का निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता शुक्रवार को धनबाद के दौरे पर थे। उन्होंने हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को फोन पर उन्हें दूर करने का निर्देश दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जनसुनवाई कार्यक्रम में पहुंचे थे।



लोगों की समस्याओं को सुनते धनबाद के प्रभारी व राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने किया। जनसुनवाई में लोग रानीबांध तालाब के समीप धनबाद-बरवाअड्डा मुख्य मार्ग पर जल जमाव, गोविंदपुर अंचल में जमीन की फर्जी रसीद काटने, बाजार समिति में पैसे लेकर दुकान न देने, बीबीएमकेयू में इंटर की पढ़ाई शुरू करने, झमाडा के आश्रितों को अनुकंपा पर नौकरी देने जैसे मामले लेकर पहुंचे थे। जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से रू-बरू होते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दर्जनों प्रकार की समस्याओं से संबंधित आवेदन मिले हैं। इसमें प्रमुख रूप से रानीबांध तालाब के समीप सड़क पर जल जमाव, कोयला खनन में नियमों की अनदेखी, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, पुलिस विभाग से संबंधित, मकान का रसीद नहीं कटने जैसे मामले हैं। इन सभी मामलों को संबंधित अधिकारी को फोन और पत्राचार के माध्यम से अवगत कराते हुए इनका निराकरण करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि आम लोगों की तकलीफ को जानें और उन्हें सुलझाने का प्रयास करें। धनबाद जिले में बढ़े अपराध को लेकर सवाल करने पर मंत्री ने कहा कि अपराधियों के लिए एक ही जगह है जेल। कई अपराधी सलाखों के पीछे जा रहे हैं। जो बाहर हैं वे भी जल्द ही सलाखों के पीछे नजर आयेंगें। उन्होंने कहा कि किसी को भी अमन और शांति भंग की इजाजत नहीं है।

## दो बाइक चोर गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**कतरास (आजाद सिपाही)।** तेतुलमारी पुलिस ने राजगंज पुलिस की सहयोग से दो बाइक चोर को पकड़ कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। बताते चले कि रविवार को ईस्ट बसूरिया निवासी मछली विक्रेता संजय निषाद की बाइक भूली स्थित झारखंड मोड़ के हटिया से चोरी हो गयी थी। उसने इसकी शिकायत स्थानीय थाना में की थी। इसी बीच संजय तेतुलमारी के गुरुवार हटिया पुनः मछली बेचने गया था, जहां संयोगवश उक्त दोनों बाइक चोर ने संजय के सामने चोरी की बाइक लगाकर खड़ी की। वे लोग एक अन्य बाइक लेकर भागने की फिराक में थे। तभी लोगों ने देख लिया और घेर कर मोहम्मद तौहीद नामक एक अपराधी को पकड़ कर तेतुलमारी पुलिस को सौंप दिया। जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। वहीं, तेतुलमारी पुलिस ने पकड़े गए बाइक चोर की निशानदेही पर राजगंज थाना के गोविंदडीह में राजगंज पुलिस के सहयोग से मोहम्द जानी उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बाइक चोर राजगंज थाना क्षेत्र के गोविंदडीह के ही रहने वाले हैं।

## विधायक कुमार जयमंगल ने निजी मद से करायी जर्जर सड़क की मरम्मति



**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह प्रखंड के जैनामोड़ फूसरो मार्ग मेन रोड से लेकर जैना बस्ती तक सड़क की स्थिति बहुत दयनीय है। लोगों को इस खराब सड़क से आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना परड़ा था। आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती थी। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह से इसकी मरम्मती करवाने की गुहार लगाई। इस पर विधायक ने संज्ञान लेते हुए तुरंत इसकी मरम्मती कराने का निर्देश दिया। विधायक अनूप सिंह ने अपनी निजी मद से सड़क का विशेष मरम्मति कार्य करवाया। मौके पर राजेश सिंह, आयुष माथुर आदि मौजूद थे।

## दीपक पासवान अध्यक्ष और शुभम यादव बने सचिव

**कतरास (आजाद सिपाही)।** जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के संयुक्त महामंत्री झरिया निवासी रागिनी सिंह के निर्देश पर गोविंदपुर एरिया-3 में शुक्रवार को जनता श्रमिक संघ के बैनर तले असंगठित मजदूरों के बीच चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से दीपक पासवान को अध्यक्ष, हीरालाल यादव को उपाध्यक्ष, शुभम यादव को सचिव, अभय पासवान संयुक्त सचिव, वाल्मीकि यादव सहायक सचिव, चंदन कुमार दास संगठन सचिव और दीपक कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान बैठक में दर्जनों मजदूर उपस्थित थे। सभी ने उन्हें बधाई दी।

## बारबेंदिया पुल निर्माण को कैबिनेट से मिली स्वीकृति

## विधायक अपर्णा ने समर्थकों के साथ मनाया जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** बारबेंदिया पुल निर्माण को केबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद शुक्रवार को निरसा विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने स्थानीय ग्रामीण एवं समर्थकों के साथ ढोल नगाड़े के साथ बारबेंदिया पुल पहुंच कर खुशी मनाई। सभी को मिठाई खिलाया। निरसा विधायक ने कहा कि आखिरकार उनकी मेहनत रंग लायी। लागतार सदन में बहुप्रतीक्षित बारबेदिया पुल को लेकर आवाज बुलंद करती रही। अंततः मुख्यमंत्री को कोयलांचल और संस्थाल को जोड़ने वाले बारबेदिया पुल की सौगात निरसा की



जनता को देना पड़ा। उन्होंने कहा कि आज निरसा की जनता काफी खुश हैं और जल्द ही रेफरल अस्पताल को चालू करवाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने कहा कि श्रेय लेने की होड़ मची हुई है। पर इस पुल का असली श्रेय निरसा की जनता को जाता है, जिनके विश्वास ने मुझे आत्मबल दिया। आगे भी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरूंगी। मौके पर गौतम सेनगुप्ता, आकाश सेनगुप्ता, नयन तिवारी, पिंटू रवानी, नेपाल मंडल, बादल बाउरी, रमेश पांडे आदि मौजूद थे।

## राजभाषा पखवाड़ा का हुआ समापन

**कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल कतरास क्षेत्र में शुक्रवार को राजभाषा पखवाड़ा का समापन हुआ। जिसकी अध्यक्षता महाप्रबंधक एस एम दूत ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर अवर महाप्रबंधक सत्येंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक वित्त विनोद कुमार, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक रामानुज प्रसाद, उदय पंडित, प्रबंधक कार्मिक राजभाषा राणा एसके सिंह, सौरभ कुमार सिंह, शाहीद अनवर, शैलेश सिंह तिवारी, सुहानी सागर आदि उपस्थित थे।**

## चिरकुंडा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा थाना में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसका संचालन मानिकलाल गोराई ने किया। बैठक में एग्यारकुड बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार, सीओ कृष्णा मरांडी, कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान, चिरकुंडा नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित चिरकुंडा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह, शांति समिति सदस्यों उपस्थित थे। बीडीओ ने अफवाहों पर बिना ध्यान दिये शांति और सौहार्द से त्योहार मनाने की अपील की। संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखने की बात कही। वहीं, वक्ताओं द्वारा चिरकुंडा नगर परिषद अंतर्गत पानी बिजली की समस्या के साथ-साथ सफाई की लचर व्यवस्था का विरोध किया गया। साथ ही त्योहार से पहले सभी लाइटों को दुरुस्त करने की मांग की गई। मौके पर वरूण डे, जयप्रकाश सिंह, निरंजन अग्रवाल, सुनीता सिंह, बापी सेन गुप्ता, महावीर ,मूरली तुरी, बिटु मिश्रा, दशरथ साव, अजय सिंह,काजल चक्रवर्ती, सिराज खान आदि उपस्थित थे।

झरिया पहुंची शौर्य रथ यात्रा का मेन रोड में हुआ भव्य स्वागत, जगह-जगह बरसाये गये फूल

# श्रीराम मंदिर निर्माण देश के हर एक हिंदू का सपना था, जिसे प्रधानमंत्री ने पूरा किया: रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) व बजरंग दल की ओर से निकाली गई शौर्य रथ यात्रा शुक्रवार को सिंदरी से शुरू हुई। पाथरडीह स्थित भारत माता मंदिर में महाआरती के बाद लोकों बाजार, मोहन बाजार, डिगवाडीह राम मंदिर होते हुए फुसबंगला स्थित शिव मंदिर पहुचा जहां राम भक्तों ने शौर्य जागरण रथ का भव्य स्वागत किया। इसके बाद रथ आगे बढ़ते हुए बनियाहिर स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचा। वहां महाआरती के बाद झरिया मेन रोड पहुंचा जहां झारखंड प्रदेश विप्र सेना ने उसका भव्य स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा किया। मेन रोड में सभा भी हुई। जिसमें साध्वी लाडली सरण भी शामिल हुईं। इसके अलावा भाजपा नेत्री रागनी सिंह, विहिप के रतनलाल अग्रवाल मंच पर मौजूद रहे। विप्र सेना, विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने



सभामंच पर उपस्थित रागिनी सिंह, साध्वी लाडली शरण व अन्य।

अतिथियों को तलवार भेंट कर अभिनंदन किया। साध्वी लाडली सरण ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने जो वादा किया था कि 2024 तक हर एक को अपना घर मिलेगा। लेकिन किसी को क्या पता था कि उसमें से एक घर प्रभु श्री राम जी का भी होगा। जनवरी 2024 में अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर का भव्य उद्घाटन होगा जिसको लेकर हम सभी उत्साहित है। साध्वी लाडली सरण ने देश की महिलाओं को मजबूत और आत्मरक्षा के लिए तैयार रहने को कहा। वहीं, रागनी सिंह ने बताया की श्री राम मंदिर का निर्माण देश के हर एक हिंदुओ का सपना था जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरा कर दिया। इस मौके पर विप्र सेना झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री विष्णु त्रिपाठी, हरीश जोशी, गंगा शरण शर्मा, विजय शर्मा, अरिंदम बनर्जी, सत्येंद्र पाण्डे, दयानंद शर्मा, मयूरी ओझा, विश्व हिंदू परिषद के विवेक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, कौशल वर्मा, गणेश गुप्ता, लल्लू झा, धर्मेंद्र सरोज, रंजीत पासवान, मंटू राम, चंदन केशरी आदि रहे।

## कतरास में शौर्य जागरण यात्रा का विधायक ढुल्लू महतो ने किया स्वागत



**कतरास (आजाद सिपाही)।** विहिप और बजरंग दल की ओर से शुक्रवार को निकाले गये शौर्य जागरण यात्रा का कतरास नदी किनारे स्थित सूर्य मंदिर में विधायक ढुल्लू महतो ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान गाजे बाजे के साथ बाइक जुलूस निकाली गई। शोभा यात्रा को लेकर कतरास पुलिस ने भी व्यापक तैयारी कर रखी थी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गुहीबांध मस्जिद के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। शोभा यात्रा में विहिप के प्रकाश राम गुप्ता, कमलेश सिंह, द्वारका तिवारी, सोनू सिंह, तापस दे, रंजीत रवानी, आनंद महतो, सोनू गिरी, आनंद खंडेलवाल, रामचरित्र राय, अनूप राय आदि शामिल थे। वहीं, कतरास बाजार में डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान, राजेंद्र क्लब, श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति जीएनएम एवं मंगला आरती समिति की ओर से शौर्य जागरण यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। मौके पर अशोक चौरसिया, विनोद रजक, शिवेश विश्वकर्मा, मुकेश भट्ट आदि मौजूद थे।


## कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा

(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

### आम सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रांतर्गत सभी मांस, मछली, मुर्गा विक्रेताओं/दुकानदारो को सूचित किया जाता है निकाय क्षेत्रांतर्गत सभी मांस, मछली, मुर्गा दुकानदार खुले में हीं रख–रखाव तथा विकी करते हैं तथा खुन, चमडी, मुंडी इत्यादि दुकान में बिखरा हुआ रहता है, जिसे दुकान में व्यवस्थित ढंग से रखा जाना है तथा निम्न निर्देशो का अनुपालन करना सुनिशिचित करेगें –

1. बकरा मांस, मछली, मुर्गा के मांस को ढक कर रखेगें।
2. बकरा मांस विक्रेता मांस को ग्लास फ्रेम में कपडे से ढक कर रखेगे। चाकु, वजन मापी तराजु जंग रहित तथा स्वच्छ रखेगें।
3. चौपिंग ब्लाक को दुकान बन्द करने के समय गर्म पानी से धोना सुनिश्चित करेगें तथा धोने के पश्चात नमक लगा कर रखेगें।
4. जमीन का फर्श तथा दिवाल सही तरीके से साफ–सफाई करना सुनिश्चित करेगें।
5. ग्राहको को बकरा मांस, मछली, मुर्गा मांस 125 माइक्रोन की स्वच्छ पॉलिथिन बैग में देना सुनिश्चित करेगें।

उक्त निर्देशो का अनुपालन नही करने वाले दोशी दुकानदारो के विरूद्ध झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत कार्रवाई की जायेगी।

ह0/– प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 308485 Urban Development (23-24)_D


## न्यायालय नीलाम पत्र पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा।

### आवश्यक सूचना

जिला परिवहन कार्यालय, कोडरमा में निबंधित निम्न वाहनों के वाहन मालिकों द्वारा पथ कर का भुगतान नही किया जा रहा है। पथ कर भुगतान किये बिना वाहनों का परिचालन कानूनन अपराध है। अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने नाम के सामने अंकित बकाया पथ कर राशि एवं अद्यतन राशि का भुगतान अविलंब ई–पैंमेट की माध्यम से सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर करते हुये पथकर की एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें एवं कारणपृच्छा प्रस्तुत करें,अन्यथा वसूली हेतु नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

| S No | REG NO | CLASS | Name & Address | Principal Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BR47G0063 | HGV | KAMLESH CHOUDHARY AT- PATIYA KHANDACHOUBE,DIST - SASARAM ROHTAS,BIHAR,Kodarma,Jharkhand | 82688 |
| 2 | BR47G0621 | HGV | MRS MANJU RAY AT-JHUMRI TELAIYA,KODERMA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 83231 |
| 3 | BR47G0919 | LGV | SHANKAR PD. KESARI, KARIYATPUR, HAZARIBAG,HAZARIBAG,JHARKHAND,Kodarma, Jharkhand | 16800 |
| 4 | BR47G3100 | HGV | KARU SAW, AT-BORO PO-PACHAMBA,PS/DIST-GIRIDIH,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 87011 |
| 5 | CG04J0657 | HGV | TARKESHWAR MISHRA, 22/G, AT KHAIRAMAPUR,VILL GHOGHIYA ANCHAL MASHARAK,DIST SARAN BIHAR,Kodarma,Jharkhand | 144209 |
| 6 | HR38J6335 | HGV | LAKHAN PRASAD, AT-JHUMRI TELAIYA, DIST KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 101198 |
| 7 | HR47C7340 | HGV | R. KUMAR, AT-RAMPUR PS-CHOUPARAN,DIST-HAZARIBAG,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 96971 |
| 8 | HR578178 | HGV | BHAGIRATH BUDANIA, C/O RAJ KHAN HNO-152 WNO-17,BHADODIH,JHUMRITELAIYA M.NO-9812153084,Kodarma,825409 | 95000 |
| 9 | HR67A4126 | HGV | SATYAWAN, C/O MINHAJ ALI TIWARI BANGLAW, JALWABAD, KODERMA M.NO-8294976534,Kodarma,Jharkhand,825410 | 95000 |
| 10 | JH01G9105 | HGV | VIKASH PRASAD, JALWABAD, NAGARKHARA,KODERMA M.NO-9570213429,Kodarma,Jharkhand,825410 | 54400 |
| 11 | JH02A4530 | LGV | SMIT RUPAN DEVI, P.S. BAGODAR GIRIDIH,JHUMRI TELAIYA KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 28959 |
| 12 | JH02D7515 | HGV | RAJNISH KUMAR, DEVI MANDAP ROAD,JMT KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 65000 |
| 13 | JH05AK0608 | MGV | MOHIT CHOUDHARY, JUNKUNDER BHRAMSTAN,NIRSA CUM CHIRKUNDA, DHANBAD M.NO-9931676263,Dhanbad,Jharkhand,828202 | 55935 |
| 14 | JH09D1479 | HGV | SURAJ SINGH, COLDIHA MOHALI CHUWAN,GIRIDIH,GIRIDIH M.NO-7739377102,Giridih,Jharkhand,815301 | 90000 |
| 15 | JH12A0092 | HGV | MR ARJUN YADAV AND JOGESHWAR YADAV NEUROH NAWADIH,DOMCHANCH,KODERMA,Jharkhand | 65000 |
| 16 | JH12A0655 | LGV | PRAKASH RAVIDAS, AT-KARIYATPUR PO-BARSOT PS-BARHI,DIST-HAZARIBAG MNO-9631512552,JHARKHAND, | 28087 |
| 17 | JH12A1436 | HGV | NEELMANI KUMAR SINHA SURIYA PURVI STATION ROAD BARKI,SARAIYA DIST -GIRIDIH 8651713926,JHARKHAND,Giridih,Jharkhand | 47600 |
| 18 | JH12A2219 | HGV | MR DISHUN LAL MEHTA BIGHA,PHOLWRIYA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 78467 |
| 19 | JH12A4601 | HGV | MR PARSURAM CHOUHAN, BY PASS ROAD JHUMRITELAIYA,KODERMA,KODERMA,Jharkhand,825409 | 90000 |
| 20 | JH12A4701 | LGV | M/S MODI MICA ENRERPICESE, RANCHI PATANA ROAD,JHURMITELAYA,KODERMA,Jharkhand,825409 | |
| 21 | JH12A4702 | HGV | M/S SUNNY CANSTRUCTION, GANDHI SCHOOL ROAD,JHUMRI TELAIYA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 49400 |
| 22 | JH12A4827 | HGV | JITENDRA KUMAR JAIN VILL-MARWADI MOHALLA SADAR,DIST-CHATRA MNO-9431140388,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 44200 |
| 23 | JH12A4969 | HGV | MR MAHABIR PRASAD JHUMRITELAIYA,KODERMA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 44200 |
| 24 | JH12A5427 | HGV | JAGDISH YADAV, VILL-KHEDOVAR PO-PS-JAINAGAR,DIST-KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 64600 |
| 25 | JH12A5435 | HGV | UMASHANKAR MANDAL, H.NO. 79 VILL GAPPAIE,PO BADDIHA DIST GIRIDIH,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 134956 |
| 26 | JH12A6186 | HGV | SANDEEP KUMAR SINGH AT BASANI MOHAN DADBA,DIST KAIMUR,BIHAR,Kodarma,Jharkhand | 127808 |
| 27 | JH12A6465 | HGV | M/S SARVAYA LOGI & CONS PVT LTD AJAY KUMAR YADAV S/0 RAMCHANDRA,YADAV KANDRAPADIH HIRODIH9973520231,PS JAINAGAR KHEROBAR DIST KODERMA,Kodarma,Jharkhand,825409 | 51000 |
| 28 | JH12A6606 | HGV | AYODHYA SINGH, MURADABAD KHURD,MUFFASIL SASARAM,ROHTAS M.NO-7739629710,Rohtas,Jharkhand,821113 | 143167 |
| 29 | JH12A6711 | HGV | R.D.PD. MEHTA AND B.K. MEHTA, CHAMPADIH SURTPURA,HAZARIBAG,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 65015 |
| 30 | JH12A6744 | HGV | ABHIMANAU KUMAR SINGH NAWADA BASTI,JHUMRITELAIYA,KODERMA,Jharkhand | 75000 |
| 31 | JH12A6752 | HGV | JAI DURGA IRON PVT LTD I/C KRISHNA KUMAR AGRAWAL RANCHI,PATNA ROAD JHUMRITELAIYA,KODERMA JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand,825409 | 51000 |
| 32 | JH12A6807 | HGV | MR MANOJ YADAV OLD BUS STEND,JHUMRITELAIYA,KODERMA,Jharkhand | 87319 |
| 33 | JH12A6892 | HGV | AQBAL AHMAD, JALWABAD, KODERMA,KODERMA M.NO-9708959709,Kodarma,Jharkhand,825410 | 57800 |
| 34 | JH12A7256 | HGV | RAMESH YADAV, WNO-04 AT/PO-KARMA PS-JHUMRITELAIYA,DIST-KODERMA MNO-9973420957,JHARKHAND,Kodarma,825409 | 70000 |
| 35 | JH12A7407 | HGV | RAJESH SINGH, VIDYA NAGAR COLONY,AT/PO NIRSHA,DIST DHANBAD JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 102214 |
| 36 | JH12A7547 | HGV | KANCHAN KUMAR AT/PO-DOHADA PS-NARDIGANJ,DIST-NAWADA,BIHAR,,Jharkhand | 91726 |
| 37 | JH12A7555 | HGV | MAHESH RAM, VILL TELAIYA BASTI WARD NO. 10,PO/PS JHUMRITELAIYA,DIST KODERMA JHARKHAND,Kodarma | 75000 |
| 38 | JH12A7650 | LGV | M/S M.M. ROLLER,ENTERPRISES C/O ASRAR KHAN,KATHADIH PO-HIRODIH PS-JAI NAGAR,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 33363 |
| 39 | JH12A7792 | HGV | KAILASH YADAV CHAINPUR,DOMCHANCH,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 81200 |
| 40 | JH12A8229 | HGV | G MODI & M K PANCH, KODERMA GIRIDIH BY PASS ROAD,KODERMA,KODERMA,Kodarma,Jharkhand | 73352 |
| 41 | JH12A8665 | HGV | KRISHNA MEHTA, NAWADIH,BEHRADIH,DOMCHANCH M.NO-9939325989,Kodarma,Jharkhand,825407 | 103154 |
| 42 | JH12A8684 | HGV | AMIN ANSARI, VILL-PARBAHAL PO-GAMHARIYA CHANDAN,KIYARI DIST-BOKARO 7602332597,JHARKHAND,Bokaro,Jharkhand | 83086 |
| 43 | JH12A8800 | LGV | SURESH PRASAD GOUSHALA ROAD,JH TELAIYA,KODERMA,Jharkhand | 22400 |
| 44 | JH12A8802 | HGV | MADAN MOHAN MEHTA MASNODIH,DOMCHANCH,KODERMA | 79703 |
| 45 | JH12A9009 | HGV | MS GOLDEN ROAD LINES, I/C VIKASH KUMAR,FLAT NO 508 KALI TOWER LALPUR,RANCHI M.NO-7857914751,Ranchi,834001 | 101348 |
| 46 | JH12A9101 | LGV | BHUPESH KUMAR, AT-JHUMRI TELAIYA,DIST-KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand,999999 | 15600 |
| 47 | JH12A9111 | HGV | RANJAN KUMAR, PANCHU MASJID GALI HISUA,DIST-NAWADA MNO-9934482161,BIHAR,,Jharkhand | 103992 |
| 48 | JH12A9282 | HGV | MR. ASHOK CHAKRAVARTI, AT +P.O DOMCHANCH,DIST KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 119576 |
| 49 | JH12A9354 | HGV | DEEPAK KUMAR SHARMA, HNO-83A AT/PO-KULGO,DIST-GIRIDIH MNO-9931311460,JHARKHAND,Giridih | 69600 |
| 50 | JH12A9602 | HGV | SERAJ ANWAR, VILL-MAHUA TOLA PO-MUSADPUR,PS-BIHARSHARIF DIST-NALANDA,BIHAR,Kodarma,Jharkhand | 75000 |
| 51 | JH12A9604 | HGV | MR KANCHAN KUMAR JHUMRITELAIYA,KODERMA,KODERMA,Jharkhand | 87719 |
| 52 | JH12A9613 | HGV | MANOJ KUMAR SINGH, NEAR GAYATRI MANDIR,PO/PS JHUMRITELAIYA,DIST KODERMA JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 70000 |
| 53 | JH12A9798 | LGV | MD TASALIM, BANDIYO,BIRANI,CHANDRAPURA M.NO-9955549566,Bokaro,Jharkhand,829132 | |
| 54 | JH12A9866 | HGV | SHAMBHU RAY DHAMNIYA,MADUPUR JAMUI,JHARKHAND,Kodarma | 82385 |
| 55 | JH12A9874 | LGV | VIJAY PRAJAPATI, LUPUNG,KATKAMSANDI,HAZARIBAG M.NO-8986703009,Hazaribagh,Jharkhand,825319 | |
| 56 | JH12A9891 | HGV | KHEMLAL PANDIT/DILIP PANDIT MADANGUNDI BARHI,DIST-HAZARIBAG,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand | 90000 |
| 57 | JH12A9908 | HGV | RAM PRASAD YADAV, 56, VILL NERPUR PS.NO. 64,PO DOMCHANCH DIST KODERMA,JHARKHAND,Kodarma,Jharkhand,825418 | 136899 |
| 58 | JH12A9925 | HGV | SMT. KUSUM DEVI AT LOKAI PO INDARWA,DIST KODERMA,JHARKHAND | 120477 |
| 59 | JH12A9998 | HGV | PRAVEEN KUAMR AT- LOKAI,DIST- KODERMA,JHARKHAND | 54400 |

उपरोक्त स्तम्भ 05 में अंकित राशि के साथ अद्यतन विलंब शुल्क भी देय होगा।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 308487 (Transport) 23-24 (D)

## 5 सूत्री मांगों को लेकर रेलवे के सफाई कर्मचारियों ने धरना देकर किया प्रदर्शन




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन के सफाई कर्मचारियों ने 5 सूत्री मांग को लेकर भुवनेश्वर पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इन कर्मचारी ने महीने में 26 दिन की जगह 13 दिन काम लेने का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि काम न करने वाले कर्मचारियों के नाम पर पीएफ और इएसआइ लेने की जांच की मांग की। 15 दिनों के अंदर मांगें पूरी नहीं होने पर सफाईकर्मियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में वे अनिश्चितकाल के लिए काम बंद कर देंगे।

## सीयूओ में 'दो प्रतिस्पर्धियों की व्यावसायिक जोखिमों का पता लगाना : एक सांख्यिकीय दृष्टिकोण' पर सेमिनार व्याख्यान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** 'दो प्रतिस्पर्धियों के व्यावसायिक जोखिमों का पता लगानाः एक सांख्यिकीय दृष्टिकोण' पर एक सेमिनार व्याख्यान शुक्रवार को ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी ने सेमिनार का उद्घाटन किया और सीयूओ के सलाहकार (प्रशासन) प्रो वीसी झा ने अतिथि वक्ता के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ायी और विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में भारत और विदेशों में छात्रों और भविष्य के करियर के लिए सांख्यिकी के महत्व के बारे में अपने बहुमूल्य विचार साझा किये। सांख्यिकीय ज्ञान और सांख्यिकी पढ़ना सभी की आदत है। अर्थशास्त्र के सहायक प्रो विश्वजीत और सांख्यिकी विभाग के प्रमुख (प्रभारी) भोई ने स्वागत भाषण दिया। विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग ने सेमिनार का आयोजन किया।

प्रो एसबी बागची, विजिटिंग प्रोफेसर, सांख्यिकी विभाग, सीयूओ को मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था और उन्होंने दो प्रतिस्पर्धियों के बीच व्यावसायिक जोखिम के बारे में बात की और एक परिकल्पना परीक्षण और ची जैसे अन्य वैकल्पिक परीक्षण को लागू करके इसे सांख्यिकीय तरीके/दृष्टिकोण से कैसे हल किया जाये। वर्ग परीक्षण, सेमिनार व्याख्यान में रन टेस्ट, मैन व्हिटनी-यू टेस्ट और पैरामीट्रिक टेस्ट जैसे विभिन्न गैर-पैरामीट्रिक परीक्षणों पर चर्चा की गयी। उनका विचार-विमर्श छात्रों, कर्मचारियों और शोध विद्वानों के लिए जानकारीपूर्ण और उपयोगी था।

इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ कल्याणी सुनानी, डॉ बिद्याधर बिशी और विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य और डॉ फगुनाथ भोई, पीआरओ व्यवसाय प्रबंधन, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र और गणित जैसे विभिन्न विभागों के संकाय, अनुसंधान विद्वानों और छात्रों के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम की एंकरिंग मिस प्रमोदिनी ने की सत्पथी और छात्र सांख्यिकी विभाग। सांख्यिकी विभाग के संकाय डॉ सुमन दाश ने सेमिनार व्याख्यान में उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

## ओड़िशा में स्क्रब टाइफस ने बढ़ायी चिंता 2000 से ज्यादा लोग हो चुके हैं संक्रमित



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जन स्वास्थ्य निदेशक निरंजन मिश्र ने राज्य में स्क्रब टाइफस के प्रकोप पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अब तक 2000 से अधिक लोग स्क्रब टाइफस से संक्रमित हो चुके हैं। 20000 से अधिक परीक्षण किये गये हैं। केंद्रीय दल ओड़िशा के दौरे पर है और उसने 4 जिलों का दौरा किया है। उन्होंने ओड़िशा सरकार द्वारा उठाये गये कदमों पर संतोष व्यक्त किया। स्क्रब टाइफस के कारण बुखार होता है और कीड़े के काटने की जगह पर घाव हो जाते हैं, जन स्वास्थ्य निदेशक ने कहा है कि यह तय किया गया है कि स्क्रब टाइफस के रोगियों को कौन सी दवा दी जायेगी।

## खोरधा रोड मंडल में सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खोरधा रोड।** पूर्व तट रेलवे के सतर्कता विभाग ने 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मनाये जाने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत अधिकारी विश्राम गृह, खोरधा रोड में एक सतर्कता संगोष्ठी का आयोजन किया। इसका उद्देश्य अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्कता मामलों से निपटने के लिए विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक करना है। शुभ्रज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक, खोरधा रोड ने मंडल के विभिन्न विभागों के सभी शाखा अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संगोष्ठी में भाग लिया।

पूर्व तट रेलवे के उप मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रीतिराज पाणिग्राही ने मंडल में सतर्कता मामलों से निपटने के दौरान पालन की जाने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने शिकायत निवारण तंत्र के बारे में बताया और सतर्कता मामलों में आगे बढ़ने से पहले और बाद में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इसके बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बोलते हुए शुभ्रज्योति मंडल ने कहा कि सभी को जिम्मेदार होना चाहिए और सतर्कता मामलों से निपटने के दौरान प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करना चाहिए। संगोष्ठी में समीर महापात्र, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (सिगनल एवं दूरसंचार) और ए रामा राव, सहायक सतर्कता अधिकारी, पूर्व तट रेलवे ने भी भाग लिया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## सोआ मैनेजमेंट छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के मैनेजमेंट साइंसेज फैकल्टी ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च ऑफ बिजनेस एंड कंप्यूटर स्टडीज में नामांकित नये छात्रों के लिए बुधवार को एक इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद शामिल हुए और मैनेजमेंट स्नातकों के क्षेत्र में आगे के अवसरों और चुनौतियों के बारे में बात की। आइबीसीएस के डीन प्रो अनूप कुमार सामंतराय ने छात्रों को अच्छा इंसान बनने की सलाह दी। एक्सिस बैंक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं इस्टर्न लायबिलिटी सेल के क्षेत्रीय प्रमुख कीर्ति सी साहू, जवस्का टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष और ओड़िशा स्टेट काउंसिल ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जेबी पाणी, एसार मिनमेट लिमिटेड के सीइओ और प्रबंध निदेशक और ओड़िशा स्टेट काउंसिल ऑफ इंडियन इंडस्ट्री कॉन्फेडरेशन के अध्यक्ष शशि एस महांति, सोआ छात्र मंगल के डीन प्रो ज्योति रंजन दास और एमबीए प्रोग्राम अकादमिक समन्वयक प्रो दुर्योधन जेना ने भी वक्तव्य रखे।


## वेदांता एल्यूमीनियम ने पावर और ट्रांसमिशन उद्योग के लिए उन्नत वायर रॉड लांच किये




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भारत में सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम ने उन्नत वायर रॉड्स की एक नयी श्रृंखला अर्थात टी4, एएल59 और 8xxx श्रृंखला का अनावरण किया है, जो वैश्विक बिजली और ट्रांसमिशन क्षेत्र के लिए उत्पाद पेशकश में उत्कृष्टता का एक नया प्रतिमान स्थापित करता है। कंपनी ने नयी दिल्ली में चल रहे केबल एंड वायर फेयर 2023 के उद्घाटन दिवस पर नये उत्पाद लॉन्च किये। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए वेदांत एल्युमीनियम के सीइओ जॉन स्लेवेन ने कहा कि इलेक्ट्रिकल्स उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चे माल के रूप में, एल्युमीनियम विश्वसनीय और स्वच्छ ऊर्जा तक वैश्विक पहुंच को सक्षम करने, एक स्थायी भविष्य में संक्रमण को तेज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वेदांत एल्युमीनियम में हम उद्योग की उभरती जरूरतों के अनुरूप अपनी पेशकशों को लगातार बढ़ाते रहते हैं। बिजली और ट्रांसमिशन उद्योग के लिए विश्वसनीय साझेदार के रूप में अपने संबंधों को और मजबूत करते हुए, अब हम मिश्र धातु छड़ों की टी4, एएल59 और 8xxx श्रृंखला की पेशकश करते हुए प्रसन्न हैं।







































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**